2 फरीदाबाद
टूटी सड़क और पेयजल संकट से जूझ रहे हैं सैनिक कालोनी निवासी

6 अभिमत
हर तरह के आतंकवाद से मुकाबला

9 देश/विदेश
ज्यादा दिन नहीं चलती डायलिसिस वाली सरकार : केंद्रीय मंत्री नकवी


12 स्पोर्ट्स
शानदार गेंदबाजी से महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को हराया

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 137
फरीदाबाद, शुक्रवार, 24 जून, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



प्राइमर लगाते समय भूल से भी न करें यह गलतियां

पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,265 | ▲ 443 | |
| निफ्टी | 15,556 | ▲ 143 | |
| सोना | 50,719 | ▼ 133 | /10 gm |
| चांदी | 59,781 | ▼ 664 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 39.00°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### दिनकर गुप्ता एनआईए के प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी दिनकर गुप्ता को बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। गुप्ता 1987 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 31 मार्च, 2024, यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक एनआईए के महानिदेशक के रूप में गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

### तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के सामने दो इनामी नक्सली समेत तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अधिकारियों के सामने हांदावाड़ा मिलिशिया के कमांडर रमेश कुमार कश्यप और हांदावाड़ा पंचायत जनताना सरकार के सदस्य बैसू मंडावी ने तथा जिले में चल रहे लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर मलांगेर एरिया कमेटी के मिलिशिया सदस्य देवा राम मंडावी ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली रमेश पर एक लाख रुपये तथा देवा पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

### दिल्ली में पांच महीने तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सर्दियों के मौसम में प्रदूषण को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब एक अक्टूबर से 28 फरवरी 2023 तक दिल्ली में भारी वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। जारी आदेश के तहत ऐसे वाहनों को दिल्ली की सीमा में प्रवेश से वंचित रखा जाएगा। हल्के वाहन ही दिल्ली की सीमा में प्रवेश कर सकेंगे। सरकार ने यह कदम सर्दियों के मौसम में प्रदूषण बढ़ने की आशंका को देखते हुए उठाया है।

### यशवंत सिन्हा सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार नहीं : माकपा सांसद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से माकपा के एकमात्र सांसद विकास रंजन भट्टाचार्य ने बृहस्पतिवार को कहा कि यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार नहीं हैं, हालांकि, विपक्षी एकता के लिए इसे स्वीकार करना होगा। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस में रह चुके सिन्हा की उम्मीदवारी पर आपत्ति जताते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि कोई और उम्मीदवार चुना जा सकता था, जो ज्यादा स्वीकार्य होता। उन्होंने कहा, मैं उम्मीदवार के चयन से नाखुश हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि इसका यह मतलब नहीं है कि राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का फैसला गलत था। सिन्हा को अपना उम्मीदवार बनाने के लिए कांग्रेस, टीएमसी और वाम दलों सहित कई विपक्षी दल एक साथ आए हैं।

# किर्गिस्तान में हरियाणा की बेटियों ने जीते सात पदक

## भारत ने अपने नाम किए दस पदक, छह हरियाणा के

**अंडर-17 एशियाई चैंपियनशिप**

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किर्गिस्तान के बिश्केक में हाल ही में आयोजित अंडर-17 एशियाई चैंपियनशिप में राज्य की बेटियों द्वारा दिखाए गए जौहर के लिए उन्हें बधाई दी है। इस प्रतियोगिता में भारत द्वारा जीते गए कुल 10 पदकों में से हरियाणा ने सात पदक जीते हैं, जिनमें छह स्वर्ण और एक कांस्य पदक शामिल हैं।



इस चैंपियनशिप में राज्य से कुल सात बेटियों ने भाग लिया और प्रत्येक ने पदक जीता है।

मुख्यमंत्री ने देश और राज्य को गौरवान्वित करने के लिए खिलाड़ियों, उनके परिवारों, शिक्षकों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

### हरियाणा बना भारत की पदक फैक्ट्री : मनोहर लाल

**मनोहर** लाल ने कहा कि भारत द्वारा जीते गए कुल 10 पदकों में से छह स्वर्ण और एक कांस्य सहित सात पदक जीतकर हमारी बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हरियाणा को भारत की पदक फैक्ट्री के रूप में क्यों जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने आठ स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य से कुल 235 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। जापान 143 अंकों के साथ उपविजेता रहा और 138 अंकों के साथ मंगोलिया तीसरे स्थान पर रहा।

# कांग्रेस वर्किंग कमेटी में शामिल हुईं कुमारी सैलजा



**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा को अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उन्हें वर्किंग कमेटी में शामिल कर लिया है।

कुमारी सैलजा दो साल सात माह हरियाणा कांग्रेस की अध्यक्ष रही हैं। वह चार अक्टूबर 2019 को प्रदेशाध्यक्ष बनी थीं। उनसे पहले डॉ. अशोक तंवर के हाथों में कांग्रेस की कमान थी। अशोक तंवर की तरह कुमारी सैलजा को भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट के दबाव के चलते अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ गया था। इस्तीफे के बाद सैलजा हरियाणा कांग्रेस की सक्रिय राजनीति से दूर चल रही थीं। अब हाईकमान ने उन्हें वर्किंग कमेटी में शामिल कर लिया है। इस संबंध में केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी किया है।

# ब्रिक्स देशों का आपसी सहयोग उपयोगी योगदान दे सकता है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स देशों के 14वें शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) का नजरिया काफी समान है, इसलिए सभी के बीच आपसी सहयोग कोविड-19 के नुकसान से उबरने में उपयोगी योगदान दे सकता है।

ब्रिक्स देशों के 14वें शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि हालांकि वैश्विक स्तर पर महामारी का प्रकोप पहले की तुलना में कम हुआ है, लेकिन इसके अनेक दुष्प्रभाव अब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में हम ब्रिक्स सदस्य देशों का नजरिया काफी समान रहा है और इसलिए हमारा आपसी सहयोग पोस्ट कोविड रिकवरी में उपयोगी योगदान दे सकता है। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स में कई संस्थागत सुधार हुए हैं, जिनसे इस संगठन की प्रभावशीलता बढ़ी है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि न्यू डेवलपमेंट बैंक की सदस्यता में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां हमारे आपसी सहयोग से हमारे नागरिकों के जीवन को सीधा लाभ मिल रहा है।

ब्रिक्स युवा सम्मेलन, ब्रिक्स खेल और हमारे सिविल सोसायटी संगठनों और थिंक टैंक के बीच संपर्क बढ़ाकर हमने अपने लोगों के बीच संपर्क भी मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि आज की चर्चा से ब्रिक्स देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के कई सुझाव सामने आएंगे।





### ब्रिक्स को अनूठा अंतरराष्ट्रीय संगठन बताया

**प्रधानमंत्री** ने कोविड टीकों को लेकर शोध एवं विकास केंद्र की स्थापना, सीमा शुल्क विभागों के बीच समन्वय, साझा सेटेलाइट कंसल्टेशन की व्यवस्था और फार्मा उत्पादों का पारंपरिक नियमितीकरण जैसे कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इस तरह के व्यवहारिक कदम ब्रिक्स को एक अनूठा अंतरराष्ट्रीय संगठन बनाते हैं, जिसका फोकस सिर्फ बातचीत तक सीमित नहीं है।

BRICS 2022 CHINA

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन भी हुए शामिल

**चीन** इस साल ब्रिक्स सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। इस शिखर सम्मेलन का विषय उच्च गुणवत्ता वाली ब्रिक्स साझेदारी को बढ़ावा देना, वैश्विक विकास के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

# ईडी केंद्र सरकार के निर्देशों की संस्था बन गया : कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली

## कहा, ईडी का उद्देश्य राहुल गांधी से पूछताछ कर उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करना



**कांग्रेस** ने बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय पर केंद्र सरकार के प्रवर्तन निर्देशों की संस्था बन जाने का आरोप लगाया और सवाल किया कि उन आरोपों पर अडाणी समूह से पूछताछ कब होगी, जिनमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने श्रीलंका में एक परियोजना के संदर्भ में इस समूह की कथित तौर पर पैरवी की थी। मुख्य विपक्षी दल का यह आरोप मीडिया के एक हिस्से में आई खबरों पर आधारित है। इस आरोप को श्रीलंका की सरकार और अडाणी समूह दोनों ने खारिज किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी से ईडी ने पिछले कई दिनों में कई बार पूछताछ की है। यह सिर्फ उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश और राजनीतिक नाटक था। उन्होंने उन खबरों का हवाला दिया, जिनमें दावा किया गया था कि श्रीलंका की सरकारी कंपनी सेलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के प्रमुख ने वहां की एक संसदीय समिति के समक्ष कहा था कि भारत के प्रधानमंत्री ने एक परियोजना को हासिल करने के लिए श्रीलंकाई राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे पर कथित तौर पर दबाव डाला था। वल्लभ ने सवाल किया, इस मामले में पूछताछ क्यों नहीं हुई? ईडी और दूसरी एजेंसियों क्यों सोई हुई हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय अब मोदी सरकर के प्रवर्तन निर्देशों की संस्था बन गया है।

श्रीलंका से जुड़े विवाद के प्रकाश में आने के बाद अडाणी समूह ने एक बयान में आरोपों को खारिज करते हुए कहा था, श्रीलंका में निवेश करने का हमारा इरादा पड़ोसी की जरूरतों का निदान करने से जुड़ा है, ध्यान भटकाने के लिए जो हुआ है, उससे हम निराश हैं। सच्चाई यह है कि श्रीलंका सरकार द्वारा इस मामले का निवारण कर दिया गया। श्रीलंका के राष्ट्रपति राजपक्षे ने आरोपों को सिरे से खारिज किया था।

### दूल्हे ने की फायरिंग फौजी दोस्त की मौत

**सोनभद्र।** यूपी के सोनभद्र में अपनी शादी की खुशी में दूल्हा हर्ष फायरिंग कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रिगर दबने से चली गोली पास खड़े फौजी दोस्त के सीधे माथे पर लगी। फौजी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद साथ आए लोग शव छोड़कर फरार हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने अपनी मौजूदगी में शादी कराई। शादी खत्म होते ही पुलिस ने आरोपी दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया। दुल्हन बिना दूल्हे के ससुराल गई है। घटना में मारे गए फौजी के पिता दयाराम ने बताया कि बेटा बाबूलाल सेना में हवलदार था। उसकी तैनाती लेह में थी। वह छुट्टी पर घर आया था।

## विन मनी ऐप से टेरर फंडिंग का शक

# चीन-दुबई से खाते में 300 करोड़ की ट्रांजेक्शन

### पुलिस ने इस गैंग के तीन लोगों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। हिसार



**हिसार** पुलिस ने चीन और दुबई से ऑपरेट किए जा रहे एक गिरोह का खुलासा किया है। इस गैंग ने जनवरी 2022 से जून 2022 के बीच एक अकाउंट से 300 करोड़ रुपये की ट्रांजेक्शन की है। पुलिस ने गैंग के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक को जयपुर और दो को गुजरात से पकड़ा गया। इन तीनों की गिरफ्तारी होते ही गिरोह से जुड़े कुछ लोग दुबई चले गए। पुलिस को अपनी जांच में गैंग के तार टेरर फंडिग से भी जुड़े होने के संकेत मिले हैं।

पुलिस जांच में पश्चिम बंगाल में रहने वाले एक ही समाज के लोगों के कुछ खाते सामने आए हैं। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, यह पूरा खेल विन मनी ऐप के जरिये खेला गया। गैंग के लोगों ने एक बार में कम से कम 35 लाख और अधिकतम 50 लाख रुपये तक की रकम ट्रांसफर की। इस पूरे मामले में बैंकों की मिलीभगत का अंदेशा है क्योंकि एक बार में इतनी बड़ी ट्रांजेक्शन और एक बैंक अकाउंट से 300 करोड़ रुपये का लेन-देन होने के बावजूद बैंकों ने इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी जबकि सामान्यत: इस तरह के संदिग्ध ट्रांजेक्शन वाले अकाउंट बैंक मैनेजमेंट की नजरों में आ जाते हैं।

हिसार के एसपी लोकेंद्र सिंह के अनुसार, बैंकों की भूमिका इसलिए भी संदिग्ध लग रही है, क्योंकि 300 करोड़ रुपये की ट्रांजेक्शन होने के बावजूद बैंक मैनेजमेंट की ओर से संबंधित खाते की जानकारी इनकम टैक्स महकमे से शेयर नहीं की गई।

केस में हिसार के शिकायतकर्ता चंद्रमोहन की ओर से विन मनी ऐप में लगाए गए पैसे महाराष्ट्र स्थित एक बैंक के अकाउंट में गए।

### मध्यप्रदेश : बस हादसे में पांच लोगों की मौत, 25 घायल

**महू (मप्र)।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में महू के पास भेरूघाट में बृहस्पतिवार दोपहर एक बस के 50 फीट गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 25 अन्य लोग घायल हो गए।

सिमरोल पुलिस थाना प्रभारी आरएस भदोरिया ने बताया कि यह घटना भेरूघाट में उस वक्त हुई जब बस चालक एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस लगभग 50 फुट गहरी खाई में गिर गई। उन्होंने कहा कि हादसे के बारे में राहगीरों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया।

# हरिद्वार जाते समय एमबीबीएस के तीन छात्र कार में जिंदा जले

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



**सोनीपत** में हुए एक दर्दनाक हादसे में कार सवार एमबीबीएस के तीन छात्र जिंदा जल गए। इनके तीन अन्य साथी बुरी तरह से झुलसे हैं, जिनको पीजीआई रोहतक ले जाया गया है। हादसा आई-20 कार के रोड पर लगे पत्थर की बैरिकेड से टकराने से हुआ। कार सवार स्टूडेंट्स रोहतक से हरिद्वार जा रहे थे। तीनों मृतक छात्रों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल में रखा गया है।

बताया गया है कि नारनौल निवासी पुलकित व नरबीर, रेवाड़ी निवासी संदेश, सेक्टर-57 गुरुग्राम निवासी रोहित, रोहतक के गांव खिड़वानी निवासी अंकित, कलानौर निवासी सोमबीर रोहतक पीजीआई में एमबीबीएस कर रहे हैं। ये गुरुवार सुबह आई-20 कार में सवार होकर रोहतक से हरिद्वार के लिए निकले थे। नेशनल हाईवे 334बी जो कि झज्जर से मेरठ जाता है, से वे सोनीपत पहुंचे। इस बीच उनकी कार बहालगढ़ फ्लाई ओवर के पास पहुंची तो कार ड्राइवर सड़क पर लगे पत्थर के बैरिकेड को देख नहीं पाया। उनकी कार तेज रफ्तार में इससे टकरा गई। बैरिकेड से टकराने के बाद कार में आग लग गई। छात्र बाहर नहीं निकल पाए। रात को रोड पर आवागमन कम होने की वजह से कार में फंसे छात्रों को तुरंत मदद नहीं मिल पाई।

तब तक कार में आग भड़क गई। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों में सवार लोगों ने बचाव का काम शुरू किया। तब तक तीन छात्रों पुलकित, संदेश और रोहित की की जलने से मौत हो चुकी थी। इसमें तीन अन्य अंकित, सोमबीर व नरबीर को लोगों ने बाहर निकाला तो वे बुरी तरह से झुलसे थे और घायल थे। घायलों को रात को पीजीआई रोहतक भर्ती कराया।

# मूसेवाला हत्याकांड में फतेहाबाद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। फतेहाबाद

### दिल्ली क्राइम ब्रांच ने होटल मालिक और उसके दोस्त को पकड़ा

**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में दिल्ली पुलिस ने हरियाणा के फतेहाबाद में छापा मार कर होटल मालिक समेत दो युवकों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि मूसेवाला की हत्या के बाद शूटर इनके होटल में रुके थे। हत्या में प्रयुक्त हथियारों को भी इनके हवाले किया गया था। फतेहाबाद एसपी ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने उनको किसी प्रकार की जानकारी साझा नहीं की है।

बताया गया है कि सिद्धू मूसेवाला के शूटरों की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली क्राइम ब्रांच ने हिसार के गांव किरमारा से दो युवकों को हिरासत में लिया था। इनके पास से ही वारदात में प्रयुक्त हथियार और हैंड ग्रेनेड आदि बरामद किए थे। इन युवकों से मिले इनपुट के आधार पर दिल्ली पुलिस ने फतेहाबाद में छापा मार कर दो युवकों प्रदीप और पवन को हिरासत में लिया है। इन पर हत्यारों को पनाह देने का आरोप है। मूसेवाला की हत्या में शामिल दो गैंगस्टर वारदात के बाद भट्टू रोड पर स्थित होटल में रुके थे। होटल प्रदीप का बताया जा रहा है। सामने आया है कि गैंगस्टर ने मूसेवाला की हत्या में प्रयुक्त हथियारों वाला बैग प्रदीप को सौंपा था। बाद में ये हथियार हिसार के गांव किरमारा से बरामद हुए।

# बागियों के लौटने पर शिवसेना एमवीए से अलग होने को तैयार : राउत

एजेंसी। मुंबई

### कहा कि बगावत करने वाले विधायकों के लिए पार्टी के खुले हैं दरवाजे

**पार्टी** के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे की बगावत से जूझ रही शिवसेना ने बृहस्पतिवार को अपने रुख में बड़े बदलाव का संकेत देते हुए कहा कि असम में डेरा डाले हुए बागी विधायक 24 घंटे के भीतर मुंबई लौटते हैं और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ अपनी शिकायतों पर चर्चा करते हैं पार्टी महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन को छोड़ने पर विचार करने के लिए तैयार है। पार्टी नेता संजय राउत ने यह जानकारी दी।

शिवसेना के रुख में इस बदलाव ने जहां कांग्रेस को चौंकाया है, वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने कहा कि वह चाहती है कि गठबंधन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करे। कांग्रेस और राकांपा एमवीए में गठबंधन सहयोगी हैं।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राउत ने बागियों से कहा कि बगावत करने वाले विधायकों के लिए पार्टी के दरवाजे खुले हैं और सभी मुद्दों को बातचीत से सुलझाया जा सकता है। तीन दिन पहले शिवसेना के कैबिनेट मंत्री एकनाथ शिंदे के विद्रोह से एमवीए सरकार में उत्पन्न राजनीतिक संकट के बीच, पार्टी के तीन और विधायक बागी खेमे में शामिल होने के लिए भाजपा शासित असम में गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए।



ठाकरे द्वारा अपनी पार्टी के बागी विधायकों से भावनात्मक अपील और उन्हें शांत करने के लिए इस्तीफा देने की पेशकश करने के एक दिन बाद, उनके भरोसेमंद सहयोगी राउत ने संकेत दिया कि शिवसेना अपने नेतृत्व वाले एमवीए को छोड़ने पर विचार करने के लिए तैयार है। शिंदे ने पार्टी के राकांपा और कांग्रेस से गठजोड़ तोड़ने की मांग करते हुए एमवीए को अप्राकृतिक गठबंधन करार दिया है।

शिंदे फिलहाल शिवसेना के 37 बागी विधायकों और नौ निर्दलीय विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं। राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा, आप कहते हैं कि आप असली शिवसैनिक हैं और पार्टी नहीं छोड़ेंगे। हम आपकी मांग पर विचार करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते आप 24 घंटे में मुंबई वापस आएं और सीएम उद्धव ठाकरे के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करें। आपकी मांग पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। ट्विटर और व्हाट्सऐप पर चिट्ठी मत लिखिए।

### शिवसेना मुख्यालय एवं मातोश्री की सुरक्षा बढ़ी



शिवसेना में बगावत के चलते महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को पार्टी मुख्यालय शिवसेना भवन और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री की सुरक्षा कड़ी कर दी। एक अधिकारी ने कहा कि शहर के पुलिस आयुक्त संजय पांडेय ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करने के लिए मातोश्री में मुख्यमंत्री ठाकरे से मुलाकात की। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिवसेना के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे और पार्टी के कम से कम 37 विधायकों के पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत करने से मुंबई में शिवसेना समर्थकों के बीच हिंसक प्रतिक्रिया की आशंका है।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 41.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 27.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-11, विधायक कार्यालय में मेगा नि:शुल्क मेडिकल कैम्प: 10 बजे।
- सेक्टर-62-64 की पुलिया का लोकार्पण: सुबह 10 बजे।
- सेक्टर-22-23 स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में योग शिविर:5 बजे।
- सेक्टर-सात ई अशोक वाटिका में फिजियोथैरेपी शिविर : सुबह 5 बजे।
- सिविल अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में सघन मुख जांच : 8 बजे।

**निवेश गुरु**

**शेयर** बाजार में तेजी हो या मंदी पर यह सवाल बहुत आम है कि क्या यह निवेश के लिए सही समय है। पिछले साल भी करीब-करीब इस वक्त पर निवेशक बहुत घबराए हुए थे। नया इन्वेस्टमेंट तो दूर बहुत से निवेशकों ने तो पूंजी बाजार से अपना पूरा पैसा निकाल लिया था, लेकिन जिन निवेशकों ने हिम्मत करके निवेश किया। उन्हें अच्छा मुनाफा मिला और जो निवेश नहीं कर पाये वो शायद अफसोस कर रहे होंगे।

**यूटीलिटी न्यूज**

### आईआईटी कोचिंग के लिए चयन परीक्षा तीन को

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा संचालित मानव सुपर-21 में नीट, आईआईटी कोचिंग के अगले बैच के लिए चयन परीक्षा रविवार 3 जुलाई को समिति के सेक्टर-10 मार्केट स्थित कार्यालय मानव भवन में सुबह 11 बजे होगी। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मानव सुपर-21 के संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा है कि चयन परीक्षा के परिणाम के आधार पर शुरू के 21 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का कोचिंग के लिए चयन किया जाएगा। चयन परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थी आधार कार्ड की कॉपी के साथ अपना रजिस्ट्रेशन 30 जून तक मानव भवन सेक्टर 10 में सायं 5 से 7 के बीच कराएं। किसी भी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9810499060 से संपर्क कर सकते हैं।

**क्विक न्यूज**

### मंत्री आज करेंगे पुल का लोकार्पण

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शुक्रवार, 24 जून को सुबह 10:00 बजे बल्लभगढ़ सेक्टर 62-64 की पूलिया का लोकार्पण करके जनता को समर्पित करेंगे। आपको बता दें की कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने गत 16 मई को ही भूतपूर्व प्रधानमंत्री आटल बिहारी वाजपेयी चौक पर साहूपुरा रोड से निकलने वाले प्याला डिस्ट्रीब्यूटर रजवाहे पर बनाए जाने वाले पुल के निर्माण का शुभारंभ करवाया था। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा था कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में कार्य तेज गति से और सरकारी पैरामीटर के अनुरूप होना चाहिए। कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुल को आरएमसी आधुनिक तकनीकी से बनाना सुनिश्चित करें। इस पूल के बनने से सेक्टर-62,सेक्टर-64, सेक्टर- 65 निवासियों के अलावा बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र से जुड़े गांव साहूपुरा, सुनपैड़ मलेरना, ऊचा गांव सहित विभिन्न इलाकों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

# टूटी सड़क और पेयजल संकट से जूझ रहे हैं सैनिक कालोनी निवासी

## विभिन्न समस्याओं से परेशान कालोनी वासियों ने निगमायुक्त को बताई पीड़ा

राजेश दास। फरीदाबाद

**अरावली** पर्वत माला की तलहटी पर स्थित सेक्टर-49 में बसी सैनिक कालोनी किसी जमाने में शहर का सबसे खूबसूरत रिहायशी इलाका हुआ करता था। इस कालोनी को पूर्व सैनिक और अन्य सेवानिवृत लोगों के लिए बेहद योजनाबंद तरीके से बसाया गया था, लेकिन नगर निगम के हैंडओवर होने के बाद शहर के अन्य इलाकों की तरह इस कालोनी की हालत भी बद से बदतर हो चुकी है। सैनिक कालोनी की तमाम सड़कों पर जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं।

करीब तीन साल पहले मुख्यमंत्री घोषणा के तहत कुछ सड़कों का निर्माण शुरू भी किया गया था। लेकिन आधा अधूरा निर्माण कर काम बंद कर दिया। जिसके कारण यह आधी अधूरी सड़कें और खतरनाक हो चुकी हैं। घरों में पानी तीन से चार दिन बाद आता है। सीवर जाम की समस्या भी गंभीर रूप धारण करती जा रही है। इन तमाम समस्याओं से त्रस्त होकर सेनिक कालोनी के लोग प्रदर्शन करने निगम मुख्यालय पहुंचे। निगमायुक्त के उपस्थित न होने के कारण लोग उनके कैंप कार्यालय में पहुंच गए। जहां उन्होंने निगमायुक्त को पीड़ा बताई। निगमायुक्त ने जल्द कालोनी का दौरा कर समाधान का आश्वासन दिया।


सैनिक कालोनी की बदहाल सड़कों का दृश्य।


सैनिक कालोनी के मार्ग में ऐसे हो रहा जलभराव।

### निगमायुक्त को सुनाया दर्द

**साफ** सुथरे माहौल और सुविधाओं को देखते हुए लोगों ने लाखों रुपये देकर सैनिक कालोनी में घर खरीदा था। लेकिन नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण अब इस कालोनी में समस्याओं का अम्बार लग चुका है। कालोनी वासी पानी, सड़क, सीवर जाम और अन्य समस्याओं को लेकर पहले भी निगम मुख्यालय पर कई बार प्रदर्शन का चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान आज तक नहीं हो पाया। कालोनी वासी एक बार फिर बृहस्पतिवार को भी निगम मुख्यालय पहुंचे। निगमायुक्त को अनुपस्थित देखकर कालोनी वासी वार्ड नंबर 16 के निवर्तमान पार्षद राकेश भडाना के नेतृत्व में उनके कैंप कार्यालय में जा पहुंचे। जहां उन्होंने निगमायुक्त यशपाल यादव को कालोनी की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। निगमायुक्त ने उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनने के बाद कहा कि वे जल्दी ही सैनिक कालोनी का दौरा कर समस्याओं को जायजा लेंगे। साथ ही उन्होंने सड़क निर्माण और अन्य समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

### पेयजल संकट से त्रस्त लोग


समस्याओं के विरोध में प्रदर्शन करते सैनिक कालोनी निवासी।

**सैनिक** कालोनी में लगाए गए ज्यादा ट्यूबवेल सूख चुके हैं। कालोनी में निगम द्वारा रैनीवैल का पानी सप्लाई किया जाता है। लेकिन यह पानी की सप्लाई सिर्फ नाम के लिए ही है। कालोनी के निवासियों की माने तो इलाके में बने नगर निगम के बूस्टर से मात्र थोड़ी बहुत देर के लिए ही पानी छोड़ा जाता है। जब तक लोगों को पता चलता है, तब तक पानी की सप्लाई बंद कर दी जाती है। कालोनी वासी बूस्टर पर शिकायत करने जाते हैं तो वहां कोई सुनने के लिए तैयार नहीं होता। आम लोगों को पानी की बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए मजबूरी में टैंकर चालकों से पानी खरीदना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि वे पानी की समस्या को लेकर लगातार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत करते आ रहे हैं। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### जानलेवा बनी टूटी सड़कें

**सेनिक** कालोनी के निवासियों का कहना है कि निर्माण के बाद वर्षों से यहां सड़कों की मरम्मत तक नहीं करवाई गई है। जिसके कारण कालोनी की सड़के और गलियां बुरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। इलाके की सड़कों पर जगह-जगह गहरे और जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं। जिसके कारण जहां आए वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में फंस कर घायल हो रहे हैं। कालोनी वासियों ने बताया कि लोग लंबे समय से यहां सड़कों का निर्माण करने की मांग कर रहे थे। जिसे देखते हुए वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत सड़कों का निर्माण करवाने के लिए उद्घाटन किया गया था। यहां कुछ सड़कों का निर्माण भी शुरू हुआ।

### पानी की समस्या गंभीर



**कालोनी** निवासी अल्पना का कहना है कि निगम द्वारा बूस्टर से पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन इसके लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। एक बिल्डिंग के चार से छह मकान हैं। जिनमें तीन से चार दिन बाद पानी आता है। ऐसे में उन्हें पानी खरीदना पड़ता है।

### जर्जर सड़कों से त्रस्त



**कालोनी** वासी संजय राव का कहना है कि इलाके की सड़कें और गलियां बुरी तरह टूट चुकी हैं। इन जर्जर सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। लोगों की मांग पर कुछ सड़कों का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन बीच में काम बंद होने से अधूरी सड़कें खतरनाक हो चुकी हैं।

### बरसात में खतरा



**कालोनी** वासी रमेश कुमार का कहना है कि कालोनी की ज्यादातर गलियों और सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। वहीं कुछ आधी अधूरी सड़के हैं। आम दिनों में ही लोगों को इनसे परेशानी होती है। आने वाले बरसात के दिनों में तो यह सड़के और खतरनाक हो जाएंगी।

# नशे के दुष्प्रभावों के प्रति ग्रामीणों को किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर लोगों को नशा के प्रति जागरुक करने के अभियान के तहत एसीपी बड़खल ने एसएचओ सेक्टर-58 इंस्पेक्टर भारतेंद्र, सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता टीम के साथ प्याला गांव में पहुंचकर प्याला गांव के सरपंच टेकचंद डबास के साथ मिलकर लोगों को नशा के प्रति जागरुक किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसीपी बडखल ने प्याला गांव में एक सभा का आयोजन कर लोगों को समाज में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरुक किया है। उन्होंने बताया की आधुनिक समय में नशा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। जानकारों की मानें तो पूर्व में भी नशा किया जाता था। हालांकि, इसका उद्देश्य समाज को दूषित करना कतई नहीं था, लेकिन आजकल नशा की परिभाषा बदल गई है। आजकल बच्चे-बड़े सभी नशे करते हैं। बच्चे तो कई प्रकार के नशा करने लगे हैं, जिनमें शराब, ड्रग्स और हेरोइन शामिल हैं। बच्चों का नशे में रहना गंभीर चिंता का विषय है। बच्चों के हाथ में देश का भविष्य होता है। इससे आने वाली पीढ़ी पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके साथ ही खपत अधिक होने से अवैध तस्करी भी जमकर हो रही है।


प्याला गांव में लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करते एसीपी सुखबीर सिंह।

फरीदाबाद पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत पुलिस की गाड़ी विभिन्न स्थानों पर जाकर नागरिकों को नशे के विरुद्ध जागरुक करेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। नशा करने से न केवल धन की क्षति होती है, बल्कि कई बीमारियां भी घर कर जाती हैं। इससे मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए बच्चों के माता-पिता से भी अपील है कि अपने बच्चों का ध्यान रखें और उन्हें गलत संगत में पड़ने से बचाएं। साथ ही युवा नशे को छोड़कर अपनी उर्जा को अच्छी दिशा में लगाएं ताकि आप और आपके परिवार की खुशियां सलामत रहे। नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों की सूचना पुलिस को टोल फ्री नंबर 9050891508 पर दें।

# भूपानी थाने का पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अपनी टीम के साथ सेंट्रल जोन के थाना भूपानी का रूटीन का निरीक्षण किया। अपनी विजिट के दौरान पुलिस आयुक्त थाना में पहुंचे जहां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त के साथ एसीपी सेंट्रल सतपाल अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

वहां पहुंचकर उन्होंने थाना परिसर के रिकार्ड्स चेक करने के पश्चात साफ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के तैनात महिला पुलिसकर्मियों से रूबरू होकर उनकी कार्यशैली के बारे में पूछताछ करते हुए उन्हें अनुसंधान के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में पूछा और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों में उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनकी सराहना की तथा साथ ही महिलाओं को न्याय दिलवाने के लिए मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पीड़िता थाने में इस उम्मीद के साथ आती है कि उन्हें पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करके न्याय दिलवाया जाएगा। इसलिए महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में जल्द से जल्द कार्रवाई करें ताकि उनकी उम्मीद को कायम रखकर उनके मन में पुलिस के प्रति विश्वास को और भी स्दृढ़ किया जा सके। इसके साथ ही पुलिस आयुक्त ने थाना परिसर की बिल्डिंग का दौरा करते हुए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने संबंधित हिदायत दी। थाना प्रभारी को थाने में तैनात पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य, उनके खानपान, रहन सहन इत्यादि समस्याओं के बारे में सुनवाई करके उनका जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन पुलिसकर्मियों के कंधे पर ही नागरिकों की सुरक्षा का भार है इसलिए इनका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है।


भूपानी थाने का निरीक्षण करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोडा।

# खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का दिया संदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गवर्नमेंट** गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआई तीन की जूनियर रेडक्रॉस गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि आज के दिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का गठन हुआ था। ओलंपिक दिवस 23 जून 1894 को बैरन पियरे डी कौबर्टिन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह संपूर्ण जगत को क्रियाशील बनाने और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने के लिए सभी को आमंत्रित करता है। यह खेल, स्वास्थ्य और एकजुटता का बहुत महत्वपूर्ण उत्सव है। ओलंपिक दिवस की थीम एक साथ एक शांतिपूर्ण विश्व के लिए है। इस का सोशल मीडिया हैशटैग शांति के लिए बढ़ाएंगे कदम रखा गया है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस खेल और फिटनेस को समर्पित दिवस है। प्रत्येक वर्ष इस दिवस को विश्व के लोगों के लिए एक्शन में आने के बुलावे के रूप में देखा जाता है। इस का लक्ष्य विश्व भर के लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित करना है। प्राचार्य मनचंदा और एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका ने खेल जगत में भारत का मान-सम्मान बढ़ाने वाले समस्त प्रतिभावान खिलाड़ियों, कुशल प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों को अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हमारे प्रदेश हरियाणा और हमारे देश में खेलों के प्रति युवाओं को विशेष सुविधाएं तथा साधन प्रदान करवाएं जा रहे हैं।


विश्व ओलंपिक दिवस पर एनएच तीन के सरकारी स्कूल की छात्रा द्वारा बनाई गई एक पेंटिग।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद किया

## धारा 370 को हटाकर मोदी ने साकार किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना: गोपाल शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फ़रीदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी ज़िला कार्यालय अटल कमल पर भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गोपाल शर्मा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों और उनके जीवन दर्शन पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। गोपाल शर्मा द्वारा कार्यालय परिसर में एक पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। फरीदाबाद में मंडल स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सोहन पाल सिंह, पूर्व महापौर सुमन बाला और भाजपा प्रदेश जिला, मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजली कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गोपाल शर्मा ने बताया कि प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू के हस्तक्षेप के चलते जम्मू कश्मीर का भारत में पूरी तरह से विलय नहीं हो पाया। जिसके फलस्वरूप श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर राज्य का अलग संविधान और धारा 370 के खिलाफ अपनी आवाज उठाई।


डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते बीजेपी कार्यकर्ता।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




सियासत खेल है जिसमें फ़क़त धोखा ही धोखा है
बड़े बाज़ों की ख़ातिर अब सियासत सिर्फ़ धंधा है
समझते हैं मसीहा हम मगर सच है नये युग में
सियासी लोगों का मज़हब अगर कुछ है तो पैसा है

# मानव रचना रिस्क रिडक्शन पुरस्कार से सम्मानित

## कोविड-19 महामारी के दौरान किए गए कार्यों के लिए एमआरयू को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मानव** रचना यूनिवर्सिटी को कोविड-19 महामारी के दौरान सेंटर फॉर पीस एंड सस्टेनेबिलिटी एमआरयू द्वारा इसके प्रभाव को कम करने के लिए किए गए कार्यों के लिए वर्ल्ड कांग्रेस ऑन डिजास्टर मैनेजमेंट-डिजास्टर रिस्क रिडक्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार जी. किशन रेड्डी- भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और विकास मंत्री, भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया था।


प्रो. (डॉ.) आईके भट-कुलपति, एमआरयू और प्रो. (डॉ.) डीएस सेंगर-प्रो वाइस चांसलर, एमआरयू, ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में आयोजित एक समारोह में यूनिवर्सिटी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।


मानव रचना यूनिवसिटी को सम्मानित करते केंद्रीय राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी।

मानव रचना सेंटर फॉर पीस एंड सस्टेनेबिलिटी, अध्यक्ष पद्म विभूषण डॉ. कर्ण सिंह के कुशल मार्गदर्शन में समाज को प्रभावित करने वाली आपदाओं की रोकथाम और प्रबंधन के लिए प्रयास करके शांति और स्थिरता के पथ पर है। महामारी के कठिन समय के दौरान सेंटर फॉर पीस एंड सस्टेनेबिलिटी ने युवाओं के लिए मूल्यों को विकसित करने और कला और संस्कृति से संबंधित गतिविधियों में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई संरचित और अभ्यास उन्मुख पाठ्येतर कार्यक्रम विकसित किए ताकि आपदा का सामना करने के लिए एक शांतिपूर्ण दिमाग विकसित किया जा सके। इसके अलावा, केंद्र, शांति और स्थिरता पर जोर देता है, छात्रों के बीच जीवन कौशल विकसित करता है,पर्यावरण जागरूकता, शांति और सद्भाव की संस्कृति सहित कई एसडीजी के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है ताकि महामारी और महामारी के बाद की अवधि के दौरान समुदाय का समर्थन किया जा सके। केंद्र ऐसी आपदाओं से बचने के लिए समाज में लोगों के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए अंतर-विश्वविद्यालय मंचों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों के बीच स्थिरता के प्रति दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है। इस दौरान योग और ध्यान प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए।

मानव रचना यूनिवर्सिटी ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातकों के लिए शांति और स्थिरता पर एक पाठ्यक्रम भी डिजाइन और वितरित किया। सेंटर फॉर पीस एंड सस्टेनेबिलिटी, एमआरयू समाज की सेवा करने और हमारी युवा पीढ़ी को सामाजिक कल्याण सेवाओं का मूल्य सिखाने के लिए निरंतर प्रयास में है। समाज की बेहतरी की दिशा में प्रयासों के लिए मान्यता प्राप्त करना छात्रों और शिक्षकों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 17.06.2022 का सरुचि पुत्री सुमन सिंह निवासी ग्रा काकन थाना जमुई बिहार हाल किरायेदार एमडी वशिष्ट के मकान नजदीक छोटी माता मन्दिर के पास ग्राम तिलपत, अपने घर से बिना बताये कही चला गया है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग सावला, लम्बा चेहरा, पतला शरीर कद 5 फुट 1 इंच जिसने काले रंग की टी.शर्ट, नीले रंग की लोवर पहने हुये है। मुकदमा न0 351 दिनांक 17.06.2022 थाना पल्ला फरीदाबाद पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित किया जाये।

पुलिस थाना पल्ला :- 0129- 2257477, आई/ओ एएसआई लोकेश कुमार मो0 8168701613
प्रबन्धक अफसर ;- 9582200139, पुलिस कन्ट्रोल रूम फरीदाबाद :- 0129-2227200, 100


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 05.06.2022 को वैशाली पुत्री राकेश कुमार निवासी मकान नम्बर 566 गली नम्बर 4 ई ब्लाक सुर्या बिहार पार्ट 2 फरीदाबाद, अपने घर से बिना बताये कही चला गया है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग गोरा, लम्बा चेहरा, पतला शरीर ,जिसने हरे रंग की टी.शर्ट काले रंग की पेन्ट पहने हुये है पांव मे हवाई चप्पल पहने हुये हैं वा उम्र 20 साल है। मुकदमा न0 327 दिनांक 05.06.2022 थाना पल्ल्ला फरीदाबाद पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित किया जाये।

पुलिस थाना पलला :- 0129- 2257477, आई/ओ एचसी मोहन श्याम मो0 8053650052
प्रबन्धक अफसर ;- 9582200139, पुलिस कन्ट्रोल रूम फरीदाबाद :- 0129-2227200, 100


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.05.2022 को मुदई मुकदमा संजय हाकू, निदेशक बालग्राम एसओएस चिल्ड्रन विलेज सी-ब्लाक सैक्टर-41 ग्रीन फील्ड कालोनी फरीदाबाद उपरोक्त दिनांक 17.05.2022 को एक मंद बुद्वी कंचन बा उम्र 13 साल एसओएस चिल्ड्रन विलेज से चले जाने बारे दर्ज रजिस्ट्र कराया, जिसका हुलिया:- रंग सांवला, गोल चेहरा, मोटा शरीर, दांयें गाल पर नाखून का निशान, बॉब कट बाल, कद 4 फूट 6 इंच उम्र 13 साल जो लाल रंग का कुर्ता व पजामी पहने हुये है। मुकदमा न0 277 दिनांक 19.05.2022 थाना सूरजकुंड फरीदाबाद, सूचना मिले तो नीचे लिखे नम्बरो पर सूचित करे।

फोन न0. 9582200127, 9582200149, 0129 2511033

**मृतक की पहचान**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औमप्रकाश शर्मा पुत्र जनार्दन शर्मा निवासी नामालुम दिनांक 18.06.2022 को मजरूबी हालात मे दाखिल बी.के.एच फरीदाबाद हुआ था जो उसी दिन डाक्टर साहब ने ओमप्रकाश शर्मा को रैफर सफदरंजग हस्पताल दिल्ली मे दौराने ईलाज दिनांक 21-06-2022 को मृत्यू हो गई है जिस के वारिसान का पता नही चला है जो औमप्रकाश शर्मा की लाश शिनाख्त के लिए सफदरंजग हस्पताल दिल्ली की मोर्चरी मे रखी गई है जिस का हुलिया इस प्रकार से है रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, कमजोर शरीर,कद 5 फूट 5 इन्च उम्र करीब 55 साल मुकदमा न0 15 थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद सूचना मिलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

प्रबंधक अफसर थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद. 9582200130
इंचार्ज पुलिस चौकी टाउन न.3 फरीदाबाद. 9582200160

# हौंसले को सलाम : प्रताड़ना और बीमारी से हन्नी ने नहीं मानी हार

**कविता। फरीदाबाद**

**यदि** इंसान में हौंसला हो तो परेशानियां उसकी कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती है। यह साबित कर दिखाया है शहर में रहने वाली 27 वर्षीय महिला हन्नी ने। ससुराल वालों की प्रताड़ना से ससुराल छूटा तो बच्ची को लेकर यहां आ गई। यहां लंबे संघर्ष और मेहनत के दौरान वह टीबी की बीमारी का शिकार हो गई। लेकिन उसने हिम्मत से काम लेते हुए इलाज करवाया और बीमारी को मात दे दी।

**संघर्ष की कहानी :** मूलरूप से बलिया की रहने वाली 27 वर्षीय हन्नी तिवारी ने बताया कि उसकी शादी कम उम्र में हुई थी। शादी के पांच साल बाद उसने बेटी को जन्म दिया। जिसके बाद पति दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगा। मायके वालों के असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया।

उसी दौरान उसके बड़े भाई की मौत हुई थी। ऐसे में वह मायके वालों पर बोझ नहीं बनना चाहती थी। वह बेटी को लेकर काम की



हन्नी तिवारी

तलाश में फरीदाबाद आ गई। यहां उसके भाई के दोस्तों ने बर्तन धोने के काम पर लगवा दिया। यह नौकरी छूटी तो वह बीके अस्पताल की कैंटीन में तीन समय के भोजन और बच्ची के दूध की मजदूरी पर काम करने लगी। कुछ समय बाद उसने निर्माणाधीन बिल्डिंग में बेलदारी की।

ऐसे में कुपोषण के कारण एनीमिया का शिकार होने पर निर्माण सुपरवाइजर गोपाल उसे बीके में दाखिल कराया। स्वस्थ्य होने पर उसने होटल, अस्पताल, पीजा शोप, घरेलू नौकरी का काम किया। अंत में वह एक अस्पताल की मदद से केयर टेकर बनकर मरीजों की उनके घर में देखभाल करने लगी। अच्छी आमदनी होने पर उसने किराये का कमरा ले लिया। लेकिन लॉकडाउन में उसे काम मिलना बंद हो गया। बिना काम के भोजन जुटना मुश्किल हो गया तो वह बीमार पड़ गई। मकान मालकिन द्वारा जांच करवाने पर पता चला कि उसे क्षयरोग है।

**तीन साल से क्षयरोगी :** बीके अस्पताल के डॉ. योगेश ने इलाज शुरू कर दिया। जहां उसे दवाईयां खेड़ी से ही लेते रहने को कहा, वहां सतवीर और चिकित्सकों ने मदद की। वहीं जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. शीला भगत, सुभाष, बिजेन्द्र, हरेन्द्र ने मदद की। वहीं सूर्या ओर्थो अस्पताल के दुर्गेश और जसवंत ने मदद दी। एक साल दवा खाई और ठीक हो गई। छत्तरपुर में काम मिला, तो वहां बीमार हो गई। बीके अस्पताल के डॉ. मोहित ने बताया कि एमडीआर टीबी हो गई है। जिस पर उन्होंने महरौली के लिए रेफर कर दिया। लंबे इलाज के बाद वह ठीक हो चुकी है। फिलहाल वह अब अपोलो अस्पताल की तरफ से एक पैरालाइज मरीज की केयर टेकर के रूप में काम कर रही है।

# बिजली वितरण की 2050 को लेकर तैयार करें कार्ययोजना : कृष्णपाल गुर्जर

## जिला विकास एवं कार्डिनेशन मानिटरिंग कमेटी की मीटिंग में की शहर की विकास योजनाओं की समीक्षा करने के बाद कहा

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर देश के विकासशील शहरों में शामिल है और आने वाले समय में शहर में नए क्षेत्र भी विकसित होंगे। ऐसे में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर सहित सभी बुनियादी सुविधाओं को लेकर 2050 व आगामी वर्षों तक की कार्ययोजना तैयार करें। केंद्रीय राज्यमंत्री गुरुवार को जिला विकास एवं कार्डिनेशन मानिटरिंग कमेटी (दिशा) की मीटिंग में जिला के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने शहर में लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं समय पर मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने शहर में चल रहे कई निर्माण कार्यों में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शहर में एफएमडीए, नगर निगम, स्मार्ट सिटी व अन्य विकास एजेंसियों द्वारा करवाए जा रहे सभी कार्यों की क्रमशः समीक्षा की और उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। बाईपास पर दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान सीवर व पानी लाईनों की शिफ्टिंग में आ रही दिक्कतों को लेकर भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए।



अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

मीटिंग में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए एनएचएआई व दिल्ली मैट्रो के अधिकारी मिलकर एक कार्ययोजना तैयार करें। इस कार्ययोजना में पौधरोपण से लेकर अन्य कार्य शामिल हैं। उन्होंने बरसाती पानी की निकासी को लेकर भी एनएचएआई अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि शहर में स्मार्टसिटी द्वारा अलग-अलग 44 कार्य अलॉट किए गए हैं। इसके साथ ही बीएंडआर के भी 44 कार्य अलाट हैं और इनमें से 42 पूरे कर लिए गए हैं। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-31 स्टेडियम को भी जल्द से जल्द खेल विभाग को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अगले सप्ताह में उपायुक्त, एचएसवीपी प्रशासक, खेल विभाग व अन्य संबंधित अधिकारी परिसर का दौरा करेंगे और जो भी काम बाकी हैं उनकी जानकारी लेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने मंझावली पुल को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से जानकारी ली । इस पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि पुल के निर्माण में आखिरी स्पैन के निर्माण का कार्य चल रहा है। दोनों तरफ रोड के लिए पेड़ कटाई का काम जल्द शुरू हो जाएगा।

मीटिंग में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जनवरी 2023 तक पुल को ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा। इसके साथ ही पाली रोड पर पानी भरने की समस्या पर रिलायंस कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द समस्या का समाधान निकालें। इसके अलावा भी मीटिंग में सड़क सुरक्षा सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। मीटिंग में विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नीरज शर्मा, उपायुक्त जितेंद्र यादव, एचएसवीपी प्रशासक जितेंद्र दहिया, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त अभिषेक मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# 19 लाख के गबन में बिजली निगम का कैशियर गिरफ्तार

## आरोपी का नाम है बुध सिंह : प्रवक्ता

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश तथा डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपराध शाखा 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने फरार चल रहे बिजली विभाग के कैशियर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम बुध सिंह है। जो हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के चूल्हा गांव का रहने वाला है। दिसंबर 2018 बुध सिंह की नियुक्ति फरीदाबाद के बदरोला बिजली विभाग कार्यालय में कैशियर के पद पर हुई थी। जो जनवरी 2021 तक वहां पर तैनात रहा। विभाग का ऑडिट हुआ तो वर्ष 2019 तथा 2020 की केशबुक गायब मिली तथा ऑडिट के दौरान करीब 1937101 रुपये का गबन पाया गया। गबन पाए जाने पर बिजली विभाग एक्सईएन के माध्यम से पुलिस थाना तिगांव में दिनांक 18 अक्टूबर 2021 को मुकदमा दर्ज किया गया। बुध सिंह का तबादला सिरसा के नाथूसरी कर दिया गया। आरोपी ने सिरसा में



गबन के आरोप में गिरफ्तार बुध सिंह।

अपनी ड्यूटी ज्वाइन नहीं की और वहीं से फरार हो गया। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर सुरेश, हवलदार दिनेश तथा सिपाही राहुल की टीम ने कल आरोपी को फरीदाबाद के सेक्टर 23 से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हरियाणा बिजली विभाग में 24 फरवरी 1992 को भर्ती हुआ था। 2018 में बदरोला कार्यालय में कैशियर के पद पर नियुक्ति होने के बाद बिजली विभाग में आम जनता का बिजली बिल जमा करने व विभाग के सम्बंधित कैश का इन्चार्ज होते हुए लालच में आकर उसने लाखों रुपये का गबन करके कैश बुक को गायब कर दिया ताकि कोई सबूत ना मिल सके। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा जिसमें मामले में गहनता से पूछताछ करके आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्वस्थ महिला सशक्त राष्ट्र पर संगोष्ठी का आयोजन



अग्रवाल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रिंसीपल डा. केके गुप्ता।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महिला प्रकोष्ठ एवं शिक्षा स्वास्थ्य न्यास व भाभी मां ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मूल विषय स्वस्थ महिला-सशक्त राष्ट्र था। जिसका उप-विषय किशोरावस्था से प्रौढ़ावस्था तक रक्त अल्पता के लक्षण और बचाव था।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता की सदप्रेरणा से महाविद्यालय में छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आर्थिक विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं विकास के लिए यह संगोष्ठी आयोजित की गई। आज की युवा छात्राएं आने वाले भविष्य की निर्माता हैं, परंतु शारीरिक रूप से कुपोषण एवं एनीमिया (खून की कमी) के कारण छात्राओं का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। यह चिंतनीय विषय है। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में अतुल कोठारी जी मुख्य वक्ता के रूप में डॉ उमा कुमार आचार्य एवं अध्यक्ष गठिया रोग विभाग (एम्स, नई दिल्ली) एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में निष्ठा अग्रवाल फरीदाबाद उपस्थित रहे।

# एआईएफओएम ने कराए 100 से ज्यादा एमएसएमई इकाईयों के पंजीकरण

## एमएसएमई विकास संस्थान ओखला, नई दिल्ली और जिला फरीदाबाद एमएसएमई रहे आयोजन में सहयोगी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**आल** इंडिया फोरम आफ एमएसएमई ने गुरुवार को जिला एमएसएमई केंद्र के नीलम चौक स्थित कार्यालय पर एमएसएमई विकास संस्थान ओखला, नई दिल्ली और जिला एमएसएमई फरीदाबाद के तत्वावधान में पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया। आयोजित शिविर में 100 से अधिक उद्यमियों ने इकाइयों का पंजीकरण कराया। ये उद्यमी तकनीकी जानकारी के अभाव में काफी दिनों से पंजीकरण नहीं करा पा रहे थे। अब पंजीकरण के बाद सौ से अधिक उद्यमियों ने राहत की सांस ली है।

आल इंडिया फोरम आफ एमएसएमई के द्वारा आयोजित जिला एमएसएमई केंद्र के नीलम चौक स्थित कार्यालय में कैम्प पर सुबह साढ़े दस बजे से ही उद्यमियों की भारी भीड़ जुटने लगी। इन उद्यमियों का एमएसएमई विकास संस्थान ओखला, नई दिल्ली और जिला एमएसएमई इकाई के सहयोग से तकनीकी विशेषज्ञों ने पंजीकरण किया।





एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर और राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी ने एमएसएमई उद्यमियों को भरोसा दिलाया गया कि आल इंडिया फोरम आफ एमएसएमई के मार्गदर्शन में शिविरों का आयोजन उनकी सुविधार्थ होता रहेगा। शिविर के आयोजन में एआईएफओएम के नेशनल डायरेक्टर आफ एमएसएमई एंड स्टार्टअप डा केके गोयल, एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर, राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी, जिला फरीदाबाद के एमएसएमई के अध्यक्ष जितेंद्र शाह के साथ-साथ वीके गुप्ता, जितेंद्र शाह गुप्ता, नीरज शर्मा, मनीष मलहोत्रा, राजपाल यादव, अवतार सिंह, राज श्रीवास्तव, दीपक भाटिया और संदीप नागर आदि समेत कार्यालय के कर्मचारी शामिल रहे।

# जूनियर रेडक्रॉस ने मनाया संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस

**फरीदाबाद।** संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुण को पहचानना और विकास प्रक्रिया में लोक सेवा के योगदान के बारे में बताना है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस प्रत्येक वर्ष 23 जून को मनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 2003 के प्रस्ताव 57/277 में नामित किया गया था इसका उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुण को पहचानना और विकास प्रक्रिया में लोक सेवा के योगदान के बारे में बताना है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद द्वारा लोक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में लोक सेवा की भूमिका, प्रतिष्ठा और दृश्यता बढ़ाने के लिए किए गए योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

# 82 किलोग्राम मादक पदार्थों को पुलिस ने नष्ट किया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पुलिस** महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न केसों में बरामद मादक पदार्थ को पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा की देखरेख में नष्ट किया गया।

जिला फरीदाबाद में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी के चेयरमैन पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह , एसीपी तिगांव सुरेंद्र श्योराण, एसीपी सेंट्रल महेंद्र सिंह, एसीपी बल्लभगढ़ मनीष सहगल, एसीपी सराय देवेंद्र सिंह, एसएचओ थाना तिगांव कुलदीप सिंह सहित गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में गांव अलीपुर निवासी गिर्राज और गांव तिगांव से सुनिल नम्बर दार की मौजूदगी में गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना फरीदाबाद में विभिन्न 69 मुकदमों में बरामद मादक पदार्थों को अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवा कर सुरक्षित तरीके



नशीले एवं मादक पदार्थों को नष्ट करवाते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

से नष्ट किया गया। इन मुकदमों में फरीदाबाद पुलिस के 69 मुकदमों में जप्त किया गया नशीला पदार्थ शामिल है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा (कमेटी चेयरमैन) की अध्यक्षता में नष्ट किए गए विभिन्न थानों के 69 मुकदमों में बरामद **मादक पदार्थ इस प्रकार है :**

**गांजा**-74.103किलोग्राम, स्मैक - 82.786 ग्राम, नशीले इंजेक्शन-377, चूरा पोस्ट- 7.452 किलोग्राम को नष्ट किए गए। इन मादक पदार्थों पुलिस द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थ भी शामिल है जिन्हें कई वर्षों से नष्ट नहीं किया गया था। वर्ष 2022 में फरीदाबाद पुलिस थानों द्वारा जप्त किए गए मादक पदार्थों को नष्ट किया गया था। इन सभी मादक पदार्थों को प्रक्रिया के तहत आग लगा कर नष्ट किया गया है। विकास कुमार अरोड़ा ने कहा कि मालखाने में जगह खाली हो सकेगी जिससे माल खाने में भंडारण की व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

# महिलाओं पर अभद्र कमेंट्स करने वाले छह मनचले पकड़े

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार महिला थाना बल्लबगढ़ प्रभारी नेहा राठी, महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं तथा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले 6 मनचलों को काबू किया है। पूछताछ करने पर पता चला कि मनचले युवक छात्र हैं जो कॉलेज में पढ़ाई करते हैं तथा आने जाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं पर भद्दे कमेंट पास करते हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मनचलों को काबू करने के लिए महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद थी। युवकों ने जब सादी वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो महिला पुलिस ने उन्हें मौके से काबू कर लिया। महिला पुलिस थाना बल्लबगढ़ महिला थाना एनआईटी तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने दो दो मनचलों को काबू किया।

# कोविड-19 के 181 पॉजिटिव, 102 ठीक

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

## जिला में आइसोलेशन पर 790 लोग रखे

**जिले** में वीरवार को कोरोना वायरस के 181 मामले पॉजिटिव आए हैं। जबकि 102 लोग स्वस्थ भी हुए। जिला में कोरोना का रिकवरी रेट भी 98.82 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव के 18 केस अस्पताल में भर्ती हैं। जबकि होम आइसोलेशन पर जिला में 790 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या 808 है।

जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिले में 1902 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि जिला फरीदाबाद में 1659457 लोगों द्वारा अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 131373 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए व 1526005 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 2079 लोगों के रिजल्ट आने बाकी हैं। जिला में सैंपल पॉजिटिविटी रेट 7.92 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 98.82 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 0.56 प्रतिशत है। जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने मीडिया के माध्यम से नागरिकों से अपील की है कि वे कोविड के उचित व्यवहार का पालन करें। जैसे कि मास्क का उपयोग, सामाजिक दूरी, बार-बार हाथ धोना है। जिनकी एहतियाती खुराक बाकी है कृपया तुरंत टीका लगवाएं। यदि कोई लक्षण और लक्षण विकसित होते हैं तो उनका आरटीपीसीआर परीक्षण करवाएं। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण और परीक्षण के लिए सभी व्यवस्थाएं हैं। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राम भक्त ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार फरीदाबाद जिला में 1753029 लोगों को अब तक सर्विलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्विलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 1744987 हो गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## एंजेल पब्लिक स्कूल ने 32 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड पाली में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली और रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी को 32 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 40 में 8 विकेट पर 222 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए देवांश भदोला और गर्वित ने 62-62 रन, कृष्णा ने 28 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली की और से गेंदबाजी करते हुए वंशज ने दो विकेट, गौरांश और मोहम्मद व् अरहान और अफ्फान ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 190 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए नमन ने 52 रन, सहज ने 39 रन, ओम कुमार ने 16 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंश ने तीन विकेट, देवांश भदोला ने 2 विकेट, उदय और हृद्यांश व् अनमोल ने 1-1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देवांश भदोला को मिला।



एंजेल पब्लिक स्कूल ने 32 रन से जीता मैच।

## फरार चल रहा हत्यारोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगवेन्द्र कि टीम ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कुलदीप उर्फ कुल्लू बल्लभगढ़ के आजाद नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड से, थाना सिटी में दर्ज हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि मृतक तारा उम्र 50, शराब बेचने का काम करता था। आरोपी 20/21 जून कि रात को अपनी गली में रहने वाले तारा से शराब लेने के लिए गया था। जिसकी पिछले पैसे के लेनदेन को लेकर आपस में झगड़ा हो गया था। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुबह तारा को अपने पास बुला कर पाइप से हमला कर सिर में चोट मार दी थी। जिसके कारण तारा की मृत्यु हो गई थी।

## ओलम्पिक दिवस पर खिलाडियों को प्रमाण पत्र दिए

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पलवल जिले के एथलेटिक्स खेल के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर राज्य और राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के खेल प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि पलवल जिले के बघौला, पृथ्ला, घुघरा, पलवल शहर, दुर्गापुर, पहाडी, मंडनाका, नौंरंगाबाद, बंचारी, करमन, बडौली और मिंडकौला गांव के एथलीट खिलाडियों ने अपने निवास स्थान पर खेल प्रमाण पत्र प्राप्त किए और साथ में खेल जानकारी भी प्रदान करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपने आस पास के क्षेत्र में युवाओं को खेल से जोड़ने तथा नये युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने का संदेश भी दिया, जिससे युवा खेल के क्षेत्र में अपने नाम और चेहरे की पहचान बनाकर जिले, राज्य एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें।

## सीएम फ्लाइंग ने जीएसटी चोरी के शक में ट्रक पकड़े

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उडनदस्ता को सूचना प्राप्त हुई कि आईएमटी बल्लभगढ़ एरिया से कुछ गाड़ियों में दस्तावेजों के बिना तम्बाकू उत्पाद भरकर फरीदाबाद व अन्य राज्यों में भेजा जाता है, जिसमें भारी मात्रा में जीएसटी चोरी की जाती है। सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा नवम धानिया ईटीओ/जीएसटी के साथ आईएमटी सेक्टर-68 व 69 बल्लभगढ़ क्षेत्र से निकलने वाली तीन गाड़ियों को शक के आधार पर रुकवाया गया। जीएसटी अधिकारियों द्वारा सभी वाहन चालकों से गाड़ी में लोड सामान से सम्बंधित दस्तावेज पेश करने बारे कहा। वाहन संख्या एचआर 73ए-8412 व एचआर 38 एसी-8902 के चालकों द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किये गये तथा वाहन संख्या एचआर 38 एसी-2034 के चालक द्वारा कुछ दस्तावेज पेश किए गए, लेकिन वह भी संदेहजनक पाये गए। वाहन चालकों से पूछताछ की गई जिन्होंने जिनमें से दो गाड़ियां प्लाट नम्बर 792 सेक्टर 69 आईएमटी फरीदाबाद से व एक गाड़ी प्लॉट नम्बर 137 सेक्टर 68 आईएमटी फरीदाबाद से निकली थी। यह सभी गाड़ियां विजय भारत ट्रांसपोर्ट कंपनी बाटा चौक फरीदाबाद की बतलाई हैं। जीएसटी अधिकारियों द्वारा इन तीनों गाड़ियों को कब्जे में लेते हुए चालान किये गए है। इन गाडियों में लोड समान की चेकिंग के लिए कमेटी बनाकर जीएसटी चोरी का आंकलन करते हुए नियमानुसार जुर्माना किया जाएगा।

## अफगानिस्तानी नागरिक को प्रदान की भारतीय नागरिकता

**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेंद्र यादव ने गुरुवार को दो पाकिस्तानी विस्थापितों और एक अफगानिस्तानी नागरिक को नागरिकता प्रदान की है। उन्होंने नागरिकता प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि स्वयं के अच्छे भविष्य के साथ साथ देश के हित में बेहतर कार्य करना। जिससे देश का हित होगा और आपका भविष्य भी उज्ज्वल होगा। जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने पाकिस्तान के 17 वर्षीय काजल, 20 वर्षीय मुनीश व अफगानिस्तान के 69 वर्षीय ब्यास लाल को भारतीय नागरिकता गुरुवार को प्रदान की है। पाकिस्तान की निवासी काजल ने बताया कि वह वर्ष 2010 में पाकिस्तान से सह-परिवार भारत आ गए थे और परिवार के साथ भारत के हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिला में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत सरकार के गृह मंत्रालय में अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया था। उस आवेदन को गुरुवार को डीसी जितेंद्र यादव ने मूर्त रूप देकर हमें भारतीय नागरिकता प्रदान की है।



सेक्टर-12 के अफगानी नागरिक को भारतीय नागरिकता का पत्र सौंपते डीसी जितेंद्र यादव।

## भीम अवॉर्ड मिलने पर विधायकों ने ओलम्पियन का किया सम्मान

**फरीदाबाद।** पंचकूला में हरियाणा सरकार के भीम अवॉर्ड पाने वाले फरीदाबाद के दोनों ओलम्पियनों का विधायक राजेश नागर एवं विधायक सुभाष सुधा ने एमएलए फ्लैट में सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ है। यही कारण है कि हमारे यहां से बड़ी संख्या में खिलाड़ी उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार भी उन्हें देश में सबसे ज्यादा इनाम की राशि देकर हौंसला बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने दोनों खिलाडियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं विधायक राजेश नागर ने कहा कि दोनों खिलाड़ी उनके जिले से आते हैं। इसलिए उनका दोनों के साथ खास रिश्ता है। वह दोनों के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं। इसलिए अलावा भी वह अपने क्षेत्र में खेलों के विकास के लिए सक्रिय हैं। नागर ने बताया कि तिगांव क्षेत्र में एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दे दी है। विधायक नागर ने खिलाडियों और उनके परिजनों को भीम अवॉर्ड मिलने पर बधाई दी और उन्हें आगे आने वाली पीढ़ी के लिए सहयोगी बनने की प्रेरणा दी। पंचकूला के इंद्रधनुष सभागार में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने खिलाडियों को भीम अवॉर्ड प्रदान किए। जिसमें फरीदाबाद के दोनों ओलम्पियन भी शामिल रहे। हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय एवं अतंरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को भीम अवॉर्ड के अंतर्गत पांच लाख रुपये और हर महीने पांच हजार रुपये की मदद दी जाती है।

# सार्वजनिक सेवाएं किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए प्रभावित : निगमायुक्त

## निगमायुक्त ने स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने कहा कि सार्वजनिक सेवाएं जैसे सफाई किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रतिदिन सफाई व्यवस्था बेहतर हो। इसके लिए निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं। यह बातें उन्होंने गुरुवार को निगम की स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की।



गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए कार्य कर रहे कर्मचारियों तथा मशीनरी की प्रभावी निगरानी की जाए तथा यह सुनिश्चित करें कि मौके पर किसी भी कारण से सफाई कार्य प्रभावित ना हो। सफाई के कार्य में लगी एजेंसियों में से जो भी एजेंसी सही तरीके से कार्य नहीं करवा पा रही है तो उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता कार्य में लगी सभी मशीनरी जैसे जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि पर नगर निगम का लोगों होना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि इस मशीनरी के माध्यम से नगर निगम से ही संबंधित कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा रात्रि के समय मुख्य सड़कों की सफाई के लिए लगी हुई स्वीपिंग मशीनों की निगरानी एवं चेकिंग भी प्रभावी तरीके से सुनिश्चित की जाए।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 7 स्थानों पर बनाए गए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी के संचालन के बारे में निगमायुक्त ने कहा कि इनका संचालन करने के लिए इकोग्रीन एनर्जी को निर्देश दें। निगमायुक्त ने कहा कि सैनीटेशन विंग की स्पेशल स्क्वायड द्वारा सभी 614 बल्क वेस्ट जनरेटर को चैक करवाएं। जो ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना नहीं कर रहे हैं, उनके नियमानुसार चालान करें।

# रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त दान हुआ



गुरुग्राम में रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते रविंद्र जैन।

**गुरुग्राम।** रोटरी क्लब साउथ सिटी की ओर से गुरुवार को कोर डायगनोस्टिक सेंटर में रक्त दान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 75 यूनिट रक्त दान हुआ। यह रोटरी क्लब साउथ सिटी द्वारा लगातार लगाया गया 30वां कैंप था।

ब्लड बैंक के प्रधान मुकेश शर्मा और असिस्टेंट गवर्नर रविंद्र जैन ने इस शिविर में रक्त दाताओं को मेडल और प्रशंसा पत्र दिए। उन्होंने कहा कि रक्तदाता भविष्य में भी रक्त दान करें और दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करें। रक्तदान करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। इंसान में रक्त की पूर्ति इंसान के रक्त से ही की जा सकती है। रक्त की गंभीरता को हम सबको समझना चाहिए। ब्लड बैंक से डा. महिमा ने कैंप की सफलता पर बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### ठाकुर बने पर्यावरण संरक्षण विभाग की कार्यकारिणी सदस्य



संतोष ठाकुर

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी रविंदर बलियाला व प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल से विचार-विमर्श करके जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल ने संतोष ठाकुर को गुरुग्राम जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि संगठन विस्तार के उद्देश्य से संतोष ठाकुर की नियुक्ति कार्यकारिणी सदस्य के रूप में की गई है। उम्मीद है कि वे भविष्य में भी पार्टी हित में और बेहतर कार्य करेंगे। संतोष ठाकुर को भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ हरियाणा के सदस्य बाली पंडित, जिला-सह संयोजक ईशु वाल्मीकि, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, पयाज़्वरण संरक्षण विभाग हरियाणा भाजपा गुरुग्राम जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल, कमल शर्मा, राजेश बंसल, मोहित वत्स, डिम्पल राठी, कमांडर उदयवीर यादव, धर्मेंद्र शर्मा, हनीष केडिया, अजय राज, विहिप अध्यक्ष लोकेश नारंग, रिषी अग्रवाल, सुधीर कलसन, विजयपाल यादव, मनीष सौदा, श्रीराम वेल्फेयर सोसायटी के संस्थापक पंकज पाठक, योगेश शर्मा, एडवोकेट जय बक्शी, एडवोकेट साहिल शर्मा, प्रदेश किसान मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष अत्तर सिंह संधू आदि ने बधाई दी है।

### युवक पर नेट चोरी का आरोप लगाकर चाकू से किया हमला

**सोहना।** युवक पर सात लड़कों ने नेट चोरी का आरोप लगाते हुए लोहे की रॉड, पाइप, डंडा और चाकू से हमला करके घायल कर दिया। सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ शहर थाना सोहना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सदर थाना सोहना को गांव अभयपुर निवासी कृष्ण ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह अपने गांव से खाईका रात करीब 8 बजे बॉलीवाल खेलने के लिए जा रहा था। खाईका के पास बना मंदिर के निकट उसे नीरज, यशपाल और भारत मिले। जिन्होंने उसे पहले रोका। उसके बाद नीरज ने उसे बॉलीवाल का नेट चोरी करने का आरोप लगाते हुए थप्पड़ मारा। उसने नेट चोरी न करने की बात कही। कुछ समय के बाद नीरज, यशपाल, भारत, ऋतिक, निखिल उर्फ निक्कू, सुन्दर, नितिन गाड़ी और स्कूटी पर सवार होकर आए। जिनके हाथों में लोहे की रॉड, डंडा थे। जिन्होंने बॉलीवाल खेलते हुए उसके ऊपर हमला कर दिया। इस दौरान नीरज ने हाथ में लिए चाकू से उसके सिर के ऊपर जोरदार वार किया। जिससे उसके सिर में गहरा जख्म बन गया। सभी युवक उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

### लूट की योजना बनाते हुए तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगमिंदर की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बलवीर पर्वती कॉलोनी का, आरोपी प्रिंस और लक्ष्य संजय कॉलोनी के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों के माध्यम से तीनों आरोपियों को थाना सेक्टर 58 के क्षेत्र से लूट की योजना बनाते हुए अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपियों की तलाशी लेने पर आरोपी प्रिंस से बटन दार चाकू, आरोपी बलवीर और लक्ष्य से लोहे की 2 रोड बरामद कर थाना सेक्टर 58 में लूट की योजना बनाने व अवैध हथियार की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों का नंद घर के रूप में नवीनीकरण



**फरीदाबाद।** लघु सचिवालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की अध्यक्षता में महिला एंव बाल विकास विभाग व अनिल अग्रवाल फाउंडेशन, के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए जिसके अंतर्गत जिला के 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों का नंद घर के रूप में नवीनीकरण किया जाएगा। इस दौरान महिला एंव बाल विकास विभाग की तरफ से कार्यक्रम अधिकारी मिनाक्षी चौधरी व अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की तरफ से खुर्रम नायाब हेड ऑपरेशन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इन सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के आधारभूत ढांचे को मजबूत व इनका नवीनीकरण किया जाएगा। साथ ही केन्द्रों के आस-पास के क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को बेहतर व उन्नत बनाने के लिय कार्य किए जाएँगे। जिले के तीन खंड एनआईटी-2, फरीदाबाद ग्रामीण, बल्लभगढ़ ग्रामीण के कुल 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वॉल पेंटिंग, टयुबलाइट, एलईडी टीवी, विनायल फ्लोरिंग, बिजली, पानी व अन्य कोई भी आवश्यक मरम्मत आदि अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा करवाई जाएगी। इसके साथ-साथ इ-लर्निंग हेतु आंगनबाड़ी वर्कर का प्रशिक्षण व हेल्थ वर्कर का उचित कार्य के लिय सहयोग आदि जनहित के कार्य भी संस्था करेगी। आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों व महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए यह सभी सुविधाएं काफी लाभकारी रहेंगी। इस कार्यक्रम में उपायुक्त जितेंद्र यादव, विधायक नीरज शर्मा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी, जिला संयोजक गीतिका, सहायक सुषमा, खुर्रम नायाब हेड ऑपरेशन, प्रोजेक्ट नन्द घर, वेदांत लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता गाबा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम में जलभराव की समस्या और लचर है सफाई व्यवस्था



वार्ड-15 में जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विधानसभा में आमजन की जनसमस्याओं की सुनवाई व मौके पर ही उनके निस्तारण को लेकर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड-15 में जनता दरबार लगाया। उन्होंने यहां लोगों की समस्याएं सुनी। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह कार्यक्रम सेक्टर-4 स्थित सामुदायिक केंद्र भवन में आयोजित किया गया।

विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि वार्ड-15 में आयोजित जनता दरबार में आज सेक्टर 4 व 7, सेक्टर 7 एक्सटेंशन, कृष्णा कॉलोनी व न्यू कॉलोनी से आए दर्जनों लोगों ने उनके समक्ष करीब 80 समस्याएं रखी, जिसमें अधिकतर समस्याएं जलभराव व सफाई व्यवस्था से संबंधित थी। लोगों की समस्याएं सुनते हुए श्री सिंगला ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। वहीं कुछ समस्याओं के समाधान के लिए समय सीमा तय करते हुए उनकी समस्या का निदान करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र प्रदेश की सबसे बड़ी विधानसभा है, लेकिन जिस तीव्र गति से वे जनता दरबार लगाकर लोगों की जनसमस्याओं का निवारण कर रहे है, शायद ही पूर्व में किसी ने ऐसे कार्यक्रम किए हों।

गौरतलब है कि विधायक श्री सिंगला द्वारा गुरुग्राम विधानसभा में प्रत्येक गुरुवार को वार्ड अनुसार जनता दरबार लगाए जा रहे हैं, जिसमें आमजन की छोटी समस्याओं को प्रारंभिक स्तर पर निपटारा करने के साथ-साथ अन्य समस्याओं के लिए भी संबधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उसके निवारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। श्री सिंगला ने कहा कि उनकी विधानसभा में नगर निगम के 16 वार्ड हैं, जिसमें नए गुरुग्राम व पुराने गुरुग्राम में क्रम अनुसार जनता दरबार लगाए जा रहे हैं। विधानसभा के सभी वार्डों में जनता दरबार आयोजित करने में करीब छह महीने का समय लगेगा।

### जनता दरबार में विधायक के समक्ष लोगों ने अधिकतर इसी तरह की समस्या रखी

### वार्ड-15 में लगे जनता दरबार में आई 8 समस्याएं

एक बार सभी वार्डों का क्रम पूरा होने पर पुन: इसी क्रम में फिर से सभी वार्ड में जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान नई समस्याओं की सुनवाई के साथ साथ जनता दरबार में पूर्व में सुनी गई समस्याओं व उसके निवारण की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम विधानसभा के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। यदि कोई नागरिक अन्य दिनों में अपनी फरियाद लेकर आना चाहे तो वे प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच शमा टुरिस्ट कॉम्प्लेक्स के सामने अपने कार्यालय में जन समस्याओं की सुनवाई करते हैं। इस अवसर पर वार्ड-15 की पार्षद सीमा पाहुजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा, दुर्घटना संभावित स्थलों का करें सुधारीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केंद्रीय** भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दुर्घटना संभावित स्थलों के सुधारीकरण के निर्देश दिए। साथ ही हर सड़क का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि जिला में जो सड़क मार्ग दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील हैं, उन स्थानों पर शीघ्र ही साइनबोर्ड व क्रैश बैरियर लगाने के साथ ही उनका ट्रीटमेंट भी शुरू करें।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार हॉल में सड़क सुरक्षा समिति के लिए आयोजित बैठक की



सेक्टर 12 में आयोजित बैठक को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

अध्यक्षता की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एनएच और संपर्क मार्गों में कुछ दुर्घटना संभावित स्थल चिन्हित हैं। इनका सुधारीकरण करते हुए साल में एक बार सड़कों और पुलों का निरीक्षण जरूर करें। ऐसे में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए। साथ ही सड़कों पर अवैध रूप से निर्माण सामग्री रखने पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने एआरटीओ को दुर्घटनाओं की तकनीकी जानकारी के लिए समय से मौके पर टेक्नीशियन भेजने को कहा। ताकि दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रेट जांच समय से पूरी हो सके। इसके साथ उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में मदद करने वाले व्यक्तियों को गुड सेमेरिटन के तहत पुरस्कृत किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि पिछले कुछ दिनों में कुल 35 सड़क दुर्घटनाओं में 17 लोगों की मौत हुई थी। जबकि 12 घायल हुए। बैठक में परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि जिला में ऐसे काफी क्षेत्र हैं जो दुर्घटनाओं के लिहाज से काफी संवदेनशील है।

# सड़क किनारे खड़े ट्रोला से टकराए बाइक सवार की मौत

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव लाखूवास के पास सड़क किनारे खड़ा ट्रोला से बाइक टकराने से उस पर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। आरोपी अज्ञात चालक मौके पर अपने ट्रोला को छोड़कर फ रार हो गया। पुलिस ने ट्रोला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जिला नूंह थाना तावडू का गांव पाटुका निवासी हाफिज ने शहर थाना पुलिस को बताया कि बुधवार की रात करीब सवा नौ बजे उसका ससुर और वह अपनी-अपनी बाइक पर फ रीदाबाद रिश्तेदारी में जा रहे थे। उसका ससुर जाकिर निवासी गांव सुकपुरी जिला नूंह उससे आगे चल रहा था। जब वे पलवल मार्ग पर गांव लाखूवास के निकट पहुंचे। वहा पर सड़क किनारे एक ट्रोला खड़ा था। जिससे उसके ससुर की बाइक टकरा गई। ससुर जाकिर को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

# अग्निवीर के नाम पर फौजियों को गुलाम बनाना चाहती है सरकार : नवीन जयहिन्द

## मांग उठाई, कश्मीरी हिंदुओं को एके-47 दे सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी के पूर्व हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिन्द ने 26 जून को दिल्ली जंतर-मंतर पर पहुंचने का गुरुवार को गुरुग्राम में आकर आह्वान किया। यहां पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी 37 बिरादरियों को मीडिया के माध्यम से उनकी ताकत का अहसास कराया। समाज की 37 बिरादरी कमजोर नहीं हैं। इसके लिए 26 जून को दिल्ली जंतर-मंतर पर पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास सरकार को करवाएं।

हर रोज कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा किसी न किसी हिन्दू ओर कश्मीरी पंडितों की हत्या की जा रही हैं। केंद्र की मोदी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई हैं कश्मीरी पंडितों ओर वहां रह रहे हिन्दुओं के लिए कुछ नहीं कर रही है। जिससे



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते नवीन जयहिंद।

कश्मीरी पंडित कश्मीर से पलायन करने को मजबूर हैं। जयहिन्द ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर जवानों को अग्निपथ के तहत चार साल नौकरी करने बाद उन्हें वापस आने पर सरकारी नौकरी देने की बात कह रहे है। हम मुख्यमंत्री से यह पूछना चाहते है कि जवानों को फौज में ही पक्की अथवा सरकारी नौकरी क्यों नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहर लाल हमेशा के लिए मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, जो वे चार साल बाद जवानों को नौकरी का वादा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पहले जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करके दिखाए। जयहिन्द ने कहा कि अगर अग्निपथ योजना इतनी ही अच्छी है तो सभी नेता व मंत्री अपने-अपने बच्चों को फौज में भर्ती करवाए। सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ भद्दा मजाक किया हैं। युवा केवल पैसों के लिए फौज में नहीं जाते, बल्कि युवाओं में देश सेवा का जुनून होता हैं।

जयहिन्द ने कहा कि देश के सांसद विधायक या मंत्री घर बैठकर कश्मीर के हिन्दुओं के पलायन पर ट्वीट कर देते हैं। यह बहुत बड़ी शर्मनाक बात हैं। अगर वास्तव में सांसद, विधायक कश्मीरी हिन्दुओं का भला चाहते हैं तो कश्मीर के लाल चौक पर जाकर एक घण्टा फेसबुक लाइव करें, तब वास्तव में देश को अहसास होगा कि देश के सांसद विधायक कश्मीरी हिन्दुओं के प्रति जवाबदेह हैं। फेसबुक लाइव करने वाले सांसद विधायकों को एक लाख रुपये इनाम देने के साथ-साथ उन्हें लाल चौक पर होटल में ही ठहरने का खर्च देंगे।

# गुरुग्राम में आलीशान और नगीना में जर्जर है सहकारी बैंक की बिल्डिंग

## भय के साये में रहते हैं कर्मचारी और वहां आने वाले किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**दी** गुड़गांव केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की गुड़गांव में तो बिल्डिंग आलीशन है, लेकिन नूंह जिला के नगीना में बैंक की बिल्डिंग की हालत जर्जर है। यहां कर्मचारी, अधिकारी भय के साये में रहते हैं। उनका कहना है कि कभी भी यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि यह बिल्डिंग बहुत पुरानी हो चुकी है।

नगीना में दी गुड़गांव केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड गुड़गांवा की इमारत को देखने से ही पता चल जाता है कि यह इमारत काफी पुरानी हो चुकी है। इसके दरवाजे खराब हो चुके हैं। छत और दीवारों से सीमेंट उतर चुकी है। यहां के स्लैब पर रखी फाइलें तक खराब हो रही हैं। इस बिल्डिंग में बैंक के कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों की हालत खराब रहती है। वे यहां पर भय के साये में रहते हैं। उन्हें काम से अधिक चिंता इस बात



नगीना में दी गुड़गांव केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की बिल्डिंग, बदहाल दरवाजा व दीवारें।

की रहती है कि यहां कभी कोई हादसा ना हो जाए। कर्मचारियों ने बताया कि वे एक तरह से मौत के साये में यहां काम करते हैं। वे मजबूर हैं। यह इमारत कभी भी गिर सकती है। कर्मचारियों के साथ बैंक में आने वाले किसानों ने भी मांग की है कि इस बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग बनाई जाए। तब तक इस कार्यालय को यहां से शिफ्ट किया जाए। बैंक प्रबंधन की ओर से इस पर कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई बार इस बाबत बैंक प्रबंधन को सूचित किया जा चुका है।

### कार्यालय शिफ्ट करने की हो रही है तैयारी : जीएम

**इस** बारे में महाप्रबंधक सुशील पातड़ से बात की गई। उन्होंने कहा कि इस इमारत को लेकर जानकारी है। बड़कली चौक पर इमारत किराए पर लेने की बात चल रही है। निकट भविष्य में वहां पर शिफ्ट किया जाएगा। जो इमारतें देखी हैं, उनकी वेरिफिकेशन के लिए टीम बनाई है, इसमें स्थापना अधिकारी रमेश कुमार, लेखाकार बाबूलाल शामिल हैं।

# अब पुलिस सुरक्षा के साथ अवैध पानी के कनेक्शन काटेगा जीएमडीए

**गुरुग्राम।** यहां शीतला कॉलोनी फेज-2 गली नंबर-5 में भीड़ द्वारा मारपीट किए जाने के कुछ दिनों बाद गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवेलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) के अधिकारियों ने पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) को पुलिस सुरक्षा की आवश्यकता के संबंध में पत्र लिखा है।

अधिकारियों का कहना है कि अवैध कनेक्शन काटने जाने के लिए जीएमडीए की एक टीम शनिवार को कॉलोनी में अवैध पानी के कनेक्शन को हटाने गई थी, जब निवासियों ने उनके साथ मारपीट की। टीम को बिना किसी कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। अब जीएमडीए की ओर से भविष्य में कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान ऐहतियात बरती जा रही है। जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता अभिनव वर्मा ने कहा कि जीएमडीए की टीम पर भीड़ हमला ना कर दे, इसलिए पुलिस सुरक्षा जरूरी है। अवैध पानी के कनेक्शन काटने के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए पुलिस को पत्र लिखा है। जल्द ही अवैध पानी कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जीएमडीए ने पत्र में कहा है कि पालम विहार (सेक्टर -5 रोटरी से रेजंगला चौक) और शीतला माता मंदिर रोड पर जीएमडीए की मास्टर जलापूर्ति लाइन पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा कई अवैध कनेक्शन किए गए हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जीएमडीए ने निर्देश दिया है गैर-राजस्व जल (एनआरडब्ल्यू) को कम करने के लिए सभी अवैध कनेक्शन काटे जाएं। इन अवैध कनेक्शनों के काटने के दौरान आम जनता द्वारा काम में बाधा डाली जा सकती है। इसलिए पुलिस बल की आवश्यकता है।


बता दें कि 17 जून को जब संज्ञान में आया था कि एक इलाके का रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) कथित तौर पर जीएमडीए की मास्टर पाइपलाइन से अवैध रूप से पानी निकाल रहा है। पालम विहार, कार्टरपुरी और डूंडाहेड़ा में पानी की आपूर्ति को बाधित कर रहा है। तब जीएमडीए ने इस पर गंभीरता दिखाई। आसपास के दुकानदारों ने भी नाम न छापने की शर्त पर जानकारी दी थी कि इलाके के निवासियों ने उनसे प्रति पानी के कनेक्शन के लिए 8,000 से 10,000 रुपये तक की वसूली की है।

# अमेजन ने केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट को आमंत्रित की प्रविष्टियां

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अमेज़न** इंडिया ने गुरुवार अपने वार्षिक किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग (केडीपी) फ्लैगशिप इवेंट, पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें संस्करण का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता के साथ, अमेज़न लेखकों को अंग्रेजी, हिंदी और तमिल भाषाओं में मूल और अप्रकाशित प्रविष्टियां जमा करने के लिए आमंत्रित करता है।

यहां एक प्रतिष्ठित निर्णायक पैनल प्रविष्टियों का विश्लेषण करेगा। यहां हिंदी प्रविष्टियों के लिए सत्य व्यास और विजय काकवानी, अंग्रेजी प्रविष्टियों के लिए सुदीप नागरकर और सुधा नायर और तमिल प्रविष्टियों के लिए नागा चोकन मूल्यांकन करेंगे। इच्छुक नवोदित लेखक केडीपी सर्विस का उपयोग कर 5,000 शब्दों से अधिक की अपनी ई-पुस्तक को स्वयं प्रकाशित कर प्रतियोगिता में अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रतिभागी यहां अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं, जिन्हें 10 जुलाई 2022 से 10 सितंबर 2022 तक मौलिकता, रचनात्मकता, लेखन की गुणवत्ता और ग्राहकों की प्रतिक्रिया सहित कई मानदंडों पर



आंका जाएगा। प्रतियोगिता के पिछले संस्करणों के विपरीत, इस वर्ष प्रत्येक भाषा में शीर्ष 10 प्रविष्टियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

विजयी प्रविष्टि को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि प्रथम उपविजेता को 50,000 और द्वितीय उपविजेता को 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। शीर्ष 10 में से अन्य सात प्रतिभागियों में प्रत्येक को 10,000 की राशि प्रदान की जाएगी। लॉन्च के मौके पर अपने विचार साझा करते हुए, अमोल गुरुवारा, डायरेक्टर किंडल कंटेंट-इंडिया, अमेजन ने कहा, पेन टू पब्लिश के चौथे संस्करण ने हमारी उम्मीदों को और भी बढ़ा दिया है। इसने हमें इस वार्षिक प्रतियोगिता को आगे भी जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया है। सेल्फ-पब्लिशिंग के माध्यम से सभी क्षेत्रों के लेखकों को सशक्त बनाने और उन्हें ऑथरप्रिनियोर बनने में मदद करने के अपने वादे को आगे बढ़ाते हुए, हमें इस पांचवें संस्करण की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हमारा उद्देश्य उत्साही लेखकों को अपने काम को सेल्फ पब्लिश कर अपने लेखन के जुनून को करियर में बदलने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष भी हमें पहले से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त होने की उम्मीद है। सत्य व्यास, लेखक एवं केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवे संस्करण के जूरी सदस्य - हिंदी भाषा कहते हैं, दुनिया भर के लेखकों ने केडीपी के माध्यम से अपने काम को प्रकाशित कर लेखन का सफल करियर बनाया है। मैं इस साल पेन टू पब्लिश प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, और हिंदी में कुछ ऐसे रोमांचक काम पढ़ने के लिए उत्साहित हूं, जो आगे चलकर हिंदी साहित्य के बड़े कैनवास में अपना योगदान देगा। पेन टू पब्लिश प्रतियोगिता के चौथे संस्करण की विजेता दीप्ति मित्तल कहती हैं, जब मैंने पिछले साल प्रतियोगिता में भाग लिया, तो यह सेल्फ-पब्लिशिंग में मेरा पहला अनुभव था। मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि कैसे केडीपी ने इस प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया है और इसकी मदद से मुझे मेरी किताब के लिए एक बड़ी संख्या प्राप्त में पाठक प्राप्त हुए।

# हरियाणा व हिमाचल के विधायकों ने राष्ट्रपति उम्मीदवार के पक्ष में किए हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

## राष्ट्रपति चुनाव को लेकर हरियाणा व हिमाचल के विधायकों की हुई साझी बैठक



**राष्ट्रपति** चुनाव को लेकर एनडीए की ओर से आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मु को उम्मीदवार बनाया गया है। द्रौपदी मुर्मु की दावेदारी को मजबूत करने के लिए गुरुवार को हरियाणा निवास में हिमाचल प्रदेश व हरियाणा के विधायकों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में विधायकों ने राष्ट्रपति चुनाव के सहमति पत्र फार्म-11 पर अपने हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल व हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में विधायकों की बैठक हुई। हरियाणा से भाजपा-जजपा व निर्दलीय विधायकों ने फार्म-11 पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश से मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व मंत्रियों सहित विधायकों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव को लेकर उत्तर भारत के विधायकों की बैठक हुई है। देशभर में विधायक व सांसदों द्वारा नामांकन के आह्वान किया है। फार्म-11 पर विधायकों ने हस्ताक्षर किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रपति के चुनाव को लेकर हरियाणा व हिमाचल के विधायकों की संयुक्त बैठक हुई है। विधायकों ने फार्म-11 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राष्ट्रपति पद के लिए पहली बार देश को आदिवासी महिला के रूप में उम्मीदवार मिली है। यह महिला सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार का सराहनीय फैसला है। निश्चित रूप से एनडीए का उम्मीदवार जीत दर्ज करेगा। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव को लेकर विधायक दल की बैठक हुई है। जजपा ने एनडीए उम्मीदवार का समर्थन किया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनकड़, सांसद नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहें

**भाजपा शासित प्रदेशों के सीएम दिल्ली में रहेंगे मौजूद :** राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को अपना नामांकन भरेंगी। इस दौरान भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री दिल्ली में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री की ओर से सभी मुख्यमंत्रियों को दिल्ली बुलाया गया है। हरियाणा से मुख्यमंत्री मनोहर लाल व हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर दिल्ली में मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नामांकन के लिए मुख्यमंत्रियों को दिल्ली बुलाया गया है।

# सीएससी पिनगवां भवन : जवानी से बुढ़ापे की ओर हुआ अग्रसर

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



## सीएचसी का दस साल पहले बना भवन उद्घाटन से पहले मांग रहा मरम्मत

## भवन के इन दिनों शीशे से लेकर दीवारों में मरम्मत इत्यादि का काम चल रहा

## लोगों ने सीएससी पर स्टाफ और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की

**स्वास्थ्य** सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पिनगवां कस्बे में कई साल पहले भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय की मदद से पीएचसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदोन्नत किया गया। भवन को सभी सुविधाओं से लैस और जल्द बनाकर देने के लिए एनबीसीसी को टेंडर दे दिया गया, लेकिन कछुआ गति से काम हुआ। महीनों में होने वाला काम करीब 10-12 साल में भी नहीं हो पाया। इतने लम्बे समय में सरकार भी सूबे में बदल गई, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं में कोई खास सुधार पिनगवां कस्बे में देखने को नहीं मिला। हद तो तब हो गई जब भवन उदघाटन से पहले ही रिपेयरिंग मांगने लगा है। ग्रामीणों के मुताबिक सीएससी भवन जवानी से बुढ़ापे की ओर अग्रसर हो रहा है।

लोग स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली तथा भवन निर्माण से खुश नहीं दिख रहे हैं। लोगों का मानना है कि स्वास्थ्य विभाग यहां कर्मचारियों की नियुक्ति कर इस अस्पताल को सुचारु करे तो इलाके के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूरदराज इलाकों में भटकना नहीं पड़ेगा। पिनगवां कस्बे के साथ-साथ दर्जनों गांवों के लोगों को उस समय अपार खुशी हुई थी, जब कस्बे में करीब 10-12 साल पहले अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से पीएचसी को सीएचसी में बनाने का काम शुरू हुआ। सीएचसी के निर्माण पर 2.54 करोड़ से अधिक रुपये की राशि खर्च होनी थी। एनबीसीसी को निर्माण का काम सौंपा गया। लेकिन चंद महीने बाद काम बंद हो गया। सीएचसी भवन का कार्य 2012 में पूरा होना था, लेकिन अब 2022 में पहुंच चुके हैं। पिनगवां कस्बा के लोगों का कहना है कि हमें पूर्ण मात्रा में स्वास्थ्य सेवाए नहीं मिल रही कि अस्पताल में पानी की कमी है। लेडी डॉक्टर भी नहीं है। बुखार, सिरदर्द, खुजली की टेबलेट की दवाइयां तक ही अस्पताल सिमट कर रह गया है। मरीजों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। आपको बता दें की करीब 20-25 गांवों के लिए एक ही अस्पताल है, जिसमें 3 से 4 बैड हैं। गांवों के लोगों ने कहा की अस्पताल में सुविधा नहीं होने से मरीजों को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा, अलवर या फिर दिल्ली के लिए रेफर किया जाता है। मरीज की रास्ते में जान भी चली जाती है। अगर सीएचसी पिनगवां सुविधा संपन्न बन जाती है तो क्षेत्रों के लोगों को काफी परेशानी से बच सकती है। यूपीए सरकार में तत्कालीन अल्पसंख्यक मंत्री के रहमान खान ने पिनगवां कस्बे का दौरा कर मौके पर ही एनबीसीसी को फटकार लगाई, परन्तु कोई भी फटकार काम समय पर कम्प्लीट नहीं करा पाई। बाद में भाजपा सरकार से काफी उम्मीदें बढ़ीं। सत्ता तक बदल गई, लेकिन निजाम नहीं बदला।

### क्या मनोहर सरकार पार्ट-1 करा पाएगी उद्घाटन

**मनोहर** पार्ट-1 में भी काम तो जैसे-तैसे दोबारा शुरू हो गया, लेकिन उद्घाटन से पहले ही भवन जवानी से पहले बुढ़ापे की तरफ चल दिया। अब देखना यह है कि पिनगवां कस्बे के साथ-साथ करीब दो दर्जन गांवों के लोगों को इस भवन से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी।

### शीशे और दीवारों का काम चल रहा

**अब** इसे घटिया सामग्री से 10-12 साल पहले बना भवन कहें या स्वास्थ्य विभाग के देखरेख का अभाव। कुछ भी हो लेकिन नए भवन के इन दिनों शीशे से लेकर दीवारों में मरम्मत इत्यादि का काम चल रहा है।

# खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में डिपो होल्डर से उगाही का खेला जा रहा खेल

**रिजवान कासिम।** मेवात

**खाद्य** एवं आपूर्ति विभाग नूंह में भ्रष्टाचार दीमक की तरह फैला हुआ है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी व कर्मचारी डिपो होल्डर के कमीशन में से खुलेआम 10 प्रतिशत हिस्सा नकद लेने के बाद ही उसके कमीशन को बैंक खातों में डालने की बात कह रहे हैं। डिपो होल्डर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की इस लालफीताशाही व तानाशाही से बेहद हताश और निराश हैं, लेकिन नाम उजागर होने पर उन्हें इस बात का डर भी सता रहा है कि उन्हें अपने राशन डिपो से हाथ तक होना पड़ सकता है। इसलिए नाम न छापने की शर्त पर कुछ डिपो होल्डरों ने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एक एएफएसओ तथा एक इंस्पेक्टर फिरोजपुर झिरका तथा पुनहाना क्षेत्र में डिपो होल्डर का जो पिछले काफी समय का कमीशन विभाग के पास बकाया है। उसको उनके खाते में डालने की एवज में 10 फीसदी तक कमीशन ले रहे हैं, जो डिपो होल्डर कमीशन के लिए आनाकानी कर रहा है। उसको अपने खाते में रकम डलवाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ डिपो होल्डर से एएफएसओ तथा इंस्पेक्टर ने अवैध उगाही कमीशन खातों में डालने के नाम पर भी कमीशन ली है। इस बात की चर्चा खाद्य आपूर्ति विभाग से लेकर इलाके में आम हो चली है। इस विभाग में भ्रष्टाचार का यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी इस विभाग में एक बार नहीं बल्कि बार-बार भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में भी इस विभाग के भ्रष्टाचार का मामला कई बार प्रमुखता से उठाया गया है, लेकिन कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों को बिना रिश्वत लिए शायद नींद नहीं आती। इसलिए नियम व कायदे कानून को ताक पर रखकर अधिकारी व कर्मचारी डिपो से अवैध उगाही करने का काम कर रहे हैं।

### डिपो होल्डर मुखालफत नहीं कर पा रहे कार्रवाई के डर की वजह से

**डिपो** होल्डर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि वे अधिकारियों व कर्मचारियों की लालफीताशाही से काफी समय से परेशान हैं, लेकिन कार्रवाई होने के डर की वजह से खुलकर मुखालफत नहीं कर सकते। उन्होंने कहा है कि इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और अवैध उगाही करने वाले एएफएसओ तथा इंस्पेक्टर पर ठोस कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि फिर कोई भ्रष्टाचार का मामला इस विभाग में उजागर ना हो।

# क्षेत्र के युवाओं को हमारे एमओयू से मिलेगा रोजगार : संस्थान संचालक

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

## कामधेनु आरोग्य संस्थान और कुरुक्षेत्र कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के बीच हुआ करार

**नूंह** जिले तावडू उपमंडल के अंतर्गत गांव बिस्सर अकबरपुर स्थित कामधेनु आरोग्य संस्थान एवं श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के बीच एक समझौता (एमओयू) हुआ है। मंगलवार 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डा. एसपी गुप्ता तथा अध्यक्षा शशि गुप्ता को कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा सम्मानित करने के दौरान यह समझौता हुआ।

कामधेनु आरोग्य संस्थान तथा श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के मध्य हुए समझौते के बाद जिले के युवाओं को रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। संस्थान में पंचगव्य उत्पाद निर्माण, अनुसंधान और विस्तार के क्षेत्र में आपस में इंफ्रास्ट्रक्चर का आदान-प्रदान करते हुए प्रशिक्षण के विकास में तथा युवकों के लिए दोनों ही संस्थान परस्पर रोजगार में सहयोग करेंगे। कामधेनु संस्थान संचालक डा. एसपी गुप्ता ने बताया कि अरावली की रमणीक तलहटी के पास स्थित कामधेनु आरोग्य संस्थान के साथ हुआ यह एमओयू नूंह जैसे पिछड़े क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। देश का पहला ऐसा निजी संस्थान है जिसके साथ इस तरह का समझौता किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्राकृतिक चिकित्सा का ऐसा वातावरण प्रदान करता है।

जो मन की शांति एवं संतोष की पूर्ति के साथ शरीर को भी स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण साबित होगा। दिल्ली से महज 35 किलोमीटर व गुरुग्राम से मात्र 20 किलोमीटर दूर यह संस्थान प्राचीन, पारंपरिक, वैकल्पिक, चिकित्सा प्रणाली का एक अनूठा संयोजन प्रस्तुत करेगा। जिसमें भूमि, जल, वायु, अग्नि व आकाश पांचों तत्वों के माध्यम से चिकित्सा की एक विशिष्ट प्रणाली प्रदान की जाएगी। इसके अलावा संस्थान द्वारा जैविक खेती, बागवानी और पर्यावरण एवं गांवों के सर्वागीण विकास के बारे में ज्ञान वर्धन के लिए किसान सम्मेलनों का आयोजन कराया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

## भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया

**तावडू।** जन संघ व भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 120वीं पुण्यतिथि गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस क्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजयपाल सहरावत व धर्मेंद्र भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर के मंडल कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण व फूल अर्पितकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। विजयपाल सहरावत ने कहा कि आज के दिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में अपना बलिदान दिया था। मुखर्जी देश में दो प्रधान दो विधान और दो निशान के सख्त खिलाफ थे। उनका कहना था कि एक देश में एक ही कानून होना चाहिए। उनके इस स्वप्न को पूरा करने का काम मां भारती के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। इस दौरान धर्मेंद्र भारद्वाज ने कहा कि ऐसे महान शिक्षाविद्, देशभक्त, प्रखर राष्ट्रवादी, कर्मठ, जुझारू, मानवता के उपासक, चिंतक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक को मेरा बार-बार नमन। अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरपर्सन, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय जांगिड़, महामंत्री कुलदीप सरपंच, मंडल सचिव पवन कुमार, मंडल सचिव सपात खां (मैंबर, अजमेर दरगाह कमेटी) आदि मौजूद रहे।




**श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी।**

# पानी के अवैध कनेक्शन और जल की बर्बादी करने वालों पर चिह्नित कर होगी कार्रवाई

## कनिष्ठ अभियंता पराग शर्मा ने कहाख इस प्रकार की मुहिम खंड मोरनी की सभी पंचायतों में चलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** हरियाणा/चंडीगढ़।




**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यकारी अभियंता विकास लाठर एवं उपमंडल अभियंता विनोद सैनी के दिशा निर्देश में आज खंड मोरनी के ग्राम पंचायत भोज जब्याल के मोरनी गांव में एक विशेष टीम बनाकर पानी के कनेक्शनों की चेकिंग की गई। अवैध कनेक्शनों व पानी की बर्बादी करने वालों को चिन्हित किया। इस टीम का मुख्य उद्देश्य लोगों द्वारा की जा रही पानी की व्यर्थ बर्बादी को रोकना था । इस टीम ने मोरनी के अलग-अलग मोहल्लों में जाकर लोगों के पानी के कनेक्शन चेक किए तथा जिन घरों में पानी के कनेक्शनों पर टैप या पानी की टंकियों में बोल वाल नहीं लगे हुए थे उन घरों को पानी के कनेक्शनों पर टैप व टैंकियों में बाल वाल लगाने के लिए जागरूक किया तथा पानी के अवैध कनेक्शनों को वैध करने के लिए जानकारी दी ।

कनिष्ठ अभियंता पराग शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की मुहिम खंड मोरनी की सभी पंचायतों में चलाई जाएगी और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। यदि इसी प्रकार लोग पानी की बर्बादी करते हैं तो विभाग द्वारा नोटिस देकर विभागीय कार्यवाही व कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के बी आर सी सुभाष चन्द्र ने लोगों को पानी का महत्व बता कर आवश्यकता के अनुसार ही पानी का प्रयोग करते हुए जल संरक्षण में सहयोग देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पंचकूला जिले में पानी की व्यर्थ बर्बादी को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाकर पानी की बर्बादी को रोकने के लिए नोटिस देकर पानी के कनेक्सनों को काटे जाने की मुहिम चलाई जा रही है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज मोरनी में टीम बनाकर पानी के कनेक्सनों की चैकिंग की गई व लोगों को जागरूक किया गया। इस टीम में मुख्य रूप से बी आर सी सुभाष चन्द्र के साथ धर्मपाल फिटर, ऑपरेटर अजमेर सिंह, कुशल, खेम राज आदि उपस्थित रहे।

# मोरनी के उभरते स्टार मोहित ने पंजाबी सॉन्ग मेहफिला में दिखाई अदाकारी



**हरियाणा/चंडीगढ़।** मोरनी के उभरते सितारे मोहित ने यहां पर हरियाणवी और पंजाबी गानों की शूटिंग कर मोरनी का नाम रोशन किया है। मोरनी हिल्स हरियाणा का पसंदीदा पर्यटक क्षेत्र है, जहां सेलानी मोरनी हिल्स की खूबसूरती का आनंद लेने पहुंचते हैं।

इसी बीच पंजाबी सॉन्ग की शूटिंग कर रहे मोरनी हिल्स के उभरते स्टार मोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रेम चौटाला द्वारा सॉन्ग को लिखा वह गाया गया है। जल्दी ही इस सॉन्ग की वीडियो देखने को मिलेगी। मोहित परमार व प्रेम चौटाला जो सिंगर और राइटर का काम बड़ी खूबसूरती से निभा रहे हैं और आने वाले कुछ समय में अपने कल्चर को उभारने के लिए प्रयास कर रहे आपको बता दें कि प्रेम चौटाला द्वारा कुछ गानों को लिखकर उन्हें फिल्माया गया है।

अपने हरियाणा के हरियाणवी कल्चर को बढ़ावा देते हुए लीड रोल में मोरनी के उभरते सितारे मोहित परमार को मुख्य तौर पर अपने साथ पंजाबी सॉन्ग में उनको लिया गया है। क्योंकि मोहित द्वारा पहले कई गानों में अपनी भूमिका निभा चुके हैं। आने वाले कुछ दिनों में मोरनी के उभरते सितारे के नाम से विकसित होने का प्रयास कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मेधावी विद्यार्थी जानेंगे तेलंगाना हैदराबाद की संस्कृति



**चंडीगढ़।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक स्रोत्र एवं प्रशिक्षण केंद्र हैदराबाद सीसीआरटी में एक दूसरे की संस्कृति को जानने के लिए हरियाणा के बच्चों और अध्यापकों का छह दिवसीय कार्यक्रम में आज हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला से साइंस एवं आर्ट और कल्चर की कंसलटेंट सोनाली ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के सूत्रधार कोऑर्डिनेटर सतवीर कौशिक ने कहा कि इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने मैं मैडम सोनाली के अथक प्रयासों का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे तो ऐसे हैं जो आज तक कहीं ट्रेन से बाहर भी नहीं गए थे और उनको विभाग द्वारा आज एसी ट्रेन का प्रबंध करने पर बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए मैडम सोनाली ने कहा कि बच्चों के लिए जो यह कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाया जा रहा है इसमें वह मेधावी बच्चे हैं। जो अपने अपने जिले के आर्ट एवं कल्चर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे हैं। यह बच्चे जैसे ही अपने स्कूलों में जाएंगे, दूसरे बच्चों को भी प्रेरित करेंगे। ताकि भविष्य में होने वाले कार्यक्रम में दूसरे बच्चे की हिस्सेदारी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो बच्चे आज इस कार्यक्रम में नहीं आ सके उन्होंने अगले साल इतनी मेहनत करनी है कि उनका भी नाम आगे आने वाले इस प्रकार के कार्यक्रमों में शामिल किया जा सके। हैदराबाद पहुंचने पर सभी अध्यापकों और बच्चों ने राज्य हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आईएएस जे गणेशन का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने के लिए अनुरोध किया ताकि बच्चों और अध्यापकों में एक दूसरे राज्य की संस्कृति का आदान-प्रदान हो सके।

### प्रवक्ता राहुल जैन समेत सभी कार्यकर्ताओं ने की खूब मेहनत

**नूंह।** वैसे तो नूंह नगर परिषद चुनाव में जेजेपी का जो जीत का परचम लहराया, उसमें कई नेताओं और वर्करों की अहम भूमिका रही, लेकिन जेजेपी प्रवक्ता राहुल जैन ने जो जिम्मेदारी इस चुनाव में निभाई, वह सराहनीय रही। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने न केवल प्रेस के माध्यम से सारे इलेक्शन को कवर किया बल्कि पार्टी की छवि सुधारने में अनेक सुझाव देकर कार्यक्रमों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। खुद राष्ट्रीय प्रचार सचिव व नूंह प्रभारी दलबीर धनखड़ ने बताया कि प्रत्येक मीटिंग और कार्यक्रमों में शामिल होने वाले हमारे प्रवक्ता और कार्यकर्ताओं ने इस चुनाव में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रम की लाजवाब कवरेज, बढ़िया स्टेज संचालन व पार्टी नीतियों के प्रचार-प्रसार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन, प्रदेश प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया व पूर्व प्रत्याशी तैयब हुसैन घासेडिया ने भी प्रवक्ता और कार्यकर्ताओं के काम की प्रशंसा करते हुए बताया कि प्रवक्ता जैन का परिवार लगभग 50 वर्षों से निरंतर पार्टी से जुड़ा हुआ है। चुनावी जीत हासिल करने वाले नवनियुक्त चेयरमैन संजय मनोचा भी उनके काम से काफी खुश नजर आए।

### हरियाणा में ऑनलाइन मिलेंगे दवा फैक्ट्री के लाइसेंस

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा समस्त भारत में पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां दवा निर्माण करने वाली फैक्ट्री को ऑनलाइन लाइसेंस जारी किया जाएगा। इस संबंध में बृहस्पतिवार को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ऑनलाइन लाइसेंस के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया बहुत ही सरल है। आवेदक को अपनी दवा बिक्री तथा निर्माण/उत्पादन लाइसेंस हेतु आवेदन statedrugs.gov.in पर आवेदन करना होगा। दवा बिक्री के लाइसेंस ऑनलाइन जारी करने वाले हरियाणा के अतिरिक्त तीन अन्य राज्य गोआ, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर है जबकि दवा निर्माण, रक्त केन्द्र इत्यादि के लाइसेंस ऑनलाइन जारी करने वाला हरियाणा प्रथम राज्य है। विज ने बताया कि गत दिनों उनके द्वारा ओएलडीएलएस पोर्टल को अंबाला में लांच किया गया था। हरियाणा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं केन्द्रीय मानक नियंत्रण संगठन, भारत सरकार के सतत प्रयासों से ऐसा होना संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही निर्माण लाइसेंस के अतिरिक्त टेंडर एवं निर्यात हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र, जैसा कि बिक्री प्रमाण पत्र, नॉन-कन्विक्शन प्रमाण पत्र, मैन्युफैक्चरिंग एवं मार्किट स्टैंडिंग प्रमाण पत्र, फार्मास्युटिकल उत्पाद प्रमाण पत्र इत्यादि का ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। इस ऑनलाईन प्रक्रिया से एक तरफ भारी भरकम फाइलों को तैयार करने हेतू कागजों एवं समय की बचत होगी और भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। विज ने दवा निर्माताओं से आह्वान करते हुए कहा कि हरियाणा अपनी निर्माण इकाइयों को स्थापित करें और मौजूदा निर्माण ऑनलाईन प्रक्रिया के तहत आवेदन कर इस प्रक्रिया को बढावा देने का काम करें।

### राजकीय महाविद्यालय में आईओटी पर हुआ एक्सपर्ट लेक्चर

**हरियाणा/चंडीगढ़।** आज राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा एक एक्सपोर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन के रुप में प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार कंप्यूटर साइंस विभाग गवर्नमेंट कॉलेज टोहाना फतेहाबाद द्वारा शिरकत की गई। लेक्चर इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), लेटेस्ट ट्रेंड्स इन आई.टी. सेक्टरके बारे में विस्तार से बताया गया। प्रोग्राम का आयोजन डॉक्टर रोहित कुमार भुल्लर कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा जित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रथम वर्ष के B.A. (कंप्यूटर साइंस) और बीकॉम वोकेशनल के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रोफेसर नरेंद्र आंचल (प्रिंसिपल) के दिशा-निर्देशों के अनुसार सफलतापूर्वक कराया गया। इसके अलावा अन्य प्राध्यापक श्री सुभाष चंद्र, गोदारा, प्रोफेसर मनदीप चहल एवं अन्य उपस्थित रहे।

### पंचकूला में चलेगा 26 को मेगा सफाई अभियान : ओपी सिहाग

**हरियाणा/चंडीगढ़।** गुरुवार को एसोसिएशन ऑफ पार्क डेवलपमेंट सोसाइटीज, पंचकूला, अपना पंचकूला व माइंड वेदा के पदाधिकारियों की एक साझा बैठक सेक्टर-12 पंचकूला में ओपी सिहाग प्रधान अपना पंचकूला एवं एपीडीएस,पंचकूला की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में पंचकूला में पार्कों के रखरखाव में आ रही दिक्कतों व शहर की सफाई व्यवस्था बारे काफी विस्तार में चर्चा हुई। बैठक में माइंड वेदा के संस्थापक कंवल बिंदुसार ने कहा कि पंचकूला में सफाई व्यवस्था के हालात ठीक नहीं है। विशेषतौर पर पॉलीथिन की थैलिया हर जगह बिखरी मिलती है, इस बारे हमे गम्भीरता से सोचने व कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। ओपी सिहाग ने कहा कि एक जिम्मेदार व जागरूक नागरिक होने के नाते हमारा सबका दायित्व बनता है कि हम सभी पंचकूला वासी चाहे नौकरी पेशे वाले हो, चाहे व्यापारी हो, चाहे किसी राजनीतिक दल से जुड़े हो, चाहे किसी सामाजिक व धार्मिक संस्था से जुड़े हो,चाहे स्कूल कालेज में पड़ने वाले विद्यार्थी हो, चाहे बुजर्ग हो या कोई गै़र सरकारी संस्थाओं से जुड़े लोग हो या विभिन्न सेक्टरों की वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े लोग हो।

पायनियर
क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Sushant Bhatt S/o Sh. S.S. Bhatt R/o Flat-281, AFNOE, Plot-11 Sector-7, Dwarka have Lost Possession Letter Flat No 1301, Exclusive Tower, SPR Buildtech Sec-82, Faridabad. If found cont above address.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# स्टरलाइट की बिक्री
## राजनीति पड़ी भारी

**स्टरलाइट** प्लांट की बिक्री का अर्थ है कि एक बार फिर सुशासन पर राजनीति भारी पड़ी है। वेदान्ता द्वारा तुत्तीकोरिन स्थित स्टरलाइट कापर प्लांट की बिक्री न केवल तमिलनाडु में औद्योगिक विकास को धक्का है, बल्कि यह नरेन्द्र मोदी सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के लिए भी शुभ संकेत नहीं है। निश्चित रूप से यह फैक्ट्री में रोजगार पाए 30,000 लोगों के लिए भी गहरा धक्का है जिसमें 5,000 प्रत्यक्ष तथा 25,000 परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त थे। यह केन्द्र सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी धक्का है क्योंकि इस प्लांट से देश में कुल तांबा उत्पादन का दो बटा पांचवां हिस्सा उत्पादित होता था। राज्य सरकार द्वारा मई, 2018 में बंद किए जाने के बाद पिछले चार साल से इस फैक्ट्री का भविष्य अधर में लटका था। बंद करने का आदेश पर्यावरण एक्टिविस्टों पर पुलिस गोलीबारी के बाद लिया गया था जो प्लांट बंद करने की मांग कर रहे थे। इस हिंसा में 13 लोग मारे गए थे। हालिया खबरों के अनुसार, क्षेत्र के तटीय इलाके के गांवों में रहने वाले मछुआरों ने जिला कलेक्टर के. सेंथिल राज को एक याचिका देकर प्लांट पुन: खोलने की मांग की थी। अनेक अन्य लाभार्थी समूह भी फैक्ट्री पुन: शुरू करवाना चाहते थे जिनमें थूथुकुडी कांट्रैक्टर्स असोसियेशन भी शामिल है। इन सबके मुकाबले पर्यावरण एक्टिविस्ट थे जो फैक्ट्री खोलने के पूरी तरह खिलाफ थे। इस बीच वेदान्ता ने इसे बंद करने का फैसला किया। उसके आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'तुत्तीकोरिन राष्ट्रीय प्लांट है तथा यह देश व



तमिलनाडु के सर्वोत्तम हित में है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए विकल्प तलाश रहे हैं कि यह प्लांट व उसकी परिसंपत्तियां देश में तांबे की बढ़ती मांग पूरी करने में अपनी भूमिका निभा सकें।'

लोकसभा में दिए एक लिखित जवाब में खनन, कोयला एवं संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा था कि तुत्तीकोरिन में स्टरलाइट कापर प्लांट बंद करने से परिष्कृत तांबे के घरेलू उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसका उत्पादन घट कर 2019-20 में 410,000 टन हो गया था, जबकि यह 2017-18 में 830,000 टन था। दूसरे शब्दों में उच्चतम स्तरों पर यह समझदारी है कि प्लांट बंद होने से नुकसान हुआ है। लेकिन इस समझदारी के बावजूद स्टरलाइट प्लांट दोबारा शुरू नहीं हो सका। इन सारी चीजों से अनेक बार हमारी प्रशासनिक व्यवस्था की सामूहिक विफलता सामने आई है। इससे आम जनता में यह भावना पैदा होती है कि सभी लोग जानते हैं कि एक खास रास्ते पर चलना कितना महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके बावजूद कोई ऐसा करने में सफल नहीं होता है। केन्द्र सरकार औद्योगिक विकास व आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना चाहती है, बताया जाता है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर स्टरलाइट फैक्ट्री खोलने का भारी दबाव था, स्थानीय लोग ऐसा चाहते थे और सेवायोजक भी प्लांट खोलना चाहते थे। लेकिन इसके बावजूद ऐसा नहीं हुआ। ऐसा लगा कि जैसे पूरा राजनीतिक वर्ग राजनीति में इतना लिप्त था कि वह सुशासन का अपना मूल दायित्व भूल गया। राजनीतिक एक्टिविस्ट केवल साधन हैं और सत्ता साध्य है। सत्ता में होने पर आपको शासन करना चाहिए। लेकिन राजनीति के अनेक आकर्षक षडयंत्र कई बार हमारे नेताओं को प्रभावित करते हैं। यह इसलिए भी बुरी खबर है कि यह उद्योग बंद होने से भी लोग अपनी वंचना से मुक्त नहीं होंगे।

# हर तरह के आतंकवाद से मुकाबला

सुप्त खालिस्तान आंदोलन को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से आतंकवाद व अन्य अवैध गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर सरकारों को एक साथ कार्य करना चाहिए।



बृजेंद्र सिंह पंवार
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



भले ही विशेषज्ञों ने लोकप्रिय जन समर्थन के अभाव में 'खालिस्तान आंदोलन' के पुन:उभार को खारिज कर दिया हो, मगर हाल ही में पंजाब, जम्मू और कश्मीर के उत्तर-पश्चिमी राज्यों में फैले कट्टर अपराधियों और उग्रवादी समर्थक तत्वों द्वारा हमलों व हत्याओं की घटनाओं में वृद्धि हुई है। हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी स्पष्ट रूप से अनेक आतंकी संगठनों के 'स्लीपर सेल' की उपस्थिति और खालिस्तान समर्थक तत्वों की सक्रिय भूमिका का संकेत दिया है, जाहिर है, देश के भीतर निहित स्वार्थों और विदेशों में बसे लोगों के समर्थन से आतंकवादी संगठन तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्व फल-फूल रहे हैं। 'खालिस्तान' के स्थापना दिवस को बड़े पैमाने पर मनाने के लिए प्रतिबंधित संगठन, सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने घोषणा की थी। उसकी घोषणा के बाद अनेक भटके हुए सिख नौजवानों द्वारा मार्च निकालने को लेकर हुए टकराव के बीच पटियाला में 29 अप्रैल को जनता के विभिन्न समूहों के बीच झड़प हो गई। सिख फार जस्टिस एक प्रतिबंधित संगठन है जो इंटरनेट व आभासी दुनिया में अपने मजबूत प्रभाव के चलते आम लोगों को कट्टरपंथी बनाने, पुरानी भावनाओं को भड़काने और खालिस्तान के लिए आंदोलन को पुनर्जीवित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। 8 मई को, धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विधान सभा परिसर के मुख्य द्वार और चारदीवारी पर कुछ 'खालिस्तान' के झंडे लटके पाए गए। अगले दिन, अलग सिख राज्य के लिए प्रयासरत, एक आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) ने इस कृत्य की जिम्मेदारी ली और हिमाचल प्रदेश सरकार को भविष्य में भी ऐसी घटनाओं के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी।

9 मई को, मोहाली में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस विंग मुख्यालयों के मुख्यालय में रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड (आरपीजी) हमले हुए। इन घटनाओं के मद्देनजर एक सुरक्षा एलर्ट जरूर जारी हुआ था। लेकिन इसके बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है कि इन सभी हमलों के पीछे अपराधी गैंगस्टरों, असामाजिक तत्वों, बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्यों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस की सांठगांठ रही है। 6 मई को, पंजाब पुलिस की सूचना के आधार पर, हरियाणा पुलिस ने करनाल से चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन उच्च क्षमता वाले विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और एक पिस्तौल बरामद किया। इन घटनाओं के बाद पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और तरनतारन जिले के एक गांव से आरडीएक्स से लैस एक अन्य इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस-आईईडी बरामद किया। हालांकि, पंजाब व हिमाचल प्रदेश में में पुलिस द्वारा समय पर की गई कार्रवाई ने अनेक आसन्न हमलों को रोकने में मदद की और पुलिस ने हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा द्वारा चलाए जा रहे पाकिस्तान स्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की गंभीर जांच से पता चला कि विस्फोटकों की आपूर्ति पाकिस्तान से, सीमा पार से ड्रोन के जरिए की गई थी।

इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से स्पष्ट होता है कि पंजाब अपराधियों और असामाजिक तत्वों का प्रजनन स्थल बन गया है। उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार इस समय राज्य में 500 से अधिक सदस्यों वाले 70 अपराधी गिरोह सक्रिय हैं। हालांकि, 300 से अधिक दुर्दान्त अपराधी प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद हैं, लेकिन वहां से वे जेल अधिकारियों की ढिलाई के कारण अपने गिरोह का सक्रिय रूप से नेतृत्व कर रहे हैं। परेशान नौजवानों को लुभाने के लिए बंदूक की संस्कृति का महिमामंडन करने वाले इन अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया के बड़े पैमाने पर उपयोग को देखते हुए, कानून-प्रवर्तन एजेंसियों को बहुत देर न करते हुए उन्हें पकड़ने का एक कठिन कार्य करना पड़ता है।

**पंजाब समेत सभी पड़ोसी राज्यों को स्थिति से निपटने के लिए एक विशेष कार्य बल का गठन करना चाहिए और सभी चार राज्यों के पुलिस बलों को संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए करीबी तालमेल से काम करना चाहिए**

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर हथियारों की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि अपराधी गिरोहों को आतंकवादी मंशा से पंजाब स्थित व्यापारियों से रंगदारी और पैसे मांगने के लिए विदेशों में संगठित कर उनका नेटवर्क किया जाता है। इससे स्पष्ट है कि विदेशों में मौजूद सिख आतंकवाद व खालिस्तान समर्थक तत्वों तथा भारत-विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की आवश्यकता है।

हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि चंद घटनाओं को छोड़कर, भारत और विदेशों में 1980 के दशक की तरह का, कहीं कोई 'खालिस्तानी आंदोलन' मौजूद नहीं है। लेकिन इसके बावजूद यह सवाल प्रासंगिक बना हुआ है कि इन हालिया हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है? वर्तमान समय में बब्बर खालसा और सिख फॉर जस्टिस जैसे संगठनों ने अक्सर इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। 1980 के दशक के मध्य से 1990 के दशक के प्रारंभ तक पंजाब में उग्रवाद का एक गंभीर दौर देखा गया था जिसमें खालिस्तान की मांग सबसे अग्रणी रही। निस्संदेह, वर्तमान समय में खालिस्तानी आंदोलन ने अपना पहले वाला लोकप्रिय समर्थन आधार खो दिया है। लेकिन हाल की छिटपुट घटनाओं को मामूली तत्वों और निहित स्वार्थों के उपयोग द्वारा आंदोलन को पुनर्जीवित करने के स्पष्ट प्रयास के रूप में गंभीरता से लिया जाना चाहिए। पंजाब व पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में अनेक घटनाओं की श्रृंखला इंगित करती है कि विभिन्न आतंकी संगठनों व सिख आतंकी खालिस्तान समर्थक गिरोहों से जुड़े 'स्लीपर तत्व' हमेशा सक्रिय रहे हैं।

ऐसे में यह मानना सही नहीं होगा कि खालिस्तान आंदोलन पूरी तरह मर चुका है और इसके पुनर्जीवित होने की संभावना बहुत कम है। ईमानदारी से यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि आज भी देश-विदेश में ऐसे लोग हैं जिनके निहित स्वार्थ खालिस्तान की आग को भड़काने में हैं और वे भारत के इस सीमावर्ती राज्य में परेशानी पैदा करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।

पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली नई आम आदमी पार्टी सरकार ने अपने शपथ ग्रहण के साथ इस तरह की स्थिति से निपटने का वादा जरूर किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि वह इसके लिए फिलहाल तैयार नहीं है। ऐसे में आतंकवादी व सिख आतंकी घटनाओं तथा खालिस्तान आंदोलन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को देखते हुए केंद्र सरकार पर राज्य को विकट स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता, समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने की जिम्मेदारी खासतौर से आती है।

वर्तमान स्थिति में, राजनीति और पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर पंजाब में शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों व आम जनता के बीच आम सहमति बनाना अनिवार्य हो गया है। खासकर पंजाब के संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में तथा उसके पड़ोसी राज्यों हरियाणा, जम्मू और कश्मीर व हिमाचल प्रदेश के अन्य निकटवर्ती राज्य में परेशानी और अशांति पैदा करने पर आमादा आतंकी व अपराधी ताकतों से लड़ने के लिए साझा प्रयास करना जरूरी है।

पंजाब समेत इन सभी राज्यों को स्थिति से निपटने के लिए एक विशेष कार्य बल का गठन करना चाहिए और सभी चार राज्यों के पुलिस बलों को संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए करीबी तालमेल से काम करना चाहिए। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चिम करने में केंद्र सरकार की अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। उसे विभिन्न राज्यों की पुलिस व खुफिया तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिल कर एक संयुक्त प्रयास करना चाहिए। उसे यह सुनिश्चित करने के लिए पंजाब के पड़ोसी राज्यों की हर संभव सहायता करनी चाहिए कि पंजाब में आतंकवाद के 'रक्तपात वाले युग' को दोहराया न जाए।

# अग्निवीर होंगे देश के असली रक्षक

अभिषेक गुप्ता
(लेखक स्तंभकार है)



**मोदी** सरकार ने तीनों सेवाओं (सेना, नौसेना और वायु सेना) में सैनिकों की भर्ती के लिये अग्निपथ योजना का प्रस्ताव शुरू किया है। इस योजना के अंतर्गत देशभक्त और देशभक्ति की कामना रखने वाले प्रेरित युवाओं को चार साल की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने की अनुमति दी जाती है। इस योजना के तहत सेना में शामिल होने वाले युवाओं को अग्निवीर कहा जाएगा। इस नई योजना के तहत लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की सालाना भर्ती की जाएगी और अधिकांश केवल चार वर्षों में सेवा छोड़ देंगे। चार साल के बाद 25 प्रतिशत को 15 साल की अवधि के लिये उनकी संबंधित सेवाओं में रखा जायेगा।

भारत सरकार द्वारा जारी इस अग्निवीर योजना को देशभक्त और प्रेरित युवाओं के साथ सशस्त्र बलों में सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। इस अग्नीवीर योजना के तहत यह परिकल्पना की गई है कि सशस्त्र बलों में वर्तमान में औसत आयु 32 वर्ष है जो 6-7 वर्ष घटकर 26 वर्ष हो जाएगी। इससे भारतीय सेना और युवा हो जाएगी जो बहुत महत्वपूर्ण होगा।

डिफेन्स सर्विस में 4 साल तक सेवा करने का मौका देने वाला भारत एकलौता देश नहीं है, इजराइल समेत ऐसे कई देश हैं जहां हर युवा को 12th के बाद सेना में 4 साल के लिए काम करना ही पड़ता है लेकिन भारत में अग्निपथ योजना युवाओं के लिए कोई बाध्यता नहीं बल्कि एक अवसर है। जिनको ज्वाइन करना है करे जिनको नहीं करना है मत करे। अग्निपथ योजना से भर्ती हुए अग्निवीर 4 साल बाद क्या करेंगे इसी सवाल को लेकर विपक्ष और विपक्षी दल को सपोर्ट करने वाले संगठन युवाओं को गुमराह किए जा रहे हैं। युवाओं को यह कहकर बरगलाया जा रहा है कि 4 साल की सर्विस देने के बाद वो बेरोजगार हो जाएंगे, उन्हें कहीं काम नहीं मिलेगा, देश की सेवा करने के चक्कर में वो पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। जबकि सरकार ने अग्निपथ योजना को लेकर पूरा प्लान तैयार किया है। विरोध करने वाले लोग अग्निपथ योजना के बारे में सब कुछ पहले पढ़ लिए होते तो ट्रेन नहीं जलानी पड़ती।



सरकार चार साल बाद सेवा छोड़ने वाले सैनिकों के पुनर्वास में मदद करेगी। उन्हें स्किल सर्टिफिकेट और ब्रिज कोर्स प्रदान किये जाएंगे। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और चार साल की सेवा के दौरान प्राप्त कौशल और अनुभव के कारण ऐसे सैनिकों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मिलेगा। और उच्च कुशल कार्यबल का निर्माण भी होगा।

इस नयी योजना के माध्यम से देश के सभी युवा जो भारतीय सेना में हिस्सा लेकर देश सेवा करना चाहते हैं वह अपना सपना पूरा कर सकते हैं। यह योजना देश में रोजगार के अवसर को बढ़ाने में भी मददगार साबित होगी। इस योजना के संचालन से देश की सुरक्षा को भी मजबूत बनाया जा सकेगा।

देश के नौजवान सशक्त और आत्मनिर्भर बनेंगे। साथ ही उनके जीवन स्तर में भी गुणात्मक सुधार होगा। पूरी दुनिया भर में हुए सर्वेक्षण के मुताबिक कम समय की नौकरी से सैनिकों के मनोबल पर कोई भी असर नहीं पड़ता है। बल्कि उन्हें नए कार्य करने का और मौका भी मिलता है।

अन्य नौकरियों की तुलना में इससे आर्थिक लाभ भी अधिक मिलता है कुल वार्षिक पैकेज पहले वर्ष में 4.76 लाख एवं चौथे वर्ष में 6.92 लाख रुपए दिए जाएंगे7 साथ ही अग्निवीर को वे सभी भत्ते प्रदान किए जाएंगे जो सेना को प्रदान किए जाते हैं । प्रत्येक अग्निवीर को अपने महीने की वेतन का 30 प्रतिशत का योगदान देना पड़ेगा। सरकार द्वारा भी समान राशि का सहयोग दिया जाएगा। 4 वर्ष पूरे होने के पश्चात अग्निवीर को 11.71 लाख रुपये की राशि दी जाएगी जो इनकम टैक्स से मुक्त रहेगी।

मृत्यु होने पर अग्निवीरों को 44 लाख का गैर अंशदायी जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा । अगर अग्निवीर की सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है तो इस स्थिति में 44 लाख की अतिरिक्त अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा सेवा निधि घटक समय 4 साल तक के हिस्से का भुगतान किया जाएगा। दिव्यांगता की स्थिति में चिकित्सा अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिव्यांगता के प्रतिशत के आधार पर मुआवजा प्रदान किया जाएगा। दिव्यांगता के लिए 44/25/15 लाख रुपये की एकमुश्त अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। कार्यकाल पूरा होने के पश्चात उम्मीदवार सेवा निधि प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा प्राप्त कौशल का प्रमाण पत्र और उच्चतर शिक्षा के लिए क्रेडिट का प्रावधान भी किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत इच्छुक सैनिक को आगे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

मोदी सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली यह अग्निवीर योजना को देश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। साथ ही इस योजना को सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा भी उचित माना गया है। इससे राष्ट्र मजबूत बनेगा और और जब एक अनुशाशित सैनिक हमारे समाज में कार्य करने के लिए आयेगा तो इससे भ्रष्टाचार रुकेगा और एक सुसंगठित समाज का निर्माण भी होगा ।

## आप की बात

### सेना प्रमुखों की बात

**आज** हमारे नौजवानों में बढ़ते जा रहे आक्रोश को शांत करने का प्रयास हमारी सेना के तीनों कमांडरों ने भी कर दिया है एवं उन्होंने भी इस अग्निपथ योजना का समर्थन कर दिया है। अत: होना तो यही चाहिए कि अब नौजवानों का उग्र प्रदर्शन थम जाना चाहिए, कारण, सेना कभी भी सरकार के मामले में नहीं बोलती है उसका यहां बोलना यही साबित करता है कि आज सेना के तीनों अंगों में कमांडर से बड़ा कोई नहीं है। अत: अब हमारे नौजवानों को यह मानकर चलना चाहिए कि उनके लिए यह भर्ती अग्निपथ योजना फायदेमंद ही साबित होने वाली है। अब उन्हें आंदोलन को छोड़कर उसमें भर्ती होने के लिए तैयार हो जाना चाहिए, कारण, आज उनके इस आंदोलन के कारण उसके कैरियर पर जो दाग लग रहा है वह उसके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। जब जब हमारे देश के राजनीतिक दल किसी भी विषय पर अपनी राजनीति करते हैं तो फिर वहां मामला बिगड़ जाता है। अत: उन्हें देश हित में सोच समझकर बोलना चाहिए। उम्मीद है कि गुस्सा नौजवान अब भारत के तीनों सेना प्रमुखों की बात मानेंगे।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### संरा. में शोषण

**इन** दिनों राष्ट्रसंघ खुद कठघरे में है। इस संस्था का गठन 1945 में इसलिए किया गया था ताकि दुनिया के किसी भी हिस्से में अन्याय न हो। कोई भी देश ज्यादती न कर सके। कहीं भी मानवाधिकार का हनन न हो। शांति एवं सौहार्द हर तरफ बना रहे। मगर जिसके कंधे पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी है, सुना है उसके भीतर महिलाओं का यौन शोषण एवं भ्रष्टाचार जमकर हो रहा है। ये कोई आज से नहीं बल्कि दशकों से चल रहा है। मगर किसी भी शिकायत को सुनने वाला कोई नहीं है। जो शिकायत करता है उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। दुनिया भर में 35 हज़ार लोग इस संस्था के लिए काम करते हैं। इस तरह के शिकायत के बहुतायत में मिलने के बाद 2018 में सुश्री पूर्णा सेन की नियुक्ति हुई थी ताकि वे उत्पीड़न, हमले और भेदभाव की जांच करके रिपोर्ट दें। मगर उनकी तमाम रिपोर्टों को ख़ारिज कर दिया गया। वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी दावा कर रहे हैं कि किसी भी दोषी को नहीं छोड़ा जायेगा। मगर किसी को आज तक कोई सजा नहीं हुई। जो संस्था खुद के अनैतिक आचरणों पर कोई ध्यान नहीं दे पा रही है वो विश्व शांति के लिए भला क्या कर सकती है ।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### पेंशन योजना

**पीएएफडीए** ने हाल ही में राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत सुविधाओं को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कुछ घोषणाएं की हैं। पेंशन क्षेत्र में 35 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। जिसमे एनपीए की कुल 73 करोड़ और 21: हिस्सेदारी है। अचानक चार बार देने के लिए कैसे तैयार हो गए जिससे आपको वर्ष में केवल दो बार संपत्ति समूह बदलने की अनुमति है। अभी नये सुविधाओं में चार बार एसेट स्विच कर सकते है। क्या पेंशनभोगी इस योजना में अपनी संपत्ति बदल देंगे क्योंकि बाजार सूचकांक में दिन-प्रतिदिन उतार-चढ़ाव हो रहा है। भारतीय जीवन बीमा-एलआईसी के आईपीओ ने ग्राहकों पर जिंदगी के साथ और उसके बाद भी बाजार में नीचे गिरकर साथ छोड़ी है। बाजार के समग्र प्रदर्शन को देखते हुए क्या सामान्य या एनपीएस धारक पेंशनभोगी अपनी पेंशन को ईक्विटी समूह में निवेश करने की हिम्मत करेंगे? सवाल है कि आर्थिक समीकरण पहले से ही जटिल होने पर ये विकल्प कितने सफ्ल होंगे?

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**उनकी** पूरी राजनीति परिवार व स्वार्थ के चारों ओर घूमती है।

– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

**अच्छी** खबर है कि एफएटीएफ का पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था पर विश्वास है।

– **बिलावल भुट्टो जरदारी**
पाकिस्तानी विदेश मंत्री





**स्वच्छता** के प्रति प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री के विश्वास का एक अंग है।

– **अमित मालवीय**
भाजपा प्रवक्ता

# साइबर अपराधों की रोकथाम को लॉन्च किया ट्विटर हैंडल 'साइबर दोस्त' : उपायुक्त

**रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत**

### गृह मंत्रालय के ट्विटर हैंड साइबर दोस्त के माध्यम से आम जनमानस को किया जा रहा जागरूक


उपायुक्त ललित सिवाच।

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने आम जनमानस को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऐसे अपराधों से संरक्षण के लिए लॉन्च किये गये ट्विटर हैंडल-साइबर दोस्त का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम और जागरुकता फैलाने में साइबर दोस्त-ट्विटर हैंडल की विशेष भूमिका है। लोगों को इसकी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही अभिभावकों को चाहिए कि वे साइबर दोस्त की जानकारी अपने बच्चों के साथ भी साझा करें।

उपायुक्त सिवाच ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में साइबर अपराध एक नई चुनौती है, जिससे निपटने के लिए जन सहयोग अपेक्षित है। साथ ही जरूरी है कि लोगों में इस दिशा में जागरुकता व जानकारी हो। जागरुकता व जानकारी के सहारे ही साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। इसके लिए सरकार ने ट्विटर हैंडल-साइबर दोस्त की अनूठी सौगात दी है, जिस पर अभी तक वीडियो, छवियों औ रचनात्मक चीजों के माध्यम से 1066 से अधिक साइबर सुरक्षा टिप्स साझा किए गए हैं। इसके 3.64 लाख से अधिक फॉलोअर हैं। जागरुकता के लिए रेडियो अभियान भी चलाया जा रहा है। जनता को साइबर अपराध के प्रति जागरुकता के लिए 100 करोड़ से अधिक एसएमएस भेजे गए हैं।

उपायुक्त ने चेताया कि हमें मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के इस्तेमाल में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि खुद को साइबर अपराधों से संरक्षित रख सकें। जागरुकता के लिए लगातार प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा विषय पर किशोर-छात्रों के लिए हैंडबुक प्रकाशित की गई है। सरकारी अधिकारियों के लाभ के लिए सूचना सुरक्षा सर्वोत्तम पद्धतियों प्रकाशित की गई। विभिन्न राज्यों में पुलिस विभाग के सहयोग से साइबर सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। आई4सी द्वारा निवारक उपाय के रूप में राज्यों-संघ राज्य क्षेत्रों-मंत्रालयों-विभागों के साथ 148 साइबर अपराध परामर्श साझा किए गए हैं। साथ ही समय-समय पर इनका चेतावनी व सलाह भी जारी की गई।

उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर-1930 का प्रचार-प्रसार करवाया जा रहा है, जिसके लिए दिल्ली मेट्रो से भी अनुरोध किया गया। इंटरनेट सुरक्षा, ईमेल, मोबाइल सुरक्षा आदि के संबंध में बुनियादी साइबर स्वच्छता प्रदान करने के लिए जनवरी, 2022 में साइबर स्पेस के लिए साइबर स्वच्छता-क्या करें और क्या न करें पर दो द्विभाषी मैनुअल जारी की गई। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने राज्यों-संघ राज्य क्षेत्रों से साइबर स्वच्छता विषय पर अक्टूबर, 2021 से शुरुआत करते हुए हर माह साइबर जागरुकता दिवस आयोजित करने तथा सभी स्कूलों-कॉलेजों के लिए स्थानीय भाषाओं में जन जागरुकता शुरू करने और इस संबंध में वार्षिक कार्रवाई योजना तैयार करने का अनुरोध किया है।

### साइबर स्वच्छता में पाठयक्रम शुरू कराने के प्रयास

**उपायुक्त** ने जानकारी दी कि छठी से 12वीं कक्षा तक सभी संकायों के लिए साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता में पाठयक्रम शुरू कराने के प्रयास भी किये गये हैं। साइबर अपराधों से खुद को बचाया जा सकता है, जिसके लिए जानकारी आवश्यक है। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए विभिन्न मंचों पर प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। वीडियो व जीआईएफ के माध्यम से ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम पर नियमित अंतराल में प्रचार शुरू किया गया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद के संदेश को आत्मसात करें युवा : जैन

### पूर्व मंत्री कविता जैन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत**


डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं पूर्व मंत्री कविता जैन।

**हरियाणा** की पूर्व मंत्री कविता जैन ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। उनके कैंप कार्यालय में बूथ नंबर-40 पर डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे डॉ. श्यामा प्रसाद के राष्ट्रभक्ति के संदेश को जीवन में आत्मसात कर के नव-निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करें।

पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र समर्पित था, जिन्होंने अंतिम सांस तक देश की एकता और अखंडता की मजबूती के लिए प्रयास किये। डॉ. मुखर्जी तुष्टीकरण के खिलाफ थे, जिसके लिए उन्होंने पुरजोर आवाज बुलंद की। इस कारण उन्हें विरोध भी झेलना पड़ा, किंतु वे पीछे नहीं हटे। क्योंकि वे देश को समर्पित थे। देश की एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहे। उनके लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं था। यही संदेश उन्होंने सभी देशवासियों को दिया जो आज भी प्रासंगिक है। जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए भी अनुकरणीय योगदान दिया। राजनीति में भी वे लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता दिए जाने के पक्षधर रहे। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी का बलिदान हम सबके लिए प्रेरणादायक है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विशेष रूप से आज की नई पीढ़ी को उनके विचारों और संदेश से अवगत कराना चाहिए, ताकि उनमें देशप्रेम का जज्बा पैदा हो। किसी भी नागरिक के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि होना चाहिए।

इस दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन ने उपस्थित जनसमूह को देशभक्ति के जज्बे के साथ राष्ट्र के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा किसी भी रूप में की जा सकती है। इसके लिए जरूरी नहीं कि कोई बड़ा कार्य ही किया जाए। छोटे-छोटे कार्यों के माध्यम से भी राष्ट्र सेवा में योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने उदाहरण दिया कि जल संरक्षण, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान देकर हम राष्ट्र सेवा कर सकते हैं। इस मौके पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

### तीन व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव

**कुरुक्षेत्र।** जिले में अलग-अलग स्थानों से कुल 445 कोविड के सैंपल लिए गए हैं जिसमें आरटीपीसीआर के 274, रैपिड एंटीजन के 171 सैंपल शामिल है। इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी रेट 98.40 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट 3.66 पर है। इस प्रकार अब जिले में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 33 है।

वीरवार को तीन व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आई है और 5 व्यक्तियों को ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इस प्रकार अब तक 26922 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है और अब तक 26491 मरीज ठीक होकर घर जा चुके है तथा अब तक कोरोना पॉजिटिव 398 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। कोविड पॉजिटिव 30 मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया है और 3 मरीज को अस्पताल में दाखिल किया गया है। जिला सिविल सर्जन डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि अब तक कुरुक्षेत्र में 7 लाख 8 हजार 198 लोगों की कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। कुरुक्षेत्र में अब तक 26491 कोविड मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और कुरुक्षेत्र में अब कोविड पॉजिटिव 33 मरीज एक्टिव है। जिले में ओमिक्रोन वेरिएंट के 158 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए है, जिनमें से 105 मामले अभी तक सामने आए थे। सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि अभी तक लिए गए 735531 में से 708198 सैंपलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है।

# गांव अंटेड़ी के गुरु रविदास मंदिर में लगवाया ठंडे पानी का वाटर कूलर


गुरु रविदास मंदिर में वाटर कूलर का शुभारंभ करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र**

**लाडवा** हल्के के गांव अंटेड़ी के गुरु रविदास मंदिर में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा ठंडे पानी का एक वाटर कूलर लगवाया गया।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस समय भयंकर गर्मी पड़ रही है और सभी को प्यास भी अधिक लगती है। जिसको देखते हुए उनकी ओर से लाडवा शहर व कई गांवों में वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह हर जरूरतमंद व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। लाडवा हल्का उनका अपना घर है। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की जो भी जरूरत सही होगी उसे वह पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। वहीं गांव अंटेड़ी के वासी संजय कुमार ने बताया कि समाजसेवी संदीप गर्ग बहुत ही सराहनीय कर रहे हैं और हर जरूरतमंद व्यक्ति के मुंह पर आज के समय में समाजसेवी संदीप गर्ग का ही नाम है। क्योंकि संदीप गर्ग हर व्यक्ति के साथ हर समय खड़े हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में सुबह व शाम को कीर्तन आदि होता है और गली में भी सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। समाजसेवी संदीप गर्ग की ओर से वाटर कूलर मंदिर के बाहर लगवाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है। जिसकी पूरे वार्ड वासी सराहना कर रहे हैं।

वहीं गुरु रविदास मंदिर में समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा रिबन काट कर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रेम, सतपाल, विजय ढींगड़ा, पंकज अग्रवाल, पृथ्वी, गुरचरण, सुनीता, प्रदीप, सुनील, अर्जुन, राजीव, कर्म सिंह सहित गांववासी मौजूद थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### ताइक्वांडो में कांस्य पदक जीत कर लौटी तनिषा का सम्मान


तनिषा को सम्मानित करते आप नेता।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** निकटवर्ती गांव संभालखी की बेटी तनिषा ने ताइक्वांडो में कांस्य पदक जीत कर के हरियाणा का नाम रोशन किया है। नासिक महाराष्ट्र में हुई ओपन आईटी रैंकिंग राष्ट्रीय खेल में जूनियर महिला 68 से अधिक वजन में तनिषा ने यह कांस्य पदक जीता है। आम आदमी पार्टी किसान विंग और युवा विंग ने तनिषा को ट्रॉफी व ट्रैक-सूट देकर सम्मानित किया है। उन्होंने तनिषा के कोच को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी किसान विंग के संगठन मंत्री चौधरी हरभजन सिंह, अमृतपाल, अंबाला जिले से युवा के अध्यक्ष गुरतेज सिंह, महिला जिला अध्यक्ष सरिता शर्मा, किसान विंग उत्तरी जोन के उपाध्यक्ष सुलोचना, रोहित चौहान, आप यूथ विंग हल्का अध्यक्ष शाहाबाद भारत बराड़ व शाहाबाद किसान विंग के साथी मौजूद रहे। सभी खिलाड़ियों को आम आदमी पार्टी की तरफ से पूरा विश्वास दिलाया कि वे ऐसे ही राज्य और देश का नाम रोशन करें। आम आदमी पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी है और उनके मान-सम्मान व उनकी मेहनत को व्यर्थ नहीं होने देगी।

### अभिनेता बंसी लाल कटारिया बड़े पर्दे पर 8 को नजर आएंगे



**कुरुक्षेत्र।** बॉलीवुड अभिनेता बंसी लाल कटारिया की आने वाली नई हिंदी फिल्म 48 कोस आठ जुलाई को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अरुण बख्शी, अभिनेता पंकज बेरी, अभिनेता अनिल धवन, टीवी और फिल्म एक्टर अनिल वर्मा, अभिनेता बंसी लाल कटारिया, प्रसिद्ध हरियाणवी व बॉलीवुड एक्टर जेडी बल्लू, अभिनेत्री रमन नासा, अभिनेत्री जागृति ठाकुर, अभिनेत्री पारुल कौशिक ने बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म 48 कोस मनोरंजन के साथ इतिहास को भी याद करवाती है। फिल्म दर्शकों को बहुत पसंद आएगी खासकर बच्चों के लिए फिल्म बड़ी ही प्रेरणादायक है। कलाकार बंसी लाल कटारिया इस फिल्म में गुरुकुल के अध्यापक का किरदार निभा रहे हैं। आपको बता दें हाल में ही बंसी लाल कटारिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनय करने का अवॉर्ड भी मिला है। अभिनेता बंसी लाल कटारिया इससे पहले भी कई वेब सीरीज, टीवी सीरियल, हिंदी फिल्म, क्राइम स्टोरी, में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुके हैं। फिल्म 48 कोस कोस में रंगमंच से जुड़े कलाकार सुधीर डांडे, नरेश कुमार, संगीता देवी, मोनिका जोहर, युवराज धीमान, आर्व वधवा, विश्वदीप त्रिखा, विनोद यादव, योग्यता पाल, नरेश, राघव कटारिया, बेहतरीन अभिनय करते नजर आएंगे।

### गोहाना नप, गन्नौर व कुंडली नपा क्षेत्र से हटाई आचार संहिता

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि जिला में निकाय चुनाव की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है इसलिए हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आदेशानुसार जिला के गोहाना नगर पारिषद तथा गन्नौर व कुण्डली नगर पालिका क्षेत्र में लगाई गई आचार संहिता के आदेश वापिस लिए जाते हैं। जिससे अब निकाय चुनाव क्षेत्र में आचार संहिता लागू नहीं रहेगी।

### विश्व रक्तदाता दिवस के अंतर्गत लगाया रक्तदान शिविर


शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

**कुरुक्षेत्र।** विश्व रक्तदाता दिवस पखवाड़े के अंतर्गत लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के रक्त कोष में 408वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित उप निरीक्षक, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता शतकवीर एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा अंशी के जन्मदिन पर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखबीर मुख्यातिथि के रूप में पधारे और रक्तदाता डॉ. अरुण धीमान को अपने कर कमलों से सुई लगा शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में अंशी की माता डॉ. नीतू बाला, शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश, समाजसेवी नरेश सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रक्त कोष अधिकारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में शिविर में जगदीश, राजीव दहिया, डॉ. अरुण धीमान, करमवीर, रविंद्र कुमार, धरम सिंह, रवि, अनिल मलिक, बलविंद्र पाल, गौरव मेहता, सुरिन्द्र सिंह, सागर, अमित डांडा, सुनील कुमार, अनिल कुमार, सुरेंदर कुमार सहित युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगमेंद्र, डॉ. संदीप अग्रवाल, रक्त कोष अधिकारी डॉ. रमा, डॉ. विनोद तंवर, सेवानिवृत्त मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी, सुशील मैहला, सुरेंद्र, करनैल आदि उपस्थित रहे।

# ओरल हेल्थ के लिए डेंटल चेकअप अति महत्वपूर्ण : डॉ. मधविका


छात्राओं को संबोधित करतीं डॉ. माधविका मदान।

**कुरुक्षेत्र।** उदयन केयर होम में इंटेंसिव ओरल हेल्थ पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. मधविका मदान डेंटल सर्जन, पॉलीक्लिनिक कुरुक्षेत्र व उदयन केयर संस्था कुरुक्षेत्र की संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा रही।

डॉक्टर सुषमा शर्मा ने डॉक्टर माधविका का स्वागत लेट बचों को ओरल हेल्थ के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. मधविका मदान ने सभी छात्राओं के सम्मुख इंटेंसिव ओरल हेल्थ माह के उपलक्ष्य में अपने विचार साझा करते हुए बताया कि हमारा मुख्य मकसद बच्चों और बड़ों को मुंह की सफाई के प्रति जागरूक करना है। डॉ. मधविका मदान ने सभी बच्चों को दिन में दो बार दांतों को ब्रश करने की सलाह देते हुए कहा कि आज बहुत बड़ी संख्या में लोग मुख की बीमारियों से जूझ रहे हैं। इनमें ओरल कैंसर प्रमुख हैं।

इसके अलावा, दांतों में सड़न, पायरिया समेत कई अन्य बीमारियां हैं। उन्होंने सभी बच्चों को फल, हरी सब्जिया, दूध और पनीर, खाने के प्रति भी जागरूक किया। सभी बच्चों को बताया कि हमें दांतों के साथ जीभ की भी सफाई करनी चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को ब्रश करने का तरीका भी बताया। उनके द्वारा बताया गया कि ब्रश न करने से हमारा मुंह ही नहीं हमारे पेट में भी कई बीमारियां हो जाती है। उदयन घर की कोऑर्डिनेटर सुनेहा ने डॉक्टर माधविका को धन्यवाद ज्ञापन दिया कार्यशाला में सुपरवाइजर कुंजम भी मौजूद रही।

# खो-खो महिला प्रतियोगिता में कुवि ने हासिल किया तीसरा स्थान

**पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र**


खो-खो टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।

**लवली** प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में 21 से 23 जून 2022 तक चली खो-खो अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा खेल विभाग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की विशिष्ट पहचान रही है। कुवि कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा ने भी खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन पर प्रसन्नता प्रकट की है। प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने लीग में दो के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यवाहक खेल निदेशक राजेश सोबती ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा, दूसरे स्थान पर एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक, तीसरे स्थान पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा चौथे स्थान पर चंडीगढ़ विश्वविद्यालय रहा। इसी के साथ इन चारों विश्वविद्यालयों की टीमें 5 जुलाई से मैसूर विश्वविद्यालय में होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेंगी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने लीग में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को 9-3 से हराया वहीं लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा तथा एमडीयू रोहतक को हार का सामना करना पड़ा। विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों रेनू, राखी, जयवती तथा अनु ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।

### कश्यप राजपूत भवन का तीसरा वार्षिक समारोह 26 को

**कुरुक्षेत्र।** कश्यप राजपूत सभा के तत्वावधान में कश्यप राजपूत भवन कुरुक्षेत्र के 42वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष में वार्षिक समारोह 26 जून को आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के कोने कोने से गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे। कश्यप राजपूत सभा के प्रधान ओमपाल कश्यप ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कश्यप राजपूत भवन कुरुक्षेत्र के 42वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष में तीसरा वार्षिक समारोह 25 जून व 26 जून को आयोजित किया जाएगा। ओम पाल कश्यप ने कहा कि 25 जून को समाज में कई राज्यों से समाज के गणमान्य व्यक्ति आएंगे जिनमें बाबूराम निषाद राज्य सभा सांसद एवं चेयरमैन उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम लिमिटेड, कुंवर सिंह निषाद संसदीय सचिव एवं विधायक मध्य प्रदेश, अमर निषाद कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड आदि मौजूद रहेंगे।




**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

सपने तो केवल बंद आंखों में आते हैं,
हकीकत भयानक है सो नहीं पाते हैं,
हमारे चारों तरफ बेबसी ने पाव पसारे हैं,
इसलिए बीज खुशियों के बो नहीं पाते हैं।

# एशियन पेंट्स और स्टार्ट इंडिया फाउंडेशन की स्टार्ट केयर पहल की मदद से सेहत को बेहतर बनाने में मदद

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**एशियन** पेंट्स ने स्टार्ट इंडिया फाउंडेशन के सहयोग में अपनी स्टार्ट केयर पहल के तहत नोएडा के सेक्टर-30 में स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ की दीवारों पर प्रभावशाली चित्रकारी की है। स्टार्ट केयर का आइडिया कला के जरिए उपेक्षित जगहों के निराशापूर्ण माहौल को स्वागत योग्य और प्रसन्नचित वातावरण में बदलने की दृढ़ इच्छा से पनपा था। स्टार्ट केयर मरीजों को स्वस्थ करने में कला की शक्ति को दुनिया के सामने उभारती है।

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ की दीवारों पर बनाए गए चित्रों के केंद्र में बच्चों को इमारत की वास्तुकला से खेलते हुए दिखाया गया है। अस्पताल की इमारत पर 3डी इफेक्ट बिखेरा गया है, जिससे यह अहसास होता है कि चित्र में मौजूद बच्चे बिल्डिंग को सजाने-संवारने का सामूहिक रूप से प्रयास कर रहे हैं।

इस कलाकृति ने मरीजों के रवैये और अनुभव पर सकारात्मक प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। अस्पताल में भर्ती बच्चों के लिए दो कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिससे संबंधित हितधारकों और इकोसिस्टम के साथ प्रभावशाली संबंध बन गया। हैप्पीनेस प्रोजेक्ट और कार्यशाला ने अस्पताल के रोजाना के बोझिल माहौल में बच्चों को खुशियों, उत्साह और रोमांच का अहसास कराया। कार्यशाला के दौरान सेलेब्रिटी रिद्धिमा कपूर साहनी के दौरे ने इस पहल को काफी शिद्दत से उभारकर और प्रभावशाली बना दिया। स्टार्ट इंडिया फाउंडेशन और एशियन पेंट्स इस पहल को देश के अन्य हिस्सों में ले जाने के इच्छुक हैं, जिससे स्वास्थ्य रक्षा के क्षेत्र को स्वागत योग्य माहौल में बदला जा सके।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पानी बचाने का दिया संदेश

**पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र**


पानी बचाने का संदेश देते कलाकार।

**कला** एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा चंडीगढ़ के सौजन्य से फेथ इन थिएटर रंगमण्डल कुरुक्षेत्र द्वारा बुधवार को अमीन गांव से नुक्कड़ नाटकों का महाअभियान शुरू किया गया। अभियान के प्रथम दिन कुरुक्षेत्र जिले के 10 गांव में कलाकारों द्वारा पानी है अनमोल और टीका लगाओ देश बचाओ का संदेश दिया गया।

फेन इन थियेटर के संचालक और निदेशक ऋषिपाल ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अंबाला मंडल के 416 गांव में नुक्कड़ नाटकों का महाअभियान चलाया गया है जिसकी कार्यकारी अधिकारी तान्या चौहान हैं। यह अभियान लगातार दो से तीन महीने तक चलने वाला है। अंबाला मंडल के अन्दर चार जिले आते हैं, कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकार गांव-गांव, गली-गली घूम कर ग्रामीणों को पानी है अनमोल और टीका लगाओ देश बचाओ का संदेश देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आज पानी किल्लत से हर कोई परिचित है मगर व्यवहार में पानी बचाने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अभियान में कलाकार जसवीर सिंह, दिलबाग सिंह, कुमार इशांत, सुंदरलाल, सोनी कुमार, सतीश कुमार, बाबू राम और मनोज कुमार लोगों को जागरूक करने में अहम रोल अदा कर रहे हैं।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **राजपाल वर्मा,** श्रीमति सुनीता वर्मा खाता सं. LNKNL00318-190096448 | 11 अक्टूबर 21 ₹ 1482008.00 बकाया दिनांक 8 अक्टूबर 2021 तक | सम्पत्ति मकान नं. 470/12, (एचटीएमसीडब्ल्यू-3100159), स्थित मोहल्ला डेरां खेड़ा, धोबी मोहल्ला, थानेसर, कुरूक्षेत्र, हरियाणा. **क्षेत्रफल 66.83 वर्ग गज** | भौतिक कब्जा दिनांक 22 जून 2022 |

स्थान : जयपुर    दिनांक 24-06-2022    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# हरियाणा के 52 खिलाड़ी भीम अवॉर्ड से किए सम्मानित

## राज्यपाल ने दी पुरस्कार के साथ पांच लाख की राशि

### प्रदेश के 19 पैरा खिलाड़ी भी हुए सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



भीम अवॉर्ड लेने वाले प्रतिभागियों के साथ हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, खेल मंत्री संदीप सिंह, मुख्य सचिव संजीव कौशल, एसीएस महावीर सिंह और अन्य।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में हरियाणा के खिलाड़ियों का अहम योगदान है। नई खेल नीतियां युवाओं के लिए बड़ी कारगर सिद्ध हुई हैं। इसमें युवाओं को नकद पुरस्कार के साथ-साथ नौकरियां भी प्रदान की जा रही हैं।

राज्यपाल आज पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर आयोजित समारोह में खिलाड़ियों को राज्य के सर्वश्रेष्ठ भीम अवॉर्ड से सम्मानित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के 52 खिलाड़ियों को भीम अवॉर्ड, पांच लाख रुपये की नकद राशि, ब्लेजर और अलंकरण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें 19 विशेष पैरा खिलाड़ी भी शामिल हैं।

राज्य के सर्वोच्च खेल पुरस्कार भीम अवॉर्ड लेने वालों में मुख्य रूप से नीरज चोपड़ा, शूटर मनु भाकर, सिंहराज अधाना, सुमित अंतिल, मनोज कुमार, सविता पूनिया, वीरंद्र उर्फ गूंगा पहलवान और ओलंपिक एथलीट अमित पंघाल आदि शामिल हैं।

पुरस्कार में पांच लाख रुपये की राशि, स्मृति चिह्न (भीम की प्रतिमा), सम्मान पत्र, ब्लेजर, टाई और स्कार्फ प्रदान किया जाता है। इस अवॉर्ड को हरियाणा में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार अर्जुन अवॉर्ड के समकक्ष माना जाता है। राज्यपाल ने कहा कि ओलंपिक, राष्ट्रमंडल जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में हरियाणा की रैंकिंग देखने योग्य होती है। हरियाणा को खेलों का पर्याय समझा जाने लगा है। जहां भी खेलों की चर्चा होती है तो सबसे ऊपर हरियाणा का नाम आता है।

दत्तात्रेय ने कहा कि सरकार की पदक लाओ पद पाओ नीति के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। इस नीति के तहत अब तक पदक लाने वाले 190 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं । इसके अलावा खिलाड़ियों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की पुरस्कार राशि में भी बढ़ोतरी की गई है।

उन्होंने कहा कि अब तक सरकार ने लगभग 12 हजार खिलाड़ियों को 425 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान करने का कार्य किया है। खिलाड़ियों को जमीनी स्तर से तैयार करने के लिए 1100 खेल नर्सरियां तथा 1100 गांवों में योग एवं व्यायामशालाएं खोली गई हैं।

### भीम अवॉर्ड को पारदर्शी ढंग से ऑनलाईन दर्शा कर देने वाला पहला राज्य-संदीप सिंह

**खेल** एवं युवा मामले मंत्री सरदार संदीप सिंह ने भीम अवॉर्डियों को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को मेडल जीतते समय जो खुशी होती है उससे ज्यादा खुशी अवॉर्ड लेते समय होती है। अर्जुन अवॉर्ड व भीम अवॉर्ड से सम्मानित होना गौरव की बात है। इन अवॉर्ड की मेहनत में अभिभावक व कोच की भी अहम भूमिक होती है। खेल मंत्री ने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों की डाईट बढाकर 400 रुपये करने का कार्य किया है और 2020 से अर्जुन अवॉर्ड, भीम अवॉर्ड, खेल रत्न, तेंजिंग नेशनल अवॉर्ड वालों को 20 हजार रुपये की राशि भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 12 रिकॉर्ड बने, उनमें 11 हरियाणा के खिलाड़ियों के नाम हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि प्रदेश में 250 करोड़ रुपये की लागत से विश्व स्तर का खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। खेल एवं युवा मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. महावीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण आंचल में खेलों के प्रति जुनून है। मुख्य सलाहकार योगेन्द्र चौधरी, खेल एवं युवा मामले विभाग के निदेशक पंकज नैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायकों की अनदेखी नहीं कर सकेंगे अधिकारी

## विधान सभा स्पीकर ने बनाई प्रोटोकॉल कमेटी

### विशेषाधिकार के दायरे में नहीं आने वाले मामलों पर करेगी कार्रवाई करेगी



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में सरकारी अधिकारियों के लिए विधायकों की अवमानना करना अब संभव नहीं होगा। विधान सभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विधायकों की अनदेखी करने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लोकसभा के पैटर्न पर विशेष कमेटी का गठन कर दिया है। विधान सभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन संबंधी नियम-204 के तहत गठित यह कमेटी प्रोटोकॉल मानदंडों के उल्लंघन और सदस्यों के साथ सरकारी अधिकारियों के अवमानना व्यवहार की जांच के बाद कार्रवाई की अनुशंसा देगी।

अम्बाला शहर से विधायक असीम गोयल कमेटी की अध्यक्षता करेंगे, जबकि रोहतक से कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा, पानीपत शहर से प्रमोद विज, राई से विधायक मोहन लाल बडोली, बरवाला से जोगीराम सिहाग, फरीदाबाद से नरेंद्र गुप्ता, पृथला से नयन पाल रावत और सढौरा से रेणु बाला को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि विधायकों के विशेषाधिकार की रक्षा के लिए विधान सभा में पहले से विशेषाधिकार समिति गठित है। गत कुछ वर्षों से विधायकों ने ऐसी शिकायतें की जिनमें उनकी अवमानना तो हुई, लेकिन ये मामले विशेषाधिकार के दायरे में नहीं आए। इसके चलते अनेक अफसर बच जाते हैं। ऐसे मामले में प्रभावी कार्रवाई के लिए विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने प्रोटोकॉल संबंधी विशेष कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के साथ आधिकारिक व्यवहार के संबंध में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रोटोकॉल मानदंडों के उल्लंघन संबंधी मामलों पर संज्ञान लेगी।

### अधूरा जवाब देना भी प्रोटोकॉल का होगा उल्लंघन

**विधान** सभा सचिवालय की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि हरियाणा विधानसभा के सदस्यों से प्राप्त फोन कॉल या अन्य माध्यम से किए गए संचार को अनदेखा नहीं किया जा सकेगा। ऐसे संचार पर तुरंत ध्यान देकर बिना विलंब किए जवाब देना होगा। आधा-अधूरा जवाब देना भी प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना जाएगा। हरियाणा विधानसभा के सदस्यों को उनके हलकों में होने वाले सार्वजनिक समारोहों में आमंत्रित न करना भी प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना जाएगा। निमंत्रण पत्र में भी विधायकों के नाम का उल्लेख करना होगा। सदस्यों के पास निमंत्रण पत्र पहुंचने में देरी होने पर अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। इतना ही नहीं सार्वजनिक समारोह में उनके लिए बैठने की समुचित व्यवस्था भी करनी होगी। विधायकों द्वारा जनहित के मुद्दों पर संबंधित विभागों को की गई टेलीफोन कॉलों पर तत्काल ध्यान देना होगा। कमेटी यह पुख्ता करेगी कि सरकार और हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के बीच आधिकारिक व्यवहार के संबंध में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का न उल्लंघन हो। सरकारी कामकाज के दौरान हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के साथ सरकारी कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार भी इसके दायरे में आएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि इस कमेटी के संज्ञान में आने वाली शिकायतों की जांच के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया विशेषाधिकार समिति के समान होगी।

### कैसे करेंगे शिकायत

**प्रशासनिक** अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार या प्रोटोकॉल के उल्लंघन की किसी भी घटना के संबंध में विधायकों को विधान सभा के सचिव के नाम लिखित रूप में शिकायत देनी होगी। शिकायत के साथ सहायक दस्तावेजी साक्ष्य भी लगाने होंगे। शिकायत पर प्रथम दृष्टया अगर ऐसा लगता है कि प्रोटोकॉल मानदंडों के उल्लंघन का मामला बनता है, तो अध्यक्ष मामले को जांच और रिपोर्ट के लिए समिति को भेज सकते हैं। अध्यक्ष को इस पर निर्णय लेने के लिए मामले को सदन के समक्ष लाने की आवश्यकता नहीं है।

# मुख्यमंत्री करनाल और उप मुख्यमंत्री उचाना में लें हार की जिम्मेदारी : उदय भान



**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदय भान ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी करने से पहले मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री अपनी तरफ देखें, जो करनाल और उचाना में हार गये हैं। निकाय चुनाव परिणाम का ऐलान होने के बाद उदयभान ने कहा कि सत्ता में गठबंधन के बावजूद करनाल में भाजपा को तो उचाना में जजपा को लोगों ने नकार दिया है। मुख्यमंत्री अपने जिले करनाल की असंध, निसिंग और तरावड़ी तीनों सीट हार गये और उप-मुख्यमंत्री तो अपने विधानसभा चुनाव क्षेत्र उचाना से ही हार गये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि क्या ये दोनों इस हार की नैतिक जिम्मेदारी लेने का साहस दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी को ये नहीं भूलना चाहिए कि 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद बरोदा और ऐलनाबाद के दो विधानसभा के उप-चुनाव हुए और सत्ता में रहते हुए भी भाजपा को दोनों ही जगह हार का स्वाद चखना पड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पिछली बार इन्हीं चुनावों में भाजपा ने 35 जगहों पर जीत हासिल की थी। इस बार जजपा से समझौता करने के बावजूद इस बार 21 जगहों पर ही जीत हासिल कर पायी। असली चुनाव को 2024 का विधानसभा चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा निकाय चुनावों में कुल पड़े 12 लाख 71 हजार 782 वोटों में से निर्दलीय उम्मीदवारों को छह लाख 63 हजार 669 वोट मिले जो भाजपा को मिले तीन लाख 33 हजार 873 वोट से करीब दोगुने हैं।

उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में 888 वार्ड्स में से 815 निर्दलीय उम्मीदवार जीते है और हरियाणा निकाय चुनावों में प्रदेश की करीब 75 प्रतिशत जनता ने भाजपा को नकार दिया है और 4 में से 3 शहरी वोटरों ने अपना वोट भाजपा के खिलाफ दिया है। कुल पड़े 12,71,782 वोटों में से एक चौथाई यानी 3,33,873 वोट लेकर भाजपा भले ही खुश हो जाए, लेकिन परिणाम से साफ है कि वोटर नाखुश हैं।

# मोदी व शाह ने थपथपाई सीएम मनोहर की पीठ

### निकाय चुनावों में जीत पर दी बधाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा में संपन्न हुए निकाय चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी तथा जननायक जनता पार्टी गठबंधन के सर्वाधिक सीटों पर जीत मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पीठ थपथपाते हुए उन्हें बधाई दी है।

निकाय चुनाव के दौरान भाजपा-जजपा गठबंधन को परिषद की 11 सीटों पर तथा पालिका में 14 सीटों पर जीत हासिल हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत पर ट्वीट करके बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा-जजपा गठबंधन की शानदार जीत के लिए दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को ढेरों बधाई। राज्य सरकार जिस प्रकार विकास के पथ पर प्रदेश को निरंतर आगे ले जा रही है, जनता ने उसमें अपना पूरा विश्वास व्यक्त किया है।

गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ को बधाई देते हुए ट्वीट करके कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार एनडीए सरकार तन्मयता से जन आकांक्षाओं को पूरा कर प्रदेश को विकास की उंचाईयों पर ले जा रही है, यह विजय उसे परिलक्षित करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा के नेताओं को बधाई देते हुए कहा है कि यह जनसमर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों पर जनता की मोहर है।

# ज्योतिसर में श्रीराम, श्रीकृष्णा और तिरुपति बालाजी के मंदिर की रखी आधारशिला

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



मंदिर की आधारशिला रखते विधायक सुभाष सुधा।

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर विश्व में पर्यटन स्थली के रुप में विख्यात हो चुकी है। इस गीता स्थली की महत्ता और लोकप्रियता तथा धार्मिक दृष्टि से इस स्थल को देश-दुनिया के लोग पसंद करने लगे है। इसलिए अब निजी संस्थान भी इस स्थल को पर्यटन के रुप में विकसित करने के लिए आगे आ रहे है।

इस कड़ी में धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की गीता स्थली ज्योतिसर में उदुपी की संस्था श्रीरमनजन्य प्रतिष्ठद्दाना की तरफ से एक भव्य और विशाल मंदिर का निर्माण किया जाएगा। इस मंदिर का निर्माण करने के लिए संस्था की तरफ से गांव ज्योतिसर में दो एकड़ जमीन खरीद ली गई है। इस जमीन पर भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और तिरुरपति बालाजी के भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। विधायक सुभाष सुधा वीरवार को ज्योतिसर में उदुपी की संस्था श्रीरमनजन्य प्रतिष्ठद्दाना की तरफ से आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त मुकुल कुमार ने विश्वाप्रिया तीर्था स्वामी व विश्वा प्रसन्न तीर्था स्वामी और संस्थान के ब्राह्मणों के श्लोकोच्चारण के बीच श्रीराम, श्रीकृष्णा व तिरुपति बालाजी के 3 मंदिरों की आधारशिला रखी। इसके बाद विधायक सुभाष सुधा और उपायुक्त मुकुल कुमार, चेन्नई से विधायक जीके मणी ने संस्थान के प्रोजेक्ट और भूमि का अवलोकन किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सपना है कि कुरुक्षेत्र विश्व का सबसे दर्शनीय पर्यटन स्थल बने। इसलिए कुरुक्षेत्र के छोटे से समारोह को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का स्वरुप देने का काम किया।

### भीम की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी


विश्वाप्रिया तीर्था स्वामी व विश्वा प्रसन्न तीर्था स्वामी, संस्था के प्रतिनिधि विपिन व प्रहलाद ने कहा कि जगदगुरु श्रीमानमाधवाचार्य मुल्ला महा समसस्थाना के आशीर्वाद से ज्योतिसर तीर्थ नगरी में मंदिर का निर्माण किया जाएगा। मंदिर में भीम की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। बेस 40 फुट और 32 फुट की प्रतिमा स्थापित होगी।

# हरियाणा के आईएएस अधिकारी बने अध्यापक

### बच्चों को पीसीएम की निशुल्क कोचिंग दे रहे प्रभजोत सिंह

### यू ट्यूब चैनल शुरू कर डाल रहे हैं लैक्चर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**आमतौर** पर आपने आईएएस अधिकारियों को फाइलों में उलझे हुए देखा होगा लेकिन हरियाणा के एक आईएएस अधिकारी ऐसे भी हैं अपने दफ्तरी काम के बाद समय मिलते ही बच्चों को पढ़ाने में जुट जाते हैं। वह न केवल बच्चों को पढ़ाते हैं बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उन्हें मोटीवेशनल स्पीच भी देते हैं।

आईएएस प्रभजोत सिंह 12वीं के गोल्ड मैडलिस्ट हैं। उनका आईएएस में 19वां रैंकआया था। वह इसरो में वैज्ञानिक भी रह चुके हैं। इसके अलावा वे क्रिकेट और बैडमिंटन के भी अच्छे खिलाड़ी हैं। वर्ष 2010 बैच के आईएएस प्रभजोत सिंह हरियाणा में इस समय एनएचएम में मिशन निदेशक और एचएमएससीएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आयुष्मान भारत की बतौर वरिष्ठ अधिकारी के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। दफ्तरी कामकाज के बाद जैसे ही उन्हें समय मिलता है तो वह 11वीं और 12वीं के साइंस संकाय के विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सबसे बड़े प्लेटफार्म यूटयूब के माध्यम से निशुल्क कोचिंग उपलब्ध करवाते हैं। जिसके लिए उन्होंने यूटयूब पर 'पीसीएम कंस्पट्स मोटिवेशनल टॉकस' के नाम से चैनल भी बनाया हुआ है। जिस पर वह फिजिक्स और मैथ के एक-एक चैप्टर को पूरे कंसैप्ट के साथ क्लीयर करके अपलोड करते हैं।

### कैसे आया बच्चों को पढ़ाने का विचार

आईएएस प्रभजोत सिंह के अनुसार उन्हें किताबें पढ़ने का काफी शौंक है और वह अपने जीवन में किसी न किसी चुनौती को साथ लेकर चलते हैं ताकि उनकी कार्यशैली के साथ-साथ जज्बे में भी निखार आए। बस, बुक्स पढ़ने के इसी शौंक से उनके मन में विचार आया कि क्यों न बुक्स से अर्जित किए गए ज्ञान को बच्चों के बीच बांटा जाए।

इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने साथियों से विचार विमर्श के बाद सोशल मीडिया के सबसे बड़े प्लेटफार्म यूटयूब पर 'प्रभजोत सिंह आईएएस पीसीएम कंस्पट्स मोटिवेशनल टॉकस' के नाम से एक चैनल क्रिएट किया। जिस पर वह 11वीं और 12वीं के साइंस संकाय के बच्चों के फिजिक्स और मैथ के एक-एक चैप्टर से जुड़े कंस्पट्स को क्लीयर करके वीडियो के साथ अपलोड करते हैं। अभी तक वे फिजिक्स और मैथ के तीन चैप्टर को क्लीयर करके अपलोड कर चुके हैं।

# मधुमेह और गंभीर हृदय रोग से पीड़ित राजिंदर सिंह को श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट ने दिया नया जीवन

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा

**हरियाणा** के सिरसा निवासी राजिंदर सिंह, हृदय संबंधी समस्या के साथ लंबे समय से मधुमेह जैसे गंभीर रोग से ग्रसित थे और इस स्थिति में उन्हें दिल का दौरा पड़ने पर बड़ी मुश्किल से बचाया जा सका। ये असंभव कार्य को संभव कर दिखाया नई दिल्ली स्थित श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट ने, यहां के विश्वस्तरीय विशेषज्ञों द्वारा बेहद ही जोखिम भरे और सफल सर्जरी के माध्यम से 50 वर्षीय राजिंदर सिंह को बचाया जा सका, वे अपने परिवार के लिए एक मात्र कमाने वाले व्यक्ति थे और लंबे समय से अनियंत्रित मधुमेह और रक्तचाप से पीड़ित थे। श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट के डॉ. दीपक अग्रवाल, चीफ कार्डियक सर्जन की देखरेख में उनका सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

सीने में तेज दर्द की शिकायत के साथ राजिंदर सिंह को नई दिल्ली के श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट लाया गया। जांच के बाद, डॉक्टरों ने पाया कि लंबे समय से मधुमेह से ग्रसित होने के कारण हृदय की तीनों वाहिकाओं में रक्त का प्रवाह होने में कठिनाई हो रही थी और उसे दिल का दौरा भी पड़ा था जो बेहद ही गंभीर स्थिति थी।

श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट के डॉ. दीपक अग्रवाल, चीफ कार्डियक सर्जन ने कहा, आम तौर पर सामान्य दिल के दौरे पड़ने पर हृदय क्रिया 55 - 60 प्रतिशत होती है, पर इस गंभीर मामले में दिल का दौरा पड़ने के बाद हृदय की क्रिया सिर्फ 30 प्रतिशत ही रह गई थी। हार्ट अटैक की वजह से दिल के ऊपर सूजन आ गई थी, मरीज के पास बाईपास हार्ट सर्जरी के अलावा कोई विकल्प नहीं था। चूंकि हृदय पर सूजन था और शुगर लेवल भी बहुत था, इसलिए सर्जरी करने का विकल्प भी बहुत ही महत्वपूर्ण और जोखिम भरा हो गया।

## संक्षिप्त-समाचार

### भारतीय योग संस्थान के अधिकारियों को किया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि जिन-जिन स्थानों पर जिला, उप मंडल व खंड के अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों व आम जनता को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण देने के लिये चिन्हित किया गया था, उन सभी स्थानों पर संस्थान के सभी अधिकारियों व शिक्षकों ने अपने लंबे अनुभव एवं सरल प्रशिक्षण तकनीक के बल पर कॉमन योग प्रोटोकॉल का सुंदर प्रशिक्षण देकर सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशासन का दिल जीत लिया। कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण के हर चरणों में उनके उत्कृष्ट कार्य को सभी स्तरों पर सराहा गया। परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उन्हें प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओम प्रकाश को जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र द्वारा ब्रह्मसरोवर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के हाथों स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करवाया गया। संस्थान की अंबाला इकाई के कृष्ण जिला प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा को गृह मंत्री अनिल विज द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। करनाल जिला प्रधान डॉक्टर डीआर मनोचा को जिला प्रशासन द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर को खंड प्रशासन, ढांड द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल का सुंदर प्रशिक्षण देने तथा वरिष्ठ योग शिक्षक सतीश भारद्वाज को योग का सुंदर प्रदर्शन करने के लिए बारहमासी फूलदार पौधों के गमले देकर सम्मानित किया गया।

### मुकेश गोयल ने जॉइन किया औरिक ग्रुप



**फरीदाबाद।** रियल एस्टेट एक्स्पर्ट, मुकेश गोयल ने फरीदाबाद बेस्ट रियल एस्टेट कम्पनी औरिक ग्रुप को बतोर पार्टनर जॉइन किया है। बता दें कि मुकेश गोयल को रियल एस्टेट इंडस्ट्री में 20 सालों से ज्यादा का तजुर्बा है। अपने दो दशकों के कार्यकाल के दौरान इन्होंने कई रेशिडेंशल और कमर्शल प्रॉजेक्ट्स को पूरा किया है। औरिक ग्रुप जॉइन करने से पहले यह ओमैक्स ग्रुप के सीनियर पद पर रहे और कोविड के समय में कम्पनी को संभालने में इनका बड़ा योगदान था। मुकेश गोयल के एजुकेशन बैकग्राउंड की बात करें तो वह चार्टर्ड अकाउंटंट रहे हैं। उनका पिछला तजुर्बा औरिक ग्रुप में पार्टनर के रूप में खासा सहायक साबित होगा। औरिक ग्रुप फरीदाबाद स्तिथ रियल एस्टेट कम्पनी है जिसको संदीप अग्रवाल ने स्थापित किया है। कम्पनी, फरीदाबाद के अलावा जयपुर उर होडल में भी कई प्रॉजेक्ट्स पर काम कर चुकी है। अच्छी गुणवत्ता और समय पर प्रोजेक्ट डिलिवर करना कम्पनी की लम्बे समय से पहचान रहा है।

### स्कॉलरशिप में आ रही समस्याओं के निदान को सौंपा ज्ञापन



**कुरुक्षेत्र।** डॉ. अंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया छात्र संगठन के द्वारा प्रदेश स्तर पर अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को दी जाने वाली पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में आ रही समस्याओं के निदान के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा को ज्ञापन सौंपा। इसी प्रक्रिया में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की टीम द्वारा कुलपति के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की उपाध्यक्ष रितु शासिका ने कहा कि प्राइवेट कॉलेज, अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों का शोषण करते हैं। एग्जाम के समय पर जब विद्यार्थियों को अपनी तैयारी करनी होती है तो प्राइवेट कॉलेज उन विद्यार्थियों के रोल नंबर रोककर उन्हें शारीरिक व मानसिक तौर पर प्रताड़ित करते हैं और उन्हें फीस भरने के लिए दबाव डाला जाता है। प्रवक्ता साहिल बड़सीकरी ने कहा कि सरकार द्वारा नीतियां बनाई तो जाते हैं लेकिन वह लागू सिर्फ कागजों में ही होती हैं। जिन का धरातल पर कोई अस्तित्व नहीं है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र डास्फी के अध्यक्ष प्रदीप तहान ने कहा कि 2017 से लेकर अब तक जो भी छात्रवृत्ति को सरकार द्वारा रोका गया है सभी को 1 सप्ताह के अंदर छात्रों के खाते में डालने का कार्य करें। डास्फी चेयरपर्सन संदीप प्रोचा ने चेतावनी दी कि अगर हमारी मांगों को जल्दी से जल्दी पूरा नहीं किया गया तो सरकार के पुतले फूंकने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान उपाध्यक्ष नवीन भांखुड, रवि भोरिया, विकास, जतिन, चेतन चौहान, काजल मुवाल, कविता, पूजा, पिंकी, रोहित, सचिन, संजीत आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख अभियंता सिंचाई विभाग का घेराव करेगी यूनियन

**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक जिला प्रधान ओम प्रकाश मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव ओम प्रकाश तिहाड़ ने किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश उपमहासचिव सीलकराम मलिक व प्रदेश उपप्रधान सुरेन्द्रसिह व जिला सचिव सर्व कर्मचारी संघ जय भगवान दहिया व राज्य सहसचिव सर्व कर्मचारी संघ रमेश अत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का न करना पुरानी पेंशन बहाल न करना हरियाणा को कौशल रोजगार निगम भंग न करना, कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू न करना आदि कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है। इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए यूनियन ने आंदोलन करने का निर्णय लिया है। प्रथम कड़ी में एक जुलाई को उपायुक्त कार्यालय सोनीपत के माध्यम से मुख्य सचिव हरियाणा सरकार को मांगों का ज्ञापन भेजा जाएगा। यदि फिर भी एसीएस हरियाणा सिंचाई विभाग एसीएस जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने यूनियन को बुलाकर बातचीत नहीं की तो यूनियन आठ जुलाई को पंचकूला सेक्टर 5 में विशाल प्रदर्शन कर प्रमुख अभियंता सिंचाई विभाग व जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग का घेराव करेगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष की रहेगी। मीटिंग में जन स्वास्थ्य शाखा सोनीपत के प्रधान देशराज नैन, सिंचाई शाखा प्रधान प्रमोद लाकड़ा, राई ब्राच के प्रधान नरेश अहलावत, गोहाना पब्लिक हैल्थब्रांच के प्रधान अर्जुन मलिक, सिचाई शाखा सोनीपत के प्रधान नीरज लाकड़ा मौजूद रहे।

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सड़क सुरक्षा सेमीनार आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान उमरी में प्राचार्य अभियंता कंवल सचदेवा अध्यक्षता में एक दिवसीय वितीय साक्षरता और सड़क सुरक्षा सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें आईसीआईसीआई फांउडेशन के केंद्र प्रभारी अश्वनी शर्मा और एफएलपी कांउसलर हरजिन्द्र सिंह ने वितीय साक्षरता के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया। सेमीनार में संस्थान के प्रथम वर्ष और चौथे सेमेस्टर के छात्रों ने भाग लिया। सेमीनार में छात्रों को सभी उद्यमों की जानकारी दी। सरकार और बैंक से मिलने वाली सुविधाओं को भी बताया गया। बताया कि कभी भी अपने एटीएम का पिन अपने मकान, गाड़ी या जन्मतिथि को न बनाएं इसे आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं और कहा कि बैंक कभी भी ग्राहक को फोन करके खाता सम्बंधित किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी नहीं मांगता इसलिए आप फोन पर या किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी किसी भी प्रकार की खाता सम्बंधित जानकारी साझा न करें और तुंरत पुलिस को या बैंक को इसके बारे में सूचित करें ताकि ऐसे गिरोहों का पदार्फाश किया जा सके और होने वाली धोखाधड़ी से बचा जा सके। इसी प्रकार हीरो कम्पनी से रवि शर्मा और उनकी टीम ने सड़क सुरक्षा के बारे में छात्रों का भाषण और प्रैक्टिकल के माध्यम से मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि हमें कभी भी वाहन को सीमित गति सीमा से ज्यादा नहीं चलाना चाहिए, वाहन को मोड़ते समय दाए और बाए मुड़ने का संकेत अवश्य दें, मोटरसाइकिल को चलाते समय हैलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कभी भी वाहन को शराब पीकर न चलाएं।

# ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने चीन को सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता बताया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### मार्लेस बोले, हम ऐसी दुनिया में रहें, जो कानून आधारित व्यवस्था हो

### कहा, भारत को भी हैं आस्ट्रेलिया के समान चीन से सुरक्षा चिंताएं



**ऑस्ट्रेलिया** के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के लिए चीन सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता है, क्योंकि वह दुनिया को ऐसा आकार देने की कोशिश कर रहा है, जैसा कि पहले कभी नहीं देखा गया है।

चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली आए मार्लेस ने यह भी कहा कि भारत की भी समान सुरक्षा चिंताएं हैं और पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद को लेकर ऑस्ट्रेलिया नई दिल्ली के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान चीन और रूस के बीच बढ़ते रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर चिंता जताई और कहा कि इसका क्षेत्र पर प्रभाव पड़ सकता है। गौरतलब है कि मार्लेस ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री भी हैं।

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली और कैनबरा अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि उनका देश दुनिया को लेकर अपने दृष्टिकोण में भारत को पूरी तरह से केंद्र में देखता है। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने कहा, चीन सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी उसका सबसे बड़ा कारोबारी सहयोगी है। वह सिर्फ हमारे लिए ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता है। मार्लेस ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया न केवल आर्थिक क्षेत्र, बल्कि रक्षा क्षेत्र में भी द्विपक्षीय संबंधों को लेकर करीबी स्तर पर काम कर रहे हैं, ताकि देशों देशों की रक्षा एवं सुरक्षा स्थिति को मजबूत बनाया जा सके। दो साल पहले पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष के संदर्भ में ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि उस घटना को लेकर उनका देश भारत के साथ एकजुटता से खड़ा है।

उन्होंने कहा, चीन हमारे आसपास ऐसी दुनिया बनाने की कोशिशों में जुटा है, जैसा कभी पहले नहीं देखा गया। पिछले कुछ वर्षों में हमने खासतौर पर इस संबंध में चीन के अधिक आक्रामक व्यवहार को महसूस किया है। मार्लेस ने कहा, यह वास्तव में जरूरी है कि हम ऐसी दुनिया में रहें, जहां कानून आधारित व्यवस्था हो, जहां देशों के बीच विवादों का निर्धारित नियमों के तहत शांतिपूर्ण ढंग से निपटारा हो।

### चीन और रूस के संबंधों को लेकर फिक्र

चीन और रूस के बीच बढ़ते रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग का जिक्र करते हुए उन्होंने इसके प्रभावों को लेकर अशांकाएं जताईं और कहा कि दुनिया में शांति बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। यूक्रेन संकट को लेकर ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि हम यूक्रेन के घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं और इसका वैश्विक खाद्य आपूर्ति पर प्रभाव पड़ रहा है, जो वास्तव में चिंता का विषय है। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की सदस्यता वाले क्वाड समूह के बारे में उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा गठजोड़ नहीं है, क्योंकि इसके रक्षा से जुड़े आयाम नहीं हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका की सदस्यता वाले ऑकस समूह के बारे में मार्लेस ने कहा कि यह सुरक्षा गठजोड़ नहीं है, क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय मूल के मलेशियाई नागरिक को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक मलेशियाई नागरिक को अपनी प्रेमिका को आतंकित करने के जुर्म में सात महीने और तीन सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। व्यक्ति पर सिम कार्ड निगलने के बाद प्रेमिका का फोन तोड़ने, उसका पासपोर्ट फाड़ने और उसका गला दबाने की कोशिश करने के भी आरोप थे। सिंगापुर के समाचार पत्र टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक पार्तिबन मणियम को सजा सुनाए जाने का यह मामला 12 मार्च का है। जिला न्यायाधीश जेम्स एलीशा ली ने मामले में सजा सुनाई। मणियम और उसकी 38 वर्षीय मित्र के बीच पिछले दो-तीन वर्षों से प्रेम संबंध था। वे दोनों सिंगापुर में दिसंबर 2021 से महिला के एक रिश्तेदार के घर साथ रह रहे थे। सिंगापुर में ही मणियम ने पहली बार महिला के साथ बदसलूकी की थी। महिला ने मार्च में उसके साथ रिश्ता तोड़ दिया था।

### 'अग्निपथ' के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन 27 जून को

**जयपुर।** कांग्रेस ने सेनाओं में संविदा के आधार पर अल्पकालिक अवधि के लिए युवाओं की भर्ती की केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ 27 जून को सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रदर्शन करने की घोषणा की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने यहां बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस योजना का विरोध कर रहे युवाओं के साथ खड़ी है। डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि अग्निपथ के खिलाफ आंदोलन कर रहे युवाओं की मांग देश के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री तक जाए, इसका हम पूरा प्रयास करेंगे और 27 जून को पूरे राज्य में, प्रत्एक विधानसभा क्षेत्र में एक जगह हम प्रदर्शन करने जा रहे हैं। इस योजना को नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार का गलत फैसला करार देते हुए उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने यह बहुत ही गलत फैसला किया है। जिन युवाओं ने बहुत आशा व विश्वास में दो बार केंद्र में राजग सरकार बनाने का काम किया और मोदी सरकार बनाने में भारी बहुमत दिया, उन युवाओं को आज छला जा रहा है और उनके साथ अन्याय किया जा रहा है।

### जर्मनी ने चिंताजनक स्तर की चेतावनी जारी की

**बर्लिन।** जर्मनी ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए त्रिस्तरीय आपात योजना के दूसरे चरण में पहुंचने की घोषणा की और चेतावनी है कि रूस की तरफ से कम होती आपूर्ति के चलते सर्दी के लिए भंडारण लक्ष्यों को लेकर खतरा पैदा हो गया है। सरकार ने कहा कि 14 जून से रूस की ओर से आपूर्ति में कटौती और बाजार में गैस के दामों में उछाल के चलते उसे चिंताजनक स्तर की चेतावनी जारी करनी पड़ी है। तीसरा और अंतिम चरण आपात स्तर कहा जाएगा। सरकार ने कहा कि फिलहाल गैस भंडारण केंद्रों की क्षमता 58 प्रतिशत है, जो बीते साल के इस समय की तुलना में अधिक है। लेकिन यदि आगे कदम नहीं उठाए गए तो दिसंबर तक 90 प्रतिशत क्षमता हासिल करने का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। आर्थिक मामलों के मंत्री रॉबर्ट हेबेक ने एक बयान में कहा कि हालात गंभीर हैं और सर्दी भी आएगी। उन्होंने कहा, गैस आपूर्ति में कटौती (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन का हम पर आर्थिक हमला है। हम इससे खुद की रक्षा करेंगे। लेकिन देश को पथरीले रास्ते पर चलना पड़ेगा।

### कानून से बदलाव की आकांक्षा होती है : न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

**लंदन।** नवंबर में भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश बनने जा रहे न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने लंदन में एक व्याख्यान में कहा कि कानून से बदलाव की आकांक्षाएं होती हैं। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एल्युमिनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ब्रिटेन और एलएसई साउथ एशिया सेंटर के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स (एलएसई) में आयोजित इंडिया ऐट 75 विषयक व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने कहा, कानून से बदलाव की आकांक्षा होती है और जो जवाब मिलते हैं वे इस पर आधारित होते हैं कि आप विमर्श की रूपरेखा कैसे तय करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, बाहरी मतभेद कमजोरी नहीं, बल्कि संविधान की ताकत को चिह्नित करते हैं। चंद्रचूड़ ने एक संवैधानिक ढांचे के भीतर परस्पर विरोधी अधिकारों के अस्तित्व की संभावना पर बात की। उन्होंने समझाया कि कैसे न्यायपालिका संविधान के संबंध में सामान्य अच्छाई के अपने दृष्टिकोण के आधार पर अधिकारों की व्याख्या करती है और जहां राष्ट्रीय पहचानों को एक राष्ट्र के अतीत से पहचाना जा सकता है, वहीं एक संवैधानिक पहचान संतुलन बनाती है।

# ज्यादा दिन नहीं चलती डायलिसिस वाली सरकार : केंद्रीय मंत्री नकवी

## लोकसभा उपचुनाव में वोट डालने आए नकवी ने शिवसेना पर कसा तंज

### महाराष्ट्र में राजनीतिक उथल-पुथल पर मुख्तार अब्बास नकवी का आया बयान

**एजेंसी।** रामपुर (उत्तर प्रदेश)

**केंद्रीय** मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उथल-पुथल पर बृहस्पतिवार को कहा कि डमी कार और डायलिसिस वाली सरकार ज्यादा दिन नही चलतीं। रामपुर लोकसभा उपचुनाव में वोट डालने आए नकवी ने मतदान केन्द्र के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक हालात के बारे में पूछे जाने पर वहां की शिवसेना नीत सरकार पर तंज किया।

उन्होंने कहा डमी कार और डायलिसिस वाली सरकार ज्यादा दिन नहीं चलती। इस सवाल पर कि महाराष्ट्र में अब क्या होगा, नकवी ने सीधा जवाब नहीं देते हुए कहा जब रात है इतनी मतवाली तो सुबह का आलम क्या होगा।



### कहा, सपा नेता आजम खां का गढ़ दरका

**यूपी** के रामपुर से एक बार सांसद रह चुके नकवी ने रामपुर लोकसभा उपचुनाव का जिक्र करते हुए दावा किया कि यहां समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां का गढ़ दरक चुका है और वह 26 जून को नतीजा आने के बाद ढह जाएगा।

### शिवसेना के तीन और विधायक गुवाहाटी हुए रवाना

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में जारी राजनीतिक संकट के बीच शिवसेना के तीन और विधायक बृहस्पतिवार को कैबिनेट मंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले बागी खेमे में शामिल होने के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए। शिंदे के एक करीबी सहयोगी ने बताया कि सावंतवाड़ी से विधायक दीपक केसकर, चेंबूर से विधायक मंगेश कुडलकर और दादर से विधायक सदा सर्वंकर सुबह मुंबई से गुवाहाटी के लिए रवाना हुए। बुधवार शाम महाराष्ट्र के मंत्री गुलाबराव पाटिल सहित चार विधायक गुवाहाटी के लिए रवाना हुए थे।

# शिवसेना एमवीए सरकार से बाहर आने को तैयार



**एजेंसी।** मुंबई

### बागी विधायक मुंबई लौटें : राउत

**शिवसेना** नेता एकनाथ शिंदे के विद्रोह के बीच, पार्टी सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि अगर असम में डेरा डाले हुए बागी विधायकों का समूह 24 घंटे में मुंबई लौटता है और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ मामले पर चर्चा करता है तो शिवसेना महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार छोड़ने के लिए तैयार है।

शिंदे वर्तमान में शिवसेना के 37 बागी विधायकों और नौ निर्दलीय विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए हैं, जिसने पार्टी के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को संकट में डाल दिया है। एमवीए सरकार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस भी साझेदार हैं। राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा, आप कहते हैं कि आप असली शिवसैनिक हैं और पार्टी नहीं छोड़ेंगे। हम आपकी मांग पर विचार करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते आप 24 घंटे में मुंबई वापस आएं और सीएम उद्धव ठाकरे के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करें। आपकी मांग पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। ट्विटर और व्हाट्सऐप पर चिट्ठी मत लिखिए। उन्होंने कहा, बागी, जो मुंबई से बाहर हैं, ने हिंदुत्व का मुद्दा उठाया है।

अगर इन सभी विधायकों को लगता है कि शिवसेना को एमवीए से बाहर निकलना चाहिए, तो मुंबई वापस आने की हिम्मत दिखाएं। आप कहते हैं कि आपको सिर्फ सरकार के साथ परेशानी है और यह भी कहते हैं कि आप सच्चे शिवसैनिक हैं...आपकी मांग पर विचार किया जाएगा, लेकिन आएं और उद्धव ठाकरे से बात करें। मुख्यमंत्री ठाकरे ने बुधवार को शिंदे के विद्रोह के बीच शीर्ष पद छोड़ने की पेशकश की थी और बाद में उपनगरीय बांद्रा में अपने परिवारिक घर जाने से पहले दक्षिण मुंबई में अपना आधिकारिक आवास भी खाली कर दिया था।

# एकनाथ शिंदे को पद से हटाया जाना वैध : विधासभा उपाध्यक्ष

**एजेंसी।** मुंबई

**महाराष्ट्र** विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने बागी विधायक एकनाथ शिंदे की जगह अजय चौधरी को सदन में शिवसेना का विधायक दल का नेता नियुक्त किए जाने को उन्होंने मंजूरी दे दी है। शिवसेना ने पार्टी से विद्रोह करने और पार्टी के कुछ विधायकों के साथ गुजरात के सूरत चले जाने के कुछ घंटे बाद मंगलवार को शिंदे को विधायक दल के नेता के पद से हटा दिया था।

शिंदे के कदम से महाराष्ट्र की महा विकास आघाड़ी सरकार पर खतरा मंडराने लगा, जिसमें शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस शामिल हैं। जिरवाल ने बृहस्पतिवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मुझे शिवसेना की ओर से एक पत्र मिला है। जिसमें सूचित किया गया है कि उसने अजय चौधरी को विधानसभा में विधायक दल का नेता नियुक्त किया है और शिंदे को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। कहा, मैंने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा भेजा गया वह पत्र स्वीकार कर लिया है। शिवसेना के विधायक दल के नेता के पद से शिंदे को हटाया जाना वैध है।

# बाइडन ने अंजलि चतुर्वेदी को अहम पद पर नियुक्त किया

**एजेंसी।** वाशिंगटन



### पूर्व सैनिक 'वेटरन्स' मामलों के विभाग में जगह मिली

**प्रमुख** भारतीय-अमेरिकी कानूनी विशेषज्ञ अंजलि चतुर्वेदी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व सैनिक (वेटरन्स) मामलों के विभाग में जनरल काउंसल नामित किया है।

व्हाइट हाउस की वेबसाइट के मुताबिक चतुर्वेदी अमेरिकी न्याय विभाग के अपराध प्रभाग में उप सहायक अटॉर्नी जनरल हैं। चतुर्वेदी को यूएस डिपार्टमेंट ऑफ वेटरन्स अफेयर्स में जनरल काउंसल के पद पर नामित किया गया है। विभाग का मुख्य दृष्टिकोण पूर्व सैनिकों को उनके द्वारा अर्जित विश्व स्तरीय लाभ और सेवाएं प्रदान करना है और ऐसा करने के लिए करुणा, प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता, व्यावसायिकता, अखंडता, जवाबदेही और नेतृत्व के उच्चतम मानकों का पालन करना है। चतुर्वेदी ने अपने करियर के दौरान सरकार की तीनों शाखाओं में काम करने के साथ ही निजी प्रैक्टिस भी की है। सरकारी सेवा में लौटने से पहले, चतुर्वेदी नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन कॉरपोरेशन के लिए सहायक जनरल काउंसल और जांच निदेशक के तौर पर काम कर रही थीं तथा कंपनी की वैश्विक जांच टीम का नेतृत्व करती थीं। चतुर्वेदी ने इससे पहले ब्रिटिश पेट्रोलियम में सहायक जनरल काउंसल और निक्सन पीबॉडी की वाशिंगटन डीसी लॉ फर्म में पार्टनर के रूप में काम किया था।

## मलिक और जैन की बर्खास्तगी का मामला

# याचिका को सूचीबद्ध करने पर सीजेआई लेंगे निर्णय : उच्चतम न्यायालय

**एजेंसी।** नई दिल्ली



### पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई को रखा था पूरा प्रकरण

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अलग-अलग आपराधिक मामलों के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए तथा न्यायिक हिरासत में बंद महाराष्ट्र और दिल्ली के मंत्री, क्रमशः नवाब मलिक और सत्येंद्र जैन, को बर्खास्त करने के लिए दोनों राज्य सरकारों को निर्देश देने संबंधी याचिका भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमण के समक्ष उल्लेख किए जाने के बाद ही सूचीबद्ध की जाएगी।

न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष मामले पर तत्काल सुनवाई के लिए अनुरोध किया गया था। मामले में याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने यह घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की है कि एक मंत्री को लोक सेवकों की तरह दो दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद पद पर बने रहने से अस्थाई रूप से रोक दिया जाए, क्योंकि मंत्री भी न केवल एक लोक सेवक, बल्कि एक विधायक भी होते हैं।

उपाध्याय ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध करते हुए दलील दी कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) का गंभीर उल्लंघन है। पीठ ने कहा, क्या आपने रजिस्ट्रार के सामने इसका उल्लेख किया है? हर दिन हम कह रहे हैं कि कृपया रजिस्ट्रार के सामने उल्लेख करें और फिर भी अगर उसे (याचिका को) सूचीबद्ध न किए जाए, उसके बाद हमारे पास आएं।

उपाध्याय ने पीठ को बताया कि महाराष्ट्र कैबिनेट का एक मंत्री और दिल्ली कैबिनेट का एक मंत्री न्यायिक हिरासत में है। पीठ ने कहा, आपने याचिका दायर कर दी है। संभवतः इसे अगले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। यह याचिका अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के जरिए दायर की गई। याचिका में दिल्ली, महाराष्ट्र की सरकारों के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्रालय और कानून एवं न्याय मंत्रालय, निर्वाचन आयोग और विधि आयोग को पक्ष बनाया गया है।

### विदेश मंत्री ने रवांडा के अपने समकक्ष से कई मुद्दों पर चर्चा की

**किगाली (रवांडा)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को रवांडा के अपने समकक्ष विन्सेंट बिरुटा के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार से शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

जयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की 26वीं बैठक (चोगम) में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। वह 24-25 जून को 54 देशों के ब्लॉक के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, मेरे मेजबान समकक्ष रवांडा के विदेश मंत्री विन्सेंट बिरुटा से मुलाकात कर दिन की शुरुआत की। द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2018 यात्रा के बाद हुई संबंधित प्रगति पर चर्चा की। राष्ट्रमंडल एजेंडे पर चर्चा की और रवांडा में सफल शिखर सम्मेलन की कामना की। क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# अमृतसर में 450 वन स्थल तैयार करेगा अमेरिका का सिख संगठन

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के एक सिख संगठन ने बुधवार को घोषणा की कि 2027 में अमृतसर की 450वीं वर्षगांठ मनाने के लिए उसकी योजना अगले पांच वर्षों के दौरान पवित्र शहर में 450 स्थल वन तैयार करने की है। इकोसिख संगठन 27 जून को अमृतसर के 445 वें स्थापना दिवस पर एक अभियान शुरू करेगा ताकि उस पर्यावरणीय संकट से निपटने में मदद मिल सके, जिसका सामना शहरवासी कर रहे हैं। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि इको अमृतसर 450 नामक यह अभियान पांच साल तक चलेगा और पर्यावरण संबंधी अपने प्रयासों में मदद के लिए यह नागरिक समाज, शैक्षणिक संस्थानों, प्रवासी समुदाय, धार्मिक और सरकारी निकायों को जोड़ेगा।

इकोसिख ने एक बयान में कहा कि हाल के वर्षों में शहर को वायु गुणवत्ता में गिरावट और भूजल संसाधनों में गिरावट का सामना करना पड़ा है। इसमें सुधार के लिए व्यवस्थित अपशिष्ट प्रबंधन और बुनियादी ढांचे की भी भारी कमी है। संगठन के वैश्विक अध्यक्ष डॉ. राजवंत सिंह ने कहा अमृतसर में प्रतिदिन एक लाख से अधिक आगंतुक और तीर्थयात्री आते हैं और इसका प्रभाव आसपास के वातावरण में देखा जा सकता है।

इतनी अधिक संख्या में लोगों के आने से जल और खाद्य संसाधनों पर दबाव पड़ता है, अतिरिक्त ऊर्जा का उपयोग होता है और अतिरिक्त अपशिष्ट तथा कूड़ा उत्पन्न होता है। यह सब देखते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए उपाय करना और पर्यावरणीय क्षरण को रोकने के लिए वनों का रोपण करना महत्वपूर्ण है।

## आय से अधिक संपत्ति मामला

# उत्तराखंड के आईएएस अधिकारी राम विलास यादव गिरफ्तार

**एजेंसी।** देहरादून

### जांच के दौरान यादव के पास आय से 522 फीसदी अधिक संपत्ति की जानकारी मिली

**उत्तराखंड** में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपी आईएएस अधिकारी राम विलास यादव को बृहस्पतिवार को सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार कर लिया। यादव को बुधवार को उत्तराखंड सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। वह प्रदेश में अपर सचिव पद पर तैनात थे।


अपर पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) अमित सिन्हा ने बताया कि भ्रष्टाचार के साक्ष्य मिलने और लंबी पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब न हासिल होने के बाद यादव को बुधवार देर रात करीब सवा दो बजे गिरफ्तार कर लिया गया। मई में दर्ज मामले की प्राथमिक जांच के दौरान यादव के पास आय से 522 फीसदी अधिक संपत्ति होने की जानकारी मिली थी। भ्रष्टाचार में यादव की संलिप्तता को लेकर कई ऐसे दस्तावेज और साक्ष्य मिले थे, जिनके आधार पर हमने उनके घर पर दबिश दी थी और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ में यादव सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अधिकारी लखनऊ में दिलकश विहार स्थित विद्यालय, नोएडा में क्रय भूमि की रजिस्ट्री, गाजीपुर जिले में 10 बीघा जमीन, सावधि जमा और अन्य खातों में जमा धनराशि, पारिवारिक सदस्यों के बैंक खातों में जमा धनराशि एवं पारिवारिक खर्चों के बारे में न तो कोई संतोषजनक जवाब दे पाए और न ही कोई अभिलेख प्रस्तुत कर सके।

# मुर्मू का राष्ट्रपति पद का नामांकन : विदेश यात्रा के चलते नहीं पहुंचे पटनायक

## पटनायक मंत्रिमंडल के जगन्नाथ सारका और टुकुनी साहू ने नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर किए

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### नामांकन के दौरान प्रधानमंत्री समेत राजग के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे





**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से फोन पर बात की। उनसे राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया। चूंकि पटनायक इटली के दौरे पर हैं, इसलिए उन्होंने अनुपलब्धता के लिए खेद जताते हुए अपने मंत्रिमंडल के दो सहयोगियों, जगन्नाथ सारका और टुकुनी साहू को मुर्मू के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करने और नामांकन के दौरान मौजूद रहने को कहा है।

सारका पटनायक मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति और जनजाति विकास मंत्री हैं जबकि टुकुनी साहू के पास जल संसाधन, वाणिज्य और परिवहन मंत्रालय का जिम्मा है। पटनायक एक ट्वीट में कहा, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू के नामांकन के संदर्भ में मुझसे बात की।

मेरे मंत्रिमंडल के सहयोगी जगन्नाथ सारका और टुकुनी साहू आज नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे और कल नामांकन कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। मुर्मू बृहस्पतिवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित राजग के विभिन्न वरिष्ठ नेता उनके साथ मौजूद होंगे। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष पटनायक ने मुर्मू को राज्य की बेटी बताकर उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया है। उन्होंने बुधवार को राज्य विधानसभा के सभी सदस्यों से अपील की कि वे राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करें। ओडिशा की 147 सदस्यीय विधानसभा में सत्तारूढ़ बीजद के 114 विधायक हैं। इसके अलावा भाजपा के 22 और कांग्रेस के नौ सदस्य और माकपा का एक सदस्य है। एक निर्दलीय विधायक भी है।

राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 18 जुलाई को होना है। इसके लिए नामांकन 29 जून तक भरा जा सकेगा और चुनाव परिणाम की घोषणा 21 जुलाई तक हो जाएगी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।

### द्रौपदी मुर्मू ने की पीएम व गृहमंत्री से मुलाकात

**राष्ट्रपति** पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद एक ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। मोदी ने कहा, द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की। राष्ट्रपति पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का देश भर में और समाज के सभी वर्गों द्वारा सराहना की जा रही है। जमीनी समस्याओं के प्रति उनकी समझ और भारत के विकास को लेकर उनकी दृष्टि उत्कृष्ट है। राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद मुर्मू आज दिल्ली पहुंचीं।

### मोदी, राजनाथ, अमित शाह और जेपी नड्डा होंगे प्रस्तावक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति पद के लिए होने जा रहे चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार को दिल्ली पहुंच गईं। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर उनके नामांकन संबंधी दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वरिष्ठ मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उनके प्रस्तावकों में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता जोशी के आवास पर प्रस्तावक और समर्थक के तौर पर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। बीजू जनता दल (बीजद) के सस्मित पात्रा भी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल हैं। बीजद ने मुर्मू के नामांकन का समर्थन किया है। मुर्मू (64) के पार्टी के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल करने की उम्मीद है।

# विस्फोटक विशेषज्ञ की देखरेख में ध्वस्त होगा टावर

## रोजाना पलवल से पुलिस सुरक्षा में नोएडा आया करेगा बारूद, इमारत के छेदों में लगाया जाएगा बारूद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के सेक्टर-93ए सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट परिसर में बने ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया अब तेजी से चल रही है।

यहां चल रहे कामकाज को देखने सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीटयूट सीबीआरआई और सेंट्रल इंस्टीटयूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च सीआईएमएफ आर की टीम मौके पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने करीब दो घंटे तक रुककर जगह-जगह चल रहे काम को देखा। अभी ये टीम दो दिन और रुककर टावर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया देखेंगी।



सीबीआरआई के अधिकारियों ने नोएडा प्राधिकरण से ब्लास्ट डिजाइन का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ कंपनी को नियुक्त करने का आग्रह किया था। सीबीआरआई ने प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा था कि उनके पास विस्फोटकों में विशेषज्ञता नहीं है और वे स्ट्रक्चरल मामलों से निपटते हैं। बाद में उन्हें अपने स्तर पर अन्य एजेंसियों को शामिल करने की सलाह दी गई, जिनके पास विस्फोटकों और विस्फोट डिजाइन से संबंधित विशेषज्ञता हो। ऐसे में अब सीबीआरआई अपने सहयोग के लिए धनबाद की सीआईएमएफ आर टीम को साथ लेकर आई है।

सीआईएमएफ आर के वैज्ञानिकों की टीम ब्लास्ट डिजाइन रिपोर्ट के हिसाब से ध्वस्तीकरण से होने वाली नुकसान से बचाने के लिए जरूरी व्यवस्था तैयार करने में मदद करेगी। एडीफाइस एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि 21 अगस्त को ट्विन टावरों का ध्वस्तीकरण होना है। ध्वस्तीकरण में करीब 3500 किलो बारूद लगने का अनुमान है।

एपेक्स व सियान टावर में किए जा रहे करीब 9 हजार छेदों में यह बारूद लगाया जाएगा। 21 अगस्त को रिमोट दबाकर विस्फोट के जरिए जरिए ट्विन टावर ध्वस्त किए जाएंगे। उस दौरान आसपास लोगों को आने से रोकने, कोई हादसा होने पर तुरंत मदद करने, ट्रैफिक डायवर्ट करने आदि काम के लिए पुलिसकर्मियों की जरूरत पड़ेगी।

एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि ध्वस्तीकरण वाले दिन ट्विन टावर के आसपास 500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा यातायात व्यवस्था बनाने के लिए करीब 150 यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उस दिन दोपहर करीब दो बजे के आसपास नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे को भी आधा घंटे तक वाहनों के लिए बंद रखा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि टावरों में किए जा रहे छेदों में बारूद लगाने का काम 1 अगस्त से शुरू होने की उम्मीद है।

बारूद लगाने वाले दिन से ही दोनों टावरों को पुलिस अपनी सुरक्षा में ले लेगी। उस दिन से रोजाना करीब 20 पुलिस कर्मियों के जिम्मे वहां की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। ये पुलिसकर्मी अधिकृत कर्मचारियों को ही टावर परिसर में जाने की अनुमति देंगे। बारूद रोजाना पलवल से पुलिस सुरक्षा में नोएडा आया करेगा। जो बारूद बचेगा, वह पुलिस सुरक्षा में ही वापस जाया करेगा।

# 10 स्विमिंग पूल और 5 जिम के संचालकों को भेजा नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने जिम और स्विमिंग पूलों के पंजीकरण की जांच शुरू कर दी है। जिनके पंजीकरण नहीं है उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। जिसके चलते जिले के 10 स्विमिंग पूल के संचालकों को पंजीकरण न कराने पर नोटिस जारी किया गया है।

प्रशासन द्वारा एनओसी के बिना चला रहे जिम मालिकों को भी नोटिस जारी किए गए। प्रशासन ने यह कदम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया है। कुछ दिनों पहले गौतमबुद्ध नगर के जिला अधिकारी सुहास एलवाई ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए थे कि जिन स्विमिंग पूल और जिम के पंजीकरण नहीं हुए हैं उन पर कारवाई की जाए।

जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि जिले में 500 से ज्यादा स्विमिंग पूल चल रहे हैं, लेकिन इनमें से 250 ही पंजीकृत हैं। वहीं, जिले में जिमों की संख्या भी अधिक है, लेकिन 55 ऐसे जिम संचालक हैं जिन्होंने पंजीकरण करा रखा है। उन्होंने बताया कि इसी वजह से जिम और स्विमिंग पूलों का निरीक्षण किया गया।

# ठगी मामला: रेड एप्पल बिल्डर्स के खिलाफ दो और मुकदमे दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

फ्लैट देने के नाम पर सौ करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले रेड एप्पल बिल्डर्स के खिलाफ नंदग्राम थाने में दो और केस दर्ज हुए हैं। इनमें पीड़ितों ने बिल्डर पर करीब 32 लाख रुपये की ठगी की आरोप लगाया है।

पीड़ितों का कहना है कि उन्हें फ्लैट नहीं मिले और लोन की किश्त भी भरनी पड़ रही है। पुलिस का कहना है कि बिल्डर व स्टेट बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। संजय कुमार का कहना है कि उन्होंने राजनगर एक्सटेंशन स्थित मंजू जे होम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के रेड एप्पल प्रोजेक्ट में वर्ष 2012 में फ्लैट बुक किया था। उन्होंने 2.46 लाख रुपये अपने पास से दिए तथा 13.17 लाख रुपये बैंक से लोन कराया।

फ्लैट लेते समय बिल्डर ने करार किया था कि जब तक फ्लैट पर पजेशन नहीं मिलेगा, तब तक लोन की ईएमआई उनके द्वारा भरी जाएगी। संजय कुमार का कहना है कि अप्रैल 2018 में ही बिल्डर का फर्जीवाड़ा सामने आ गया। उसने उन्हें फ्लैट नहीं दिया और बैंक की किश्त भी भरनी पड़ रही है।

दूसरे मामले में बसंत लेन रेलवे कॉलोनी पहाड़गंज निवासी लवकुश यादव का कहना है कि उन्होने वर्ष 2012 में रेड एप्पल सोसाइटी में फ्लैट बुक किया था।

# हजारों रेत की बोरियां रख तेज रफ्तार पर होगा परीक्षण

**● वर्कशॉप लाइन, सिग्नल और विद्युतीकरण का काम तेज**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



जल्दी ही लोगों को 100 से 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के सफर का अनोखा अहसास होगा। रैपिड रेल के ट्रायल का कार्य तेजी किया जा रहा है। रैपिड रेल का तेज रफ्तार में प्रशिक्षण के लिए रेल के अंदर रेत की हजारों बोरियां रखी जाएगी। जिसके लिए वर्कशॉप लाइन, सिग्नल और विद्युतीकरण का काम तेजी से किया जारी है।

1 महीने के अंदर तकनीकी परीक्षण के शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। करने के बाद अगस्त माह के अंदर इसका ट्रायल किया जाएगा। एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि रैपिड रेल के पहले 6 कोच को जोड़ने के बाद तकनीकी परीक्षण किया जाएगा। तेज रफ्तार पर भारत का परीक्षण करने के लिए हजारों रेत की बोरियां रखी जाएगी। दुहाई डिपो में ट्रैक के साथ सिग्नल, बिजली और ओवर हेड इक्विपमेंट का काम तेज गति से जारी है।

यह रैपिड रेल 100 से 180 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। जल्दी ही रैपिड रेल का ट्रायल भी किया जाएगा। इसका ट्रायल 3 चरणों में होगा। ट्रायल सफल रहा तो जल्द ही इस परियोजना को शुरू कर दिया जाएगा। पहले मार्च 2023 में साहिबाबाद से दवाई के बीच रैपिड रेल चलाई जाएगी। जिसके बाद 2025 में सराय काले खा से मेरठ के बीच रैपिड रेल शुरू की जाएगी। इसके संचालन शुरू हो जाने से हजारों यात्रियों को फायदा होगा। इसके अलावा यहां के स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। जिससे जिला तेजी के साथ तरक्की की ओर आगे बढ़ेगा। वहीं, दुहाई डिपो रैपिड रेल के ट्रायल के लिए तैयार है। यहां पर रेल लाइन बिछाने और वर्कशॉप के लिए शेड भी तैयार कर लिए गए हैं। रैपिड ट्रेनों के परीक्षण और रखरखाव के लिए दुहाई डिपो में 11 स्टेबलिंग लाइन, दो वर्कशाप लाइन, तीन इंटरनल.बे लाइन आईबीएल और एक हेवी इंटरनल क्लीनिंग एचईसी लाइन का निर्माण किया गया है, जिनमें एक वर्कशाप और एक आईबीएल लाइन का निर्माण अंतिम चरण में हैं। रैपिड रेल के कोच को कई आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है।

इस में सफर करने वाले लोगों को एक खास अनुभव होगा। रैपिड ट्रेन के कोच अपने आकर्षक और आधुनिक डिजाइन के साथ रेजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम से युक्त हल्के वजन के और स्वचालित ट्रेन सुरक्षा एटीपी, स्वचालित ट्रेन नियंत्रण एटीसी और स्वचालित ट्रेन संचालन एटीओ से संपन्न हैं।

# नवंबर से फरवरी तक दिल्ली में भारी वाहनों पर रोक



**प्रदूषण के खिलाफ जंग**

**आप सरकार ने पड़ोसी राज्यों को लिखा पत्र, केवल बीएस-6 बसों को ही मिलेगी अनुमति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बढ़ते प्रदूषण पर लगात लगाने के मकसद से बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने नवंबर से फरवरी तक मझोले और भारी वाहनों के राजधानी में प्रवेश पर रोक लगा दी है।

ऐसे वाहनों के प्रवेश पर एक नवंबर से 28 फरवरी 2023 तक पाबंदी रहेगी क्योंकि वाहनों से फैलने वाले प्रदूषण से सर्दियों के महीनों में दिल्ली की आबोहवा जहरीली हो जाती है। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गत 15 जून को दिल्ली सरकार ने हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश समेत पड़ोसी राज्यों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद के लिए उनसे केवल बीएस-6 मानकों की बसों प्रदेश की अनुमति मिलेगी।

अधिकारियों ने कहा कि यह अनुरोध शहर में वाहन से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए किया गया था क्योंकि यहां प्रदूषण में हरियाणा से आने वाली गाड़ियों का भी योगदान होता है।

सरकार ने यह फैसला हर साल सर्दियों के मौसम में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए लिया। अक्टूबर-नवंबर से लोगों को गर्मी और उमस से हल्की रात दिन मिलने लगती है और मौसम में गुलाबी ठंड का अहसास होता है। सर्दियों के यह दिन ठंडक पहुंचाते हैं लेकिन इसी दौरान सबसे ज्यादा प्रदूषण की मार भी झेलनी पड़ती है।

ऐसे में दिल्ली सरकार ने पहले ही एहतियातन कदम उठाने शुरू कर दिया ताकि सर्दियों में प्रदूषण को फैलने से रोका जा सके। अक्टूबर से दिल्ली के आसपास के राज्यों में जलाई जाने वाली और भारी वाहनों की वजह से वायु प्रदूषण गंभीर स्थिति में पहुंच जाता है हालत इतनी खराब हो जाती लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है।

# फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी

**● मामले में 23 कारोबारी गिरफ्तार**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दो सौ से अधिक कारोबारियों ने करीब 400 फर्जी फर्म से कागजी कारोबार कर 550 करोड़ की जीएसटी चोरी की है।

केंद्रीय जीएसटी विभाग ने फर्जी फर्मों से कारोबार का पता चलने पर 71 मामलों में छापे मारकर 23 कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय जीएसटी विभाग जीएसटी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए जीएसटीएन पोर्टल से नजर रखता है। बीते तीन साल में विभाग की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों ने जीएसटी चोरी तथा फर्जी कारोबार से आईटीसी क्लेम लेने वाले 71 कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की।

विभाग ने 71 कारोबारियों के सवा सौ से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर फर्जी फर्मो से कारोबार में संलिप्त 23 कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में 400 से अधिक फर्जी फर्मो से कार्गजी कारोबार कर टर्नओवर बढ़ाने और विभाग से आईटीसी क्लेम उठाने का मामला सामने आया। फर्जी फर्म में लिप्त कारोबारी लोहा, आयरन स्टील, भवन सामग्री, पान मसाला, इलेक्ट्रॉनिक सामानों एवं रेडीमेड गारमेंट्स के ट्रेडिंग के काम में जीएसटी चोरी का खेल करते हैं।

फर्जी फर्जीवाड़े में लिप्त कारोबारियों का नेटवर्क दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में फैला है। विभाग की जांच में मास्टरमाइंड कारोबारियों के कई राज उजागर हुए। जांच में सामने आया कि कोई अपने ससुर और साले के नाम पर फर्म बना कर कागजी कारोबार कर रहा है। तो कोई दोस्तों के नाम पर फर्म बनाया है। विभाग के पूछताछ में फर्म मालिकों द्वारा नकारने के बाद यह खुलासा हुआ है।

# स्ट्रीट लाइट ठीक करने के दौरान दो मजदूर गिरे, मौत

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइट का बल्ब लगाते समय ऊंचाई से 2 मजदूर गिर गए। इस घटना में दोनों की मौत हो गई।

थाना बिसरख पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने के लिए तैनात किए गए जगदीश तथा राहुल मूलनिवासी अजमेर राजस्थान को हनुमान मंदिर के पास स्ट्रीट लाइट में बल्ब लगा रहे थे। एकाएक ऊंचाई से गिरने पर उनकी मौत हो गई।

# एचआईवी महिला मरीज को एक स्ट्रेचर तक नहीं मिली

**● रिक्शा ठेला खींचकर अस्पताल तक लाया भाई, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बैठाई जांच**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एचआईवी और टीबी की महिला मरीज को एक स्ट्रेचर तक नहीं मिला। परिजन इस मरीज को रिक्शा ठेला पर लादकर भटकते रहे। बाद में हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। वीडियो वायरल होने पर सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने जांच बैठा दी है। उन्होंने गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से 25 जून तक जांच और कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। गाजियाबाद में साहिबाबाद क्षेत्र निवासी एक महिला को टीबी की बीमारी थी। तीन दिन पहले वह गाजियाबाद के जिला अस्पताल में जांच कराने के लिए आई तो उसको एचआईवी पॉजिटिव आया।



बृजेश पाठक

डॉक्टरों का कहना है कि अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन इस महिला को रिक्शा ठेला में डालकर अस्पताल ले गए। रिक्शे को खुद महिला का भाई खींचकर लाया। उसका कहना था कि एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं हो पाई थी, इसलिए वह रिक्शा ठेला से मरीज को लेकर आया। भाई के द्वारा बहन को रिक्शा ठेला में लाने की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गई।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने ट्वीट करके लिखा प्रकरण के संबंध में जांच कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट 25 जून तक उपलब्ध कराए जाने के आदेश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भवतोष शंखधर का कहना है कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि मरीज के परिजनों ने एंबुलेंस के लिए कोई कॉल नहीं की थी। वह जैसे ही अस्पताल में आए, उन्हें स्ट्रेचर मुहैया कराया गया था।

मरीज की हालत गंभीर थी, इसलिए उसको एंबुलेंस में बैठाकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया, जहां एचआईवी पॉजिटिव मरीजों का इलाज होता है। डॉक्टर मनोज कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि तीन दिन पहले जांच में एचआईवी की पुष्टि होने पर तभी मरीज को भर्ती होने की सलाह दी गई थी, लेकिन परिजन उसको घर ले गए थे।

# तेज रफ्तार ने बुझा दिये दो परिवारों के दीपक

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बंथला चिरौड़ी मार्ग पर तेज रफ्तार से भाग रही एक मारूति जैन का चालक सामने से आ रहे किसी वाहन को बचाने के फेर में कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और फिर गाड़ी कई पलटे खाती हुई सड़क पर घिसटती हुई चली गई।

इस हादसे में घिटोरा निवासी 18 वर्षीय दिपेश व 30 वर्षीय जितेंद्र की मौत हो गई और मनीष, विकास और पप्पू घायल हो गये। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची लोनी पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर घायलों को अस्पताल भिजवा दिया।

# चीनी गेस्ट हाउस में होती थी सेक्स वर्कर्स की सप्लाई

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में चीनी स्लीपर सेल के अड्डे के बारे में रोजाना नए.नए खुलासे हो रहे हैं। चीनी जासूस सु फइ के करीबी रविकुमार नटवरलाल के अलावा पुष्पेंद्र और अशोक भी है।

पुष्पेंद्र और अशोक ग्रेटर नोएडा के इस चीनी गेस्ट हाउस में लड़कियों की सप्लाई किया करते थे। पुष्पेंद्र गाजियाबाद से लड़कियों की सप्लाई करता था और अशोक गुरुग्राम से लड़कियों की सप्लाई करता था। इस बात का खुलासा 3 दिन के रिमांड के दौरान चीनी जासूस ने किया है। अभी तक रविकुमार नटवरलाल, पुष्पेंद्र और अशोक तीनों पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इसके लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। अभी तक इस मामले में यह तीनों मुख्य किरदार सामने आए हैं। इस मामले में रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुष्पेंद्र ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर सिटी की सोसाइटी में रहता है। वह काफी समय से ग्रेटर नोएडा के चीनी गेस्ट हाउस में गाजियाबाद और नार्थ ईस्ट की लड़कियां सप्लाई कर



रहा था। सूत्रों का दावा है कि चीनी जासूस सु फाइ के पकड़े जाने के बाद पुष्पेंद्र ने कुछ चीनी नागरिकों के साथ उससे मिलने का प्रयास किया था, लेकिन वह मिल नहीं पाया था। जिसके बाद पुष्पेंद्र ने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया और अपने ठिकाने से फरार हो गया। सु फाइ के कहने पर अशोक लड़कियों की सप्लाई गेस्ट हाउस में करता था।

# निगम उपायुक्त ने साफ-सफाई दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगम नजफगढ़ जोन के उपायुक्त प्रदीप कुमार ने आज नजफगढ़ में इस्सापुर क्षेत्र का दौरा किया और क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अपने निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने धनसा, इस्सापुर, समसपुर और मलिकपुर गांव के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों को सुना साथ ही उचित निवारण के निर्देश भी दिये।

प्रदीप कुमार ने क्षेत्र के नालों का निरीक्षण किया। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून के आने से पहले नालों व छोटी नालियों से गाद निकालने का काम पूरा हो गया हो, यह सुनिश्चित किया जाये ताकि बरसात होने पर जलभराव की स्थिति पैदा नहीं हो। इसके अलावा कुमार ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये। उन्होंने क्षेत्र में गलियों और नालियों की टूट-फूट दुरुस्त करने के को कहा।

उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। लोगों को पर्यावरण सहायकों की बीट वार सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये ताकि लोग सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवा सकें।

# इंस्पेक्टर आत्महत्या करने के लिए निकला तो पुलिस बचाई जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

घरेलू विवाद से तंग आकर एक इंस्पेक्टर ने सुसाइड करने का प्रयास किया है। इंस्पेक्टर ने सुसाइड नोट अपने वॉट्सएप स्टेट्स पर लगा दिया, जिसको एक परिचित ने देख लिया। जिसके बाद परिचित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इंस्पेक्टर की जान बचाई। इस मामले में किसी भी व्यक्ति द्वारा पुलिस को शिकायत नहीं मिली है। इंस्पेक्टर ध्रूव भूषण गौतमबुद्ध नगर पुलिस के आईटी सेल में तैनात है। वह ग्रेटर नोएडा में स्थित सेक्टर डेल्टा-3 में अपने परिवार के साथ रहता है। इंस्पेक्टर ने एक सुसाइड नोट लिखा और अपने व्हाट्सअप के स्टेटस पर लगा दिया। सुसाइड नोट के मुताबिक, वह घरेलू विवाद से तंग आकर आत्महत्या कर



रहा है। पीड़ित ने सुसाइड नोट में अपनी पत्नी के लिए लिखा, मकान, जमीन और पैसे तुम्हें मुबारक हो। उन्होंने नोट मे सुसाइड करने का कारण अपनी पत्नी और अपने ससुराल वाले को बताया। इसके अलावा अपनी सारी प्रॉपर्टी अपनी बेटियों के नाम करने की बात लिखी है। नोट मे यह भी लिखा कि उनकी पत्नी उनके शव को हाथ न लगाए। पुलिस ने बताया कि इंस्पेक्टर ध्रुव भूषण घरेलू विवाद के कारण परेशान था। जिसकी वजह से उन्होंने आत्महत्या करने का प्रयास किया है।

# कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू, गड्ढा मुक्त होंगी सड़कें

**● पॉलीथिन व प्लास्टिक की सामग्री पर रोक रहेगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम ने कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू कर दी। मेरठ रोड समेत सभी कांवड़ मार्ग पर 30 जून तक व्यवस्था पूरी करनी होंगी। प्रकाश व्यवस्था से लेकर पेयजल का इंतजाम किया जाएगा। साफ-सफाई और सड़कें गड्ढे मुक्त होंगी। इस बार हर पंडाल के बहार डस्टबिन अनिवार्य रूप से लगे होंगे। पॉलीथिन और प्लास्टिक की सामग्री पर रोक रहेगी।

कांवड़ यात्रा अगले माह शुरू हो रही है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु मेरठ रोड से निकलते हैं। कई हजार श्रद्धालु शहरी क्षेत्र में रहते हैं। नगर निगम ने कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारी शुरू कर दी। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने निगम के सभी विभाग को आदेश



फाइल फोटो

जारी कर तैयारी पर रिपोर्ट मांगी है।

नगर आयुक्त ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों का अच्छी तरह ध्यान रखा जाएगा। एक भी कांवड़िया को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि निगम की तरफ से सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। कांवड़ मार्ग के स्थाई एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। बीट बनाकर सफाई होगी। निगम का उद्यान विभाग शहरी क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर पेड़ों की छटाई करेगा।

घास की भी कटाई कराई जाएगी। निगम का प्रकाश विभाग कांवड़ मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था करेगा। मेरठ रोड से कई दिन तक रोजाना लाखों की संख्या में कावंड़ियां निकलते हैं। मौजूदा समय में मेरठ रोड पर अंधेरा छाया रहता है। निगम कांवड़ मार्ग पर अस्थाई और स्थाई प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करेगा। कांवड़ मार्ग पर लगे विद्युत पोल के ऊपर छह फीट की ऊंचाई तक इंसुलेट किए जाएंगे ताकि किसी पोल में करंट न उतर सके।

शहरी के अंदर की सड़कों पर लाइट लगाई जाएगी। निगम के स्वास्थ्य विभाग को कांवड़ मार्ग की साइड पटरियों की सफाई 30 जून से पहले करनी होगी। मंदिरों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था कराई जाएगी। कांवड़ मार्ग पर मीट की दुकानें बंद रहेंगी। कावंड़ यात्रा तक मीट की दुकानें बंद करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा मेरठ रोड पर घूमने वाले लावारिश पशुओं को पकड़ा जाएगा।

कांवड़ मार्ग के अलावा भगवान आशुतोष के जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में जाते हैं। शहरी क्षेत्र के सभी मंदिर मार्ग गड्ढामुक्त कराए जाएंगे। मौजूदा समय में काफी सड़कें बदहाल है, जिन पर पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। नगर निगम कांवड़ मार्ग पर पानी के टैंकर की व्यवस्था करेगा। कांवड़ मार्ग पर कई हैंडपंप खराब हैं।

जलकल विभाग को खराब हैंडपंप ठीक करने होंगे। किन स्थानों पर पानी के कैंटर लगाए जाने हैं उनकी सूची तैयार कराई जा रही है। बता दें कि कांवड़ यात्रा के दौरान गर्मी रहती है।

# निजी निकायों को बेचते थे शत्रु संपत्ति

**● बुधवार को एलजी ने किए थे तीन अधिकारी निलंबित**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने जिन तीन अधिकारियों को निलंबित किया है वह पिछले छह सालों से शत्रु संपत्तियों को निजी निकायों को बेच रहे थे। मामले की जानकारी अधिकारिक सूत्रों के हवालों से आई है। उन्होंने कहा कि उप राज्यपाल ने गृह मंत्रालय से इस मामले में एक अतिरिक्त जिलाधिकारी को निलंबित करने की भी सिफारिश की है। सक्सेना ने 21 जून को तीन अधिकारियों, दो उप संभागीय मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) और मुख्यमंत्री कार्यालय के एक उप सचिव को निलंबित कर दिया था।

सूत्रों ने बताया कि ए सभी अलग-अलग समय पर एसडीएम अलीपुर के रूप में पदस्थ थे उन्होंने कथित तौर पर भारत सरकार के अधीन निष्क्रांत भूमि के स्वामित्व निजी निकायों को हस्तांतरित करने के आदेश दिए। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, चार अधिकारियों ने सरकारी भूमियों के भूमिदारी अधिकारी निजी निकायों को दिए थे जिसमें एक घोटाला हुआ।

उन्होंने कहा कि कथित जमीन उत्तर दिल्ली जिले के झंगोला गांव में रिफैत के बेटे करमू की थी जिसे इसके मालिक के पाकिस्तान जाने के बाद निष्क्रांत संपत्ति घोषित कर दिया गया था।

निलंबित अधिकारी हर्षित जैन, प्रकाश चंद ठाकुर और देवेंद्र शर्मा दिल्ली, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह सिविल सेवा (डेनिक्स) के अस्थाई अधिकारी थे। जैन और शर्मा एसडीएम थे, वहीं ठाकुर मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव के रूप में पदस्थ थे।

# प्राइमर लगाते समय भूल से भी न करें यह गलतियां



**अधिकतर महिलाएं एक गलती कर बैठती हैं और वह है प्राइमर के तुरंत बाद फाउंडेशन को अप्लाई करना। ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें तो प्राइमर को आपकी स्किन पर सेटल होने और अन्य प्रॉडक्ट के लिए एक स्मूद बेस तैयार करने में कुछ वक्त लगता है।**

मेकअप की शुरुआत में प्राइमर का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। प्राइमर को अप्लाई करने से न सिर्फ मेकअप लॉन्ग लास्टिंग बनता है, बल्कि यह आपके बेस को एक स्मूद लुक भी देता है। लेकिन कई बार देखने में आता है कि प्राइमर लगाने के बाद भी महिला को वह लुक नहीं मिलता, जो वास्तव में मिलना चाहिए। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि प्राइमर लगाते समय आप कुछ गलतियां कर बैठती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको उन्हीं गलतियों के बारे में बता रहे हैं।

## गलत प्रामइर का इस्तेमाल

मेकअप एक्सपर्ट बताते हैं कि आजकल मार्केट में कई तरह के प्राइमर मिलते हैं। ऐसे में आपको अपनी स्किन के अनुसार सही प्राइमर का चयन करना चाहिए। अगर आप गलत प्राइमर को चुनती हैं तो इससे आपको कोई बेनिफिट नहीं होने वाला। बेहतर होगा कि आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ही प्राइमर को चुनें। मसलन, अगर आपकी स्किन रूखी है तो ऐसे में आपको मॉइश्चराइजिंग प्राइमर को चुनना चाहिए।

## फाउंडेशन अप्लाई करना

मेकअप करते समय अधिकतर महिलाएं एक गलती कर बैठती हैं और वह है प्राइमर के तुरंत बाद फाउंडेशन को अप्लाई करना। ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें तो प्राइमर को आपकी स्किन पर सेटल होने और अन्य प्रॉडक्ट के लिए एक स्मूद बेस तैयार करने में कुछ वक्त लगता है। अगर आप प्राइमर के तुरंत बाद फाउंडेशन लगाएंगी तो प्राइमर लगाने का कोई फायदा नहीं होगा। बेहतर होगा कि आप प्राइमर लगाने के बाद एक-दो मिनट का इंतजार करें। उसके बाद ही फाउंडेशन लगाएं।

## आई लिड पर न लगाना

अमूमन महिलाएं प्राइमर को अपने चेहरे पर तो लगाती हैं, लेकिन आई लिड पर लगाना इसे जरूरी नहीं समझतीं और इसलिए वहां पर प्राइमर को स्किप कर देती हैं। हालांकि मेकअप एक्सपर्ट कहते हैं कि आपको वहां पर भी प्राइमर को अप्लाई करना चाहिए। ऐसा करने से आई मेकअप के दौरान ऑयल कंटोल होता है। साथ ही लिड पर आई शैडो भी इवन और परफेक्ट तरीके से लगता है।

## ब्लेंड न करना

प्राइमर को अप्लाई करते समय एक छोटी सी मिसटेक आपका लुक बिगाड़ देती है और यह गलती है प्राइमर को बहुत ज्यादा या बेहद कम अप्लाई करना। जहां बेहद कम प्राइमर लगाने से उससे आपके मेकअप को कोई फायदा नहीं होता, वहीं दूसरी ओर आवश्यकता से अधिक प्राइमर लगाने पर भी आपका मेकअप अच्छी तरह सैटल नहीं होता। इसके अलावा प्राइमर लगाने के बाद जरूरी है कि आप उसे अच्छी तरह ब्लेंड करें ताकि आपको एक स्मूद लुक मिल सके।

# अपनी स्किन टोन के अनुसार चुनें सही हाईलाइटर

**मीडियम स्किन टोन वाली महिलाओं को हमेशा वार्म शेड के हाईलाइटर को ही अपने मेकअप का हिस्सा बनाना चाहिए। मेकअप एक्सपर्ट के अनुसार आपको ऐसे हाईलाइटर को चुनना चाहिए, जिसमें पीच या गोल्ड अंडरटोन हो। इस तरह की स्किन टोन की महिलाओं पर वार्म गोल्डन शेड काफी अच्छा लगता है।**

**जब** मेकअप की बात होती है तो उसमें हाईलाइटर का नाम जरूर लिया जाता है। अगर आपको कहीं बाहर जाना हो तो मेकअप करते हुए हाईलाइटर का इस्तेमाल करने से आपके चेहरे पर एक ग्लो आ जाता है। हालांकि हाईलाइटर से आपको परफेक्ट लुक तभी मिलता है, जब आपने शेड का चयन किया हो। आजकल मार्केट में कई तरह शेड्स के हाईलाइटर मिलते हैं, जिसके चलते लड़कियां कन्फयूज हो जाती हैं। अगर आपको भी समझ नहीं आ रहा है कि आप किस हाईलाइटर को चुनें तो जरूरी है कि आप सबसे पहले अपनी स्किन टोन पर फोकस करें। अलग-अलग स्किन टोन पर डिफरेंट कलर्स अच्छे लगते हैं। तो चलिए जानते हैं स्किन टोन के अनुसार कैसा हो आपका हाईलाइटर।

## मीडियम स्किन टोन

मीडियम स्किन टोन वाली महिलाओं को हमेशा वार्म शेड के हाईलाइटर को ही अपने मेकअप का हिस्सा बनाना चाहिए। मेकअप एक्सपर्ट के अनुसार आपको ऐसे हाईलाइटर को चुनना चाहिए, जिसमें पीच या गोल्ड अंडरटोन हो। इस तरह की स्किन टोन की महिलाओं पर वार्म गोल्डन शेड काफी अच्छा लगता है। मीडियम स्किन टोन की महिलाओं को पिंक हाईलाइटर शेड से दूर रहना चाहिए।

## डीप स्किन टोन

मेकअप एक्सपर्ट के अनुसार, ऐसी स्किन टोन की महिलाओं को कूल टोन वाले हाईलाइटर से बचना चाहिए। इनके लिए वार्म और कॉपर टोन वाले हाईलाइटर को अप्लाई करना अच्छा माना जाता है। ऐसी स्किन के लिए रोज गोल्ड या ब्रॉन्ज कलर एक परफेक्ट लुक देता है। वहीं आप हल्के रेड व ऑरेंज शेड के हाईलाइटर को भी बिना किसी झिझक के इस्तेमाल कर सकती हैं।

## फेयर स्किन टोन



ब्यूटी एक्सपर्ट बताते हैं कि फेयर स्किन टोन वाली महिलाओं को लाइट व कूल टोन्ड हाईलाइटर को चुनना चाहिए। इस तरह के शेड्स आपकी स्किन पर ग्लो लाने के साथ-साथ एक नेचुरल लुक देते हैं, जो देखने में काफी अच्छा लगता है। कभी भी ऐसी स्किन टोन पर बेहद डार्क जैसे ब्रॉन्ज या कॉपर या रेड अंडरटोन वाले हाईलाइटर को अप्लाई नहीं करना चाहिए, यह आपकी स्किन पर काफी लाउड नजर आते हैं। बेहतर होगा कि आप इसकी जगह आपको पिंक-पीच फिनिश वाले हाईलाइटर को अप्लाई करना चाहिए।

## रखें इसका ध्यान

यकीनन हाईलाइटर खरीदते समय सबसे पहले आपको अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए कलर को चुनना चाहिए। लेकिन इसके अलावा भी ऐसी कई चीजें हैं, जिस पर आपको फोकस करना चाहिए। ब्यूटी एक्सपर्ट कहते हैं कि आपका हाईलाइटर स्किन टोन से दो शेड लाइटर होना चाहिए। इसके अलावा जब आप इसे अपनी स्किन पर अप्लाई करें तो उसे अच्छी तरह ब्लेंड करें, ताकि यह आपकी ही स्किन का हिस्सा लगे और अलग से नजर न आए।

# क्या आप भी नहीं दे पाते नेल पॉलिश में बेहतर फिनिशिंग

**एक** लड़की खुद को सुंदर दिखानें के लिए अपने चेहरे से लेकर हाथ-पैरों की सुंदरता पर भी खूब ध्यान देती है। क्योंकि चेहरे के साथ-साथ आपके हाथ-पैरों की सुदंरता काफी मायने रखती है। इसलिए लड़कियां इसके लिए मैनीक्योर- पैडीक्योर करवाती हैं। लेकिन खुद से मैनीक्योर करना और नेल पॉलिश लगाने पर आप अपने नाखूनों को स्मूद फिनिशिंग नहीं दे पाते हैं। ऐसा क्यों होता है कि आप जब नेल पॉलिश लगाते हैं, तो नेल पॉलिश में बुलबुले या क्रैक दिखते हैं। इसके पीछे का कारण हो सकता है आपके द्वारा नेल पॉलिश लगाते हुए होने वाली गलतियां, जो नाखून को सुंदर के बजाय भद्दा बना देता है। आइए यहां हम आपके लिए पूरा नेल पॉलिश गाइड लेकर आए हैं, जो आपको एक स्मूद फिनिश पाने में मदद करेगा।

## नेल पॉलिश लगाने से पहने करें नाखूनों को साफ

आप नाखूनों में नेल पॉलिश लगाने से पहले अपने नाखूनों को साफ जरूर कर लें। आप थिनर या आप नेल बेड से नाखूनों की गंदगी को हटाने के लिए एसीटोन अपने नाखूनों को  भिगोए हुए कॉटन बॉल से पोंछ लें। फिर अपने हाथों को साबुन से धोएं।

## नेल पॉलिश से पहले लगाएं बेस कोट

आप अपने नाखूनों में नेल पॉलिश लगाने से पहले एक नेल बेस कोट लगा लें। यह नाखूनों को एक स्मूद बेस देने और नाखूनों में मलिनकिरण को रोकता है।

## नेल पॉलिश को टेस्ट करें

आप एक नेल पॉलिश को अपने सभी नाखूनों पर लगाने से पहले आप उसका टेस्ट कर लें। आप अपने नाखून पर एक स्वाइप के साथ नेल पॉलिश को टेस्ट कर लें। इससे आप पता लगा सकते हैं कि आपकी नेल पॉलिश सही है या नहीं। यदि आपकी नेल पॉलिश मोटी लेयर में और चिपचिपी है, तो या तो इसे पतला करने की कोशिश करें या फिर फेंककर दूसरी नेल पॉलिश उपयोग में लाएं।



नाखूनों में नेल पॉलिश लगाने से पहले एक नेल बेस कोट लगा लें

**आप नाखूनों में नेल पॉलिश लगाने से पहले अपने नाखूनों को साफ जरूर कर लें। आप थिनर या आप नेल बेड से नाखूनों की गंदगी को हटाने के लिए एसीटोन अपने नाखूनों को  भिगोए हुए कॉटन बॉल से पोंछ लें। फिर अपने हाथों को साबुन से धोएं।**

## पतला कोट लगाएं

हमेशा नेल पॉलिश लगाते समय एक पतला कोट लगाने की कोशिश करें। जब भी नेल पॉलिश लगाएं, तो हमेशा ब्रश में कम नेल पॉलिश लें। क्योंकि ज्यादा नेल पॉलिश गड़बड़ी कर सकती है। मोटी लेयर या कोट सूखन में भी समय लेगा। इसके अलावा, कोशिश करें नाखून से ब्रश को कम से कम बार उठाएं।


## एक टॉप कोट लगाएं

एक बार जब आप अपने नेल पेंट को लगा लें, तो फिर पहले नाखून से एक टॉपकोट लगाएं। लेकिन ध्यान दें कि आप अपने नाखून के एकदम किनारे की तरफ स्वाइप करें। इस तरह, नाखून के किनारे की छूटी हुई खाली जगह में भी नेल पॉलिश लग जाएगा।

## ठंडे पानी में अंगलियों को डुबोएं

नेल पॉलिश को जल्दी सुखाने के लिए आप नेल पॉलिश लगाने के बाद अपने नाखूनों को एक बर्फ वाले ठंडे पानी से भरे बाउल में डिबोएं। लगभग 1 मिनट के लिए अपने नाखूनों को उस पानी में रहने दें। इसके अलावा, नेल पॉलिश लगाने के कम से कम 2 घंटे तक गर्म पानी के संपर्क से अपने नाखूनों को बचाएं।

# हफ्ते भर में लंबा करना चाहते हैं नाखून, तो ट्राई करें ये उपाय



**आजकल** लंबे नाखून रखना फैशन में है और लगभग हर लड़की लंबे नाखून रखना पसंद करती है। लेकिन अगर आपके नाखून बढ़ने नहीं हैं या थोड़े से बड़े होने पर टूट जाते हैं, तो आप क्या करती हैं? शायद नाखून बढ़ाना ही छोड़ देती होंगी या फिर जरूरत पड़ने पर नेल एक्सटेंशन का इस्तेमाल करती होंगी। हालांकि, जिनके नाखून नहीं बढ़ते या जिन्हें नाखून चबाने की आदत है, उनके लिए नेल एक्सटेंशन एक अच्छा विकल्प है, लेकिन इससे आपके नाखून डैमेज हो सकते हैं। इसके अलावा, आपको काम करने यहां तक कि खाना खाने में भी नाखूनों की वजह से दिक्कत हो सकती है। तो, आपको ऐसी किसी परेशानी से न जूझना पड़े, तो बेहतर है कि अपने खुद के असली नाखूनों पर ध्यान दें। अगर आप सोच रहे हैं कि आपके नाखून नहीं बढ़ते, तो यहां हम आपके नाखूनों को हफ्ते-दो-हफ्ते में बढ़ाने के कुछ आसान घरेलू उपाय बता रहे हैं। जिससे आपके नाखून जल्दी भी बढ़ेंगे और मजबूत भी होंगें।

**नारियल तेल :** नारियल का तेल आपकी सेहत, त्वचा और बालों के साथ-साथ नाखूनों को बढ़ाने के लिए भी अच्छा होता है। यदि आपके नाखून नहीं बढ़ते या टूट जाते हैं, तो आप अपने नाखूनों में नारियल का तेल लगाएं। इसके लिए 1 बाउल में नारियल तेल लें और उतनी ही मात्रा में शहद और 3-4 बूंदें रोजमैरी का तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को थोड़ा गर्म कर ले और फिर अपने नाखूनों को 15 से 20 मिनट इसमें डुबो कर रखें। हफ्ते में दो से तीन बार ऐसा करने से नाखून तेजी से बढ़ेंगे और मजबूत होंगे।

**लहसुन या लहसुन का तेल :** लहसुन सेलेनियम होता है, जो नाखून के विकास को बढ़ावा देने में मदद करता है। आप लहसुन को अपने नाखून बढ़ाने के लिए कच्ची लहसुन की कली को काटकर अपने नाखूनों में रगड़ें। इसके अलावा, आप लहसुन के तेल को भी नाखूनों को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। आप लहसुन का कीमा बनाकर उसे पैन में जैतून के तेल के साथ 10 मिनट तक हल्की आंच में पकाएं। तेल जलना नहीं चाहिए यानि उसमें धुआं न आए, यह ध्यान रखें। अब आप इस तेल को स्टोर कर लें और रोज रात को अपने नाखूनों और क्यूटिकल्स की मालिश करें।

**दूध और अंडा :** दूध और अंडा आपके नाखूनों को बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए आप थोड़ा सा दूध औ अंडे की जर्दी को फेंट लें, जैसा कि आप ऑमलेट बनाने के लिए करते हैं। अब आप इस मिश्रण में 5 मिनट अपने नाखूनों को डूबो लें। ऐसा आप हफ्ते में दो से तीन बार करें।

**टूथपेस्ट :** नाखूनों को बढ़ाने के लिए आप टूथपेस्ट का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। यह आपके नाखूनों को बढ़ाने और मजबूत बनाने में मदद करेगा। आप इसके लिए अपने नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और रगड़ें। आप ऐसा हफ्ते में तीन बार करें।

**नींबू का रस :** नींबू का रस आपके नाखूनों को बढ़ाने और उनके पीलेपन को दूर करने में मदद करता है। क्योंकि नींबू विटामिन सी से भरपूर है इसलिए यह आपके नाखूनों को मजबूत और उनके विकास को बढ़ावा देता है। एक कॉटन पैड का उपयोग करके नींबू के रस को नाखूनों पर नगा सकते हैं। इसके अलावा, आप एक बाउल में जैतून का तेल और नींबू का रस मिलाकर उसे गर्म करें। सह एक नेल मास्क की तरह काम करेगा। अब आप इस मिश्रण में अपने नाखूनों को 20 मिनट के लिए रखें और फिर अपने नाखूनों की मसाज करें।

# प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने से टीम में वापसी हुई : चेतेश्वर पुजारा

## भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच एक जुलाई से बर्मिंघम में होगा

एजेंसी। लीस्टर

**भारत** के स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि रणजी ट्रॉफी और काउंटी चैंपियनशिप में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने से उन्हें अपनी फॉर्म और राष्ट्रीय टीम में वापसी करने में मदद मिली।

चौतीस वर्षीय पुजारा को इस साल के शुरू में श्रीलंका के खिलाफ भारत की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया था। ससेक्स की तरफ से पांच मैचों में 120 की औसत से 720 रन बनाने के बाद उन्हें इंग्लैंड

### पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ 91 रनों की पारी खेली थी

के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए फिर से राष्ट्रीय टीम में चुना गया।

पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ 83 गेंदों में 91 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने दूसरी डिवीजन की काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स के लिए दो दोहरे शतकों सहित चार शतक लगाए। पुजारा ने कहा, मेरे लिए



यह अधिक से अधिक प्रथम श्रेणी मैचों में खेलने से जुड़ा था। यह अनुभव महत्वपूर्ण था। जब आप फॉर्म में वापसी करना चाहते हैं, जब आप अपनी लय हासिल करना चाहते हैं, जब आपके पास वह एकाग्रता हो तो कुछ लंबी पारियां खेलना महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा, इसलिए, जब मैं ससेक्स के लिए खेल रहा था तो ऐसा कर सकता था। जब मैंने डर्बीशर के खिलाफ अपनी पहली बड़ी पारी खेली तब मुझे लगा कि मैंने अपनी लय हासिल कर ली है। मेरी एकाग्रता और सब कुछ ठीक चल रहा था। मैंने ससेक्स के साथ बहुत अच्छा समय बिताया।

### रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र के लिए तीन मैच खेले

पुजारा ने कहा कि उन्हें काउंटी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा था, क्योंकि वह पहले से ही रणजी ट्रॉफी में अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने कहा, मैंने रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र के लिए तीन मैच खेले। वहां भी मुझे लय हासिल करने में मदद मिली। मुझे पता था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। पुजारा के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत तथा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा चार दिवसीय अभ्यास मैच में लीसेस्टरशर की तरफ से खेलेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच एक जुलाई से बर्मिंघम एजबेस्टन में होगा।

# शानदार गेंदबाजी से महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को हराया

## श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 34 रन से जीत दर्ज की

### भारतीय टीम ने 1.0 से बढ़त बनाई

### श्रृंखला का दूसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा

एजेंसी। दाम्बुला



**जेमिमा** रोड्रिगेज की वापसी पर खेली गई अहम पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 34 रन से जीत दर्ज की। महज 139 रन के स्कोर का बचाव करते हुए बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव (22 रन देकर दो विकेट) ने पावरप्ले के बाद अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और खतरनाक दिख रही श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू (16 रन) और हर्षिता मादावी (10 रन) को तीन गेंद के अंदर आउट कर दिया।

सात ओवर में श्रीलंका ने 27 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद टीम दबाव में आ गई और वह कभी भी लक्ष्य के करीब पहुंचती नहीं दिखी। फिर तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की कसी गेंदबाजी ने उसकी उम्मीदें तोड़ दी जिन्होंने चार ओवर में एक मेडन से 13 रन देकर एक विकेट झटका। दीप्ति शर्मा ने भारत को अच्छी शुरुआत कराई जिन्होंने सलामी बल्लेबाज वी गुणरत्ने (शून्य) को दूसरे ही ओवर में आउट कर दिया। इस सीनियर ऑफ स्पिनर ने पावरप्ले में बेहतरीन गेंदबाजी की और उन्होंने तीन ओवर में एक मेडन से नौ रन देकर एक विकेट झटका। दीप्ति ने साथ ही डीप स्कवायर लेग में दौड़ते हुए एक बेहतरीन कैच भी लपका जिससे राधा यादव को दिन का अपना दूसरा विकेट मिला। कविशा दिलहारी मेजबान टीम के लिए अकेले दम पर जुटी थी जिन्होंने 49 गेंद में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए लेकिन भारत की शीर्ष स्तरीय गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने सुनिश्चित किया कि उसकी टीम तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ले। मेजबानों को अंतिम पांच ओवर में 78 रन की दरकार थी और कविशा ने हरमनप्रीत कौर और राधा यादव के खिलाफ कुछ बाउंड्री लगाई। लेकिन इतना ही काफी नहीं था क्योंकि भारतीयों ने घरेलू टीम की रन गति पर लगाम कस रखी थी और उन्हें पारी में एक भी छक्का नहीं लगाने दिया।

शेफाली वर्मा ने अंतिम ओवरों में अमा कंचना (11) को आउट कर दिया जिसके बाद श्रीलंका की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 104 रन ही बना सकी। श्रृंखला का दूसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा।

### 17 ओवर में छह विकेट झटक लिए थे

शेफाली (31 रन) आउट होने वाली तीसरी खिलाड़ी रही जिन्हें अटापट्टू ने अपना शिकार बनाया जब वह बड़ा शॉट खेलने का प्रयास कर रही थीं। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी कर सुनिश्चित किया कि उन्हें जल्द ही बड़ा विकेट मिल जाए और ऐसा हुआ भी जब कप्तान हरमनप्रीत (22) 11वें ओवर में स्पिनर इनोका राणावीरा की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। राणावीरा ने दो और विकेट अपने नाम किए, उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष (11) और पूजा वस्त्राकर (14) के विकेट लेकर मेहमान टीम के 17 ओवर में छह विकेट झटक लिए थे जबकि उसका स्कोर महज 106 रन था। उन्होंने तीन चौके और एक छक्का जमाया और दूसरे छोर पर दीप्ति शर्मा ने आठ गेंद में 17 रन जोड़े।



# सिंगापुर तैराकी : श्रीहरि नटराज आंब्रे और गौड़ा को स्वर्ण

### भारत तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल पांच पदक जीते

एजेंसी। सिंगापुर

**तोक्यो** ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले श्रीहरि नटराज और माना पटेल ने गुरुवार को यहां सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारत ने पहले दिन पांच पदक अपनी झोली में डाले। प्रतिभावान तैराक मिहिर आंब्रे ने 50 मीटर बटरफ्लाई जबकि अनीष गौड़ा ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल का खिताब जीता।

राष्ट्रमंडल खेलों से पहले इस तैयारी प्रतियोगिता के पहले दिन भारत ने तीन स्वर्ण पदक जीते। शिवा श्रीधर ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 57.58 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक से कुल पांच पदक जीते। ओलंपिक मानक समय हासिल करने वाले सबसे युवा भारतीय तैराक नटराज ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 55.32 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक में माना ने एक मिनट 4.47 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता।

# बायर्न म्यूनिख ने सेनेगल स्टार सादियो माने से करार किया

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने बुधवार को लिवरपूल से सेनेगल के फारवर्ड सादियो माने के अनुबंध की औपचारिकता पूरी की। क्लब ने कहा कि 30 साल के सादियो माने ने जून 2025 तक बायर्न म्यूनिख से करार किया है। बायर्न म्यूनिख के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलिवर कान ने कहा, दुनिया में उनके जैसे खिलाड़ी काफी कम हैं। हमें पूरा भरोसा है कि सादियो माने आगामी वर्षों में अपने खेल से हमारे दर्शकों के चेहरे पर खुशियां लाएंगे। इस करार की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने पिछले शुक्रवार को एसोसिएटिड प्रेस से बताया था कि यह अनुबंध 4.10 करोड़ यूरो का है।

# संक्षिप्त समाचार

### मेदवेदेव, सिटसिपास आगे बढ़े, किर्गियोस ने नाम वापस लिया

**पाल्मा।** दानिल मेदवेदेव और स्टेफानोस सिटसिपास ने मालोर्का टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि निक किर्गियोस विंबलडन से पहले चोट से बचने के लिए इस टूर्नामेंट से हट गए। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव ने असलान करात्सेव को 4-6, 6-3, 6-2 से जबकि सिटसिपास ने इल्या इवाश्का को 6-4, 6-4 से पराजित किया। मेदवेदेव का सामना अब रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा, जो किर्गियोस के मैच से पहले हटने के कारण आगे बढ़े हैं। मेदवेदेव इस साल विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ऑल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस और उसके सहयोगी बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा रखा है। विश्व में छठे नंबर के सिटसिपास का अगला मुकाबला अमेरिका के मार्कोस गिरोन से होगा, जिन्होंने हमवतन मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराया।

### कर्बर, हालेप बैड होमबर्ग के क्वार्टर फाइनल में

**बैड होमबर्ग ( जर्मनी )।** एंजेलिक कर्बर और सिमोना हालेप ने बैड होमबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जबकि सबाइन लिसिकी ने वापसी के बाद जीत का सिलसिला जारी रखा। गत चैंपियन कर्बर ने लूसिया ब्रोंजेटी को 6-2, 6-3 से हराकर एलिजे कॉर्नेट से रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। कॉर्नेट ने तात्याना मारिया पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। पिछले सप्ताह बर्मिंघम में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद हालेप ने तमारा जिदानसेक को 6-0, 6-3 से हराकर ग्रासकोर्ट सत्र में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। इस रोमानियाई खिलाड़ी का अगला मुकाबला अमांडा अनीसिमोवा से होगा, जिन्होंने हमवतन अमेरिकी एन ली को 6-0, 6-2 से पराजित किया। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन बियांका आंद्रिस्कु ने केटी स्वान पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना से होगा। लिसकी लंबे समय तक घुटने की चोट के कारण बाहर रहने के बाद डब्ल्यूटीए टूर में वापसी कर रही हैं। वह फरवरी 2018 के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। उन्होंने ग्रीट मिनन को 6-3, 2-6, 6-2 से हराया।

### मलेशिया के लीजी जिया राष्ट्रमंडल खेलों से हटे

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑल इंग्लैंड चैम्पियन ली जी जिया ने अगस्त में होने वाली विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यभार प्रबंधन के लिए आगामी राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया है। विश्व में पांचवें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी के हटने से भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन के लिए बर्मिंघम खेलों में स्वर्ण पदक जीतना थोड़ा आसान हो जाएगा। सिंगापुर के विश्व चैंपियन लोह कीन यू भी दावेदारों में शामिल हैं। जी जिया ने ट्विटर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, यह मुश्किल फैसला था क्योंकि इससे पहले भी मैं लगातार दो टूर्नामेंट में खेला हूं लेकिन मुझे आराम की जरूरत है और (इसलिए) मुझे राष्ट्रमंडल और विश्व चैंपियनशिप में से किसी एक का चयन करना था। उन्होंने कहा, मैं पहले ही अपनी टीम के सदस्यों से बात कर चुका हूं और हमने विश्व चैंपियनशिप पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। राष्ट्रमंडल खेल 28 जुलाई से आठ अगस्त तक बर्मिंघम में होंगे, जबकि विश्व चैंपियनशिप 22 से 28 अगस्त तक तोक्यो में आयोजित की जाएगी।

### निराशा के बाद भारतीय महिला तीरंदाजी टीम फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय रिकर्व महिला तीरंदाजों ने क्वालीफिकेशन में खराब प्रदर्शन के बाद गुरुवार को वापसी करते हुए यहां चल रहे विश्व कप के तीसरे चरण के फाइनल में प्रवेश करके अपना पहला पदक पक्का किया। एक दिन पहले क्वालीफिकेशन दौर में सभी महिला तीरंदाज शीर्ष 30 से बाहर रही थी जिससे उन्हें 13वीं वरीयता मिली थी। लेकिन दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के सफर में यूक्रेन, ब्रिटेन और तुर्की को हराया। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना चीनी ताइपे से होगा। भारतीय महिला रिकर्व तिकड़ी ने सबसे पहले चौथी वरीय यूक्रेन को 5-1 (57-53 57-54 55-55) से हराकर बाहर किया। फिर क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ उन्होंने महज चार अंक गंवाए और अपने प्रतिद्वंद्वियों को 6-0 (59-51 59-51 58-50) से मात दी। सेमीफाइनल में हालांकि उनकी शुरूआत धीमी रही लेकिन भारत ने आठवीं वरीय तुर्की की गुलनाज कोस्कुन, एज्गी बसारण और यासमिन अनागोज की तिकड़ी को 5-3 (56-51 57-56 54-55 55-55) से पराजित कर दिया। भाग्य ने भी भारतीय महिला टीम का साथ दिया कि उन्हें शीर्ष वरीय कोरियाई टीम से नहीं भिड़ना पड़ा क्योंकि उसे आठवीं वरीय तुर्की ने क्वार्टरफाइनल में हराकर उलटफेर किया था।

# भारत फीफा रैंकिंग में दो पायदान चढ़कर 104वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम को एशियाई कप क्वालीफिकेशन में प्रभावशाली प्रदर्शन का फायदा गुरुवार को जारी ताजा फीफा विश्व रैंकिंग में मिला जिसमें वह दो पायदान के फायदे से 104वें स्थान पर पहुंच गई।

भारतीय टीम न्यूजीलैंड (103) से एक पायदान नीचे है जो इस महीने के शुरू में अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में कोस्टारिका से 0-1 से हारने के कारण विश्व कप में जगह बनाने से चूक गया था। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के सदस्यों में भारत पहले की तरह 19वें स्थान पर बना हुआ है। ईरान कुल 23वें स्थान और एएफसी देशों में शीर्ष स्थान पर बरकरार है। सुनील छेत्री की अगुवाई वाली टीम ने इस महीने की शुरुआत में एशियाई कप क्वालीफिकेशन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और ग्रुप डी में अपने तीनों लीग मैच जीतकर 2023 में होने वाले 24 टीम के फाइनल्स में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर बना हुआ है।

# चेन्नई ओपन शतरंज : सातवीं जीत के साथ नितिन शीर्ष पर



एजेंसी। चेन्नई

**अंतरराष्ट्रीय** मास्टर नितिन सेंथिलवेल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 के सातवें दौर में लगातार सातवीं जीत के साथ बढ़त बना ली। नितिन ने शीर्ष बोर्ड में बी विग्नेश को 99 चाल में हराकर अपने अंकों की संख्या को सात तक पहुंचाया।

टूर्नामेंट में अब जब तीन दौर का खेल बाकी है तब नितिन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों पर एक अंक की बढ़त बना ली है। शीर्ष वरीय रूस के बोरिस सेवचेंको और भारत के अंतरराष्ट्रीय मास्टर एलआर श्रीहरि छह अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

सेवचेंको को बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सेई फेडोरोव ने बराबरी पर रोका जबकि श्रीहरि ने जुबिन जिम्मी को हराया। अंतरराष्ट्रीरय मास्टर श्रीजित पॉल (ईएलओ 2399) उलटफेर का शिकार हो गए और उन्हें अपने से कम रैकिंग वाले दक्षिण अरूण (ईएलओ 1927) के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# खो-खो लीग में भाग लेगी ओडिशा सरकार के स्वामित्व वाली टीम

**नई दिल्ली।** ओडिशा सरकार ने जल्द शुरू होने वाली अल्टीमेट खो-खो लीग (यूकेके) में फ्रेंचाइजी टीम लेने का फैसला किया है।

यह दूसरा अवसर होगा जबकि नवीन पटनायक सरकार किसी फ्रेंचाइजी आधारित लीग से जुड़ेगी। इससे पहले उसके पास कलिंग लांसर्स का सह स्वामित्व था, जो हॉकी इंडिया लीग की एक फ्रेंचाइजी थी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार ओडिशा खेल विकास एवं संवर्धन कंपनी (ओएसडीपीसी) के स्वामित्व वाली टीम आगामी खो-खो लीग में पांचवीं टीम होगी।

वर्तमान में लीग में चेन्नई, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना की चार फ्रेंचाइजी टीम हैं। भारत के सबसे लोकप्रिय घरेलू खेलों में से एक खो-खो के आईपीएल शैली के टूर्नामेंट में भी दुनिया भर के खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है।

# भारत ने 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का चयन किया

**राष्ट्रमंडल खेल**

## इस बार टीम से रानी रामपाल बाहर

### गोलकीपर सविता पूनिया टीम की कप्तान होंगी

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** ने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए गुरुवार को 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का चयन किया जिसमें फिर से स्टार स्ट्राइकर रानी रामपाल को बाहर रखा गया है, क्योंकि वह चोट के बाद पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं कर पाई हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों की टीम अगले महीने विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीम के समान ही है। गोलकीपर सविता पूनिया टीम की कप्तान होंगी जबकि अनुभवी डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का 28 जुलाई से आठ अगस्त तक चलने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उप कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। दोनों खिलाड़ी विश्व कप में भी यही भूमिका निभाएंगी जिसकी सह मेजबानी एक से 17 जुलाई तक नीदरलैंड और स्पेन कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की टीम के लिए विश्व कप टीम में सिर्फ तीन बदलाव किए गए हैं। रजनी इतिमार्पू को बीचू देवी खरीबाम की जगह दूसरी गोलकीपर के तौर पर रखा गया है



### टीम के पास पदक जीतने का अच्छा मौका

टीम चयन के बारे में बात करते हुए मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा, हमने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अनुभवी टीम का चयन किया है और खिलाड़ियों का मानना है कि इस बार उनके पास एक पदक जीतने का अच्छा मौका है। उन्होंने कहा, एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी है और भली भांति समझती है कि उनसे काफी अधिक उम्मीदें लगी हैं। शॉपमैन ने कहा, हम अपना विश्व कप अभियान राष्ट्रमंडल खेलों से कुछ दिन पहले ही खत्म करेंगे तो हमारे लिए शारीरिक रूप से फिट टीम का चयन करना जरूरी था।

### राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला हॉकी टीम

**गोलकीपर** : सविता (कप्तान), रजनी इतिमार्पू

**डिफेंडर** : दीप ग्रेस एक्का (उप कप्तान), गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता

**मिडफील्डर** : निशा, सुशीला चानू, पुखराम्बाम, मोनिका, नेहा, ज्योति, नवजोत कौर, सलीमा टेटे

**फॉरवर्ड** : वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, शर्मिला देवी और संगीता कुमारी।

जबकि विश्व कप टीम सदस्य सोनिका (मिडफील्डर) को राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में शामिल नहीं किया गया है। फॉरवर्ड संगीता कुमारी को विश्व कप के लिए स्थानापन्न खिलाड़ियों में से एक चुना गया था लेकिन वह राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में पूर्ण सदस्य के तौर पर शामिल हैं। भारत को पूल ए में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ रखा गया है।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम तीन देशों के टूर्नामेंट में स्वीडन से हारी

## भारत अपने अगले मैच में 25 जून को अमेरिका से भिड़ेगा

एजेंसी। स्टाकहोम

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद दूसरे हॉफ के इंजुरी टाइम में गोल खाने के कारण तीन देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट में स्वीडन से 0-1 से हार गई। बुधवार की रात को खेले गए मैच स्वीडन की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर लिन विकियस ने 96वें मिनट (इंजुरी टाइम के छठे मिनट) में किया।

भारत ने शुरू से दबदबा बनाए रखा और गोल करने के कई अवसर बनाए लेकिन अंतिम क्षणों की चूक आखिर में उसे महंगी पड़ी। भारत को पहला बड़ा मौका मैच के 12वें मिनट में मिला जब मिडफील्डर मनीषा कल्याण ने अपनी टीम की साथी मार्टिना थोकचोम से मिले पास पर करारा शॉट जमाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के पास चला गया।



मनीषा को 35वें मिनट में फिर से गोल करने का मौका मिला, लेकिन स्वीडिश रक्षापंक्ति ने उनका प्रयास विफल कर दिया। स्वीडिश गोलकीपर एम्मा होल्मग्रेन ने इसके बाद 40वें मिनट में भारत का एक और मौका नाकाम किया।

दूसरी तरफ भारतीय गोलकीपर अदिति चौहान सतर्क थी। जब यह लग रहा था कि मैच ड्रॉ हो जाएगा तब विकियस ने स्वीडन के लिए महत्वपूर्ण गोल किया। भारत अपने अगले मैच में 25 जून को अमेरिका से भिड़ेगा।

### भारतीय अंडर-17 फुटबॉल टीम की इटली के हाथों 0-7 से करारी हार

उडिने (इटली)। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम को यहां चार देशों के टूर्नामेंट के पहले मैच में इटली से 0-7 से करारी हार का सामना करना पड़ा।थॉमस डेननरबी की कोचिंग वाली टीम ने शुरू में दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन इटली ने जल्द ही खेल पर नियंत्रण बना दिया। भारतीय गोलकीपर मोनालिसा ने 10वें मिनट में ड्रैगोनी का प्रयास विफल किया लेकिन इसके एक मिनट बाद मारिया रोसी के सामने उनकी एक नहीं चली। भारत के पास 30वें मिनट में गोल करने का मौका था, लेकिन अनिता का शॉट मामूली अंतर से लक्ष्य से चूक गया। अन्ना लोंगोबार्डी और गिउला ड्रैगनी ने 31वें और 33वें मिनट में गोल करके इटली को 3-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर के बाद 48वें मिनट में मैनुएला सियाबिका ने स्कोर 4-0 कर दिया। इसके बाद इटली ने दनादन दो गोल और दागे जबकि मार्ता जांबोमी ने 67वें मिनट में मैच का अंतिम गोल किया। भारतीय टीम अक्टूबर-नवंबर में होने वाले अंडर -17 महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में यूरोपीय दौरे में दो टूर्नामेंट में खेलेगी।

# मोहन बागान ने ब्रेंडन हामिल से दो साल का करार किया

एजेंसी। कोलकाता

**इंडियन** सुपर लीग की दिग्गज टीम एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) ने गुरुवार को आस्ट्रेलिया की ए लीग के स्टार डिफेंडर ब्रेंडन हामिल के साथ दो साल का करार करने की घोषणा की। इस करार की राशि का खुलासा नहीं किया गया है। मेलबर्न विक्ट्री टीम के 29 साल के सेंटर बैक हामिल एटीकेएमबी के स्पेन के चोटिल डिफेंडर टिरी की गैरमौजूदगी में टीम के डिफेंस की अगुआई करेंगे। टिरी का पूरे सत्र से बाहर होना लगभग तय है।

हामिल ने बयान में कहा, भारतीय फुटबॉल के बारे में मुझे जो पता है उसके अनुसार इस क्लब की परंपरा और ग्रीन एवं मरून जर्सी (एटीकेएमबी की जर्सी का रंग) की अहमियत काफी अधिक है। उन्होंने कहा, मैं भारत के इस लोकप्रिय क्लब को सफलता दिलाने को लेकर उत्सुक हूं। मैंने सुना है कि कोलकाता फुटबॉल का शहर है। इस क्लब के लाखों प्रशंसक हैं। हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को खुश करना है। दो अहम विदेशी खिलाड़ियों रॉय कृष्णा और डेविड विलियम्स के क्लब का साथ छोड़ने के बाद एटीकेएमबी का यह पहला बड़ा करार है। क्लब ने इससे पहले भारतीय मिडफील्डर आशिक कुरुनियन और डिफेंडर आशीष राय से भी अनुबंध किया।



# गंगजी कोरिया ओपन में 29वें स्थान के साथ शीर्ष पर भारतीय

**चिओनान ( कोरिया )।** भारत के राहिल गंगजी यहां कोलोन कोरिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में एक ओवर 72 के स्कोर के साथ भारतीयों के बीच सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 29वें स्थान पर चल रहे हैं। गंगजी 15 होल के बाद शीर्ष पांच में चल रहे थे लेकिन अंतिम तीन होल में बोगी में साथ वह नीचे खिसक गए।

गगनजीत भुल्लर दो ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर चल रहे हैं जबकि वीर अहलावत (78) और हनी बैसोया (80) संयुक्त 120वें और संयुक्त 133वें स्थान पर चल रहे हैं। अहलावत और बैसोया दोनों पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। अमेरिका के 35 साल के स्युंगसू हान ने तीन अंडर 68 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।